

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

छठ महापर्व
आज से शुरू



रांची | 25 अक्टूबर, 2025, शनिवार, वर्ष 11, अंक 07, कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







# बिहार को लालटेन की जरूरत नहीं: मोदी

■ प्रधानमंत्री ने कहा कि अहंकारी राजद ने झामुमो को झटक दिया

■ यह गठबंधन नहीं लठबंधन है आपस में ही लाठियां भांज रहे

● महागठबंधन में अटक दल है भटक दल है लटक दल है झटक दल है और पटक दल है

आजाद सिपाही संवाददाता

**समस्तीपुर/बेगूसराय।** बिहार चुनाव में प्रचार धीरे-धीरे धारदार होता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से बिहार में पूर्ण रूप से एक्टिव मोड में आ चुके हैं। चुनावी सभाएं लगातार चल रही हैं। मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभा को संबोधित किया। दोनों जनसभाओं में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। समस्तीपुर के बाद प्रधानमंत्री ने बेगूसराय में भी मोबाइल का टॉर्च चालू करवाया। उन्होंने लोगों से कहा कांग्रेस के राज में मोबाइल बनाने वाली दो फैक्ट्रियां थीं। अब 200 फैक्ट्रियां हैं। जब आपके हाथों में इतनी रोशनी है, तो क्या आपको लालटेन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन नहीं लठबंधन है। उनके लोग आपस में ही लड़ रहे हैं। लाठियां भांज रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महागठबंधन में अटक दल है, भटक दल है, लटक दल है, झटक दल है और पटक दल है। राजद बीते दो दशक में कोई चुनाव नहीं जीता है। लेकिन, अपने अहंकार में इनके लोग अटके हुए हैं। राजद ने झामुमो को इसी अहंकार में झटक दिया। बिहार में कांग्रेस को पटक दिया। वीआइपी को भटका दिया और वामदल को अटका दिया।





## पीएम मोदी बिहार के लिए बहुत काम कर रहे हैं: नीतीश कुमार

**समस्तीपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी बिहार के लिए बहुत काम कर रहे हैं। इसलिए अब जान लीजिये कि बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। नीतीश ने कहा कि भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर इसी गांव के रहने वाले थे। आज हम यहां आये हैं, ये खुशी की बात है। पीएम ने भी उनकी सही चीजों को देखा। 2005 से जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, तब से बिहार का विकास हो रहा है। हाल ही में महिलाओं के लिए हमने नयी योजना शुरू की है। जिसमें रोजगार के लिए 10 हजार रुपये दिये जा रहे हैं। अबतक 21 लाख महिलाओं को पैसे मिले हैं।



## 100 शहाबुद्दीन भी किसी का बाल बांका नहीं कर पायेंगे: अमित शाह




**सीवान (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सीवान से चुनाव प्रचार की शुरुआत की। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि 20 साल तक लालू-राबड़ी के जंगलराज को सीवान की भूमि ने सहा है। शहाबुद्दीन के खौफ को सीवान ने सहा, लेकिन सीवान के लोगों ने झुकने का नाम नहीं लिया। शहाबुद्दीन ने कारोबारी को तेजाब से नहला दिया था। इसी शहाबुद्दीन के बेटे को रघुनाथपुर से लालू यादव ने टिकट दिया है, लेकिन अब मोदी और नीतीश का राज है। 100 शहाबुद्दीन भी आ जायें तो किसी का बाल बांका नहीं हो सकता है। शाह ने कहा कि सच्ची दीपावली 14 नवंबर को होगी, जब लालू के बेटे का सूपड़ा साफ हो जायेगा। जंगलराज को नीतीश ने खत्म किया। गृह मंत्री ने कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला किया, लैंड फॉर जॉब घोटाला किया। हमारी सरकार लगातार बिहार के विकास के लिए काम कर रही है। सीवान के बाद अमित शाह ने बक्सर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं छठी मइया से यही आशीर्वाद चाहता हूं कि छठ मइया बिहार के लोगों पर अपना आशीर्वाद बनाये रखना, ताकि कभी यहां जंगलराज ना आये।

## फैक्ट्री गुजरात में, जीत चाहिये बिहार में : तेजस्वी यादव

चाचा नीतीश को इस बार भाजपा सीएम नहीं बनायेगी, भाजपा ने उन्हें हाइजैक कर लिया है

**पटना (आजाद सिपाही)।** महागठबंधन का सीएम फेस बनने के बाद तेजस्वी यादव ने शुक्रवार से चुनाव प्रचार को और धारदार बना रहे हैं। पटना से रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर जनता उन्हें मुख्यमंत्री बनाती है, तो बिहार के लोग चिंता मुक्त हो जायेंगे। हमारी राजनीति झूठ नहीं, भरोसे की है। वहीं सहरसा की एक रैली में तेजस्वी यादव ने कहा कि गुजरात के दो लोग बिहार को चलाने की कोशिश कर रहे हैं। मोदीजी गुजरात में फैक्ट्री लगायेंगे और जीत चाहिये बिहार में, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। हम बिहारी हैं, हम बाहरियों से नहीं डरते। अगर लालूजी मोदी से नहीं डरते, तो क्या उनका बेटा डरेगा। उन्होंने कहा कि बिहार सबसे पिछड़ा राज्य है। मेरे दिल में हमेशा यह दर्द रहता है। मेरी उम्र कच्ची है, लेकिन जुबान पक्की। मुझे सिर्फ एक मौका चाहिये। मैंने आपसे जो वादे किये हैं सब पूरा करूंगा। नीतीश चाचा को तो भाजपा ने हाइजैक कर लिया है। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा इस बार नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनायेगी। अमित शाह ने कह दिया है कि चुनाव के बाद विधायक लोग मिलकर फैसला लेंगे।





## न्यूज रील्स

### आंध्र प्रदेश में चलती बस में आग 20 जिंदा जले

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में चिन्नाटेकुर के पास एक निजी बस में आग लग गयी। हादसे में 20 यात्री जिंदा जल गये। कुर्नूल कलेक्टर के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह लगभग 3:30 बजे हुई। अब तक 11 शवों की पहचान हो गयी है, 9 के बारे में पता नहीं चल पाया है। बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। एनएच-44 पर बाइक में टक्कर हुई। बाइक बस के नीचे घुस गयी और फ्यूल टैंक से टकरा गयी। इससे बस में तुरंत आग लग गयी। हादसे में बाइक सवार शिवशंकर की भी मौत हो गयी। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। इनमें से कई जल गये। 19 ने कूदकर जान बचायी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के परिवारों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया। उन्होंने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। वहीं तेलंगाना सरकार बस हादसे में मारे गये राज्य के लोगों के परिवारों को 5 लाख और घायलों को 2 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

## चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 का शानदार आगाज

# झारखंड के खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है: हेमंत सोरेन

कलाकारों ने झारखंड की संस्कृति, लोक कला और परंपरा के जलवे बिखेरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 का विधिवत आगाज किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय के बाद चतुर्थ सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 के आयोजन की मेजबानी का अवसर झारखंड प्रदेश को मिला है, यह हमारे राज्य के लिए गर्व और सम्मान की बात है। इस आयोजन में दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों (भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल एवं श्रीलंका) के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस चैंपियनशिप के सफल आयोजन से राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठित होगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि खेल के प्रति झारखंड प्रदेश के नौजवानों में उत्साह और समर्पण देखने को मिलता है। विभिन्न खेल में यहां के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर दिखाया है। झारखंड के नौजवान एथलेटिक्स के क्षेत्र में भी काफी रुचि रखते हैं। इस चैंपियनशिप में देश के सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिले, इसके लिए हमें स्टेडियम में उपस्थित होकर उनका उत्साह बढ़ाना चाहिये। इस चैंपियनशिप में भी हमारे खिलाड़ियों पर हमें पूरा विश्वास है कि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से झारखंड और देश का गौरव बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का झारखंड राज्य हार्दिक अभिनंदन करता है।आज इन सभी खिलाड़ियों का यहां के कलाकारों ने झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति एवं लोक नृत्य के साथ स्वागत और अभिनंदन किया है। उन्होंने इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे सभी खिलाड़ियों तथा एथलेटिक्स फेडरेशन के प्रति आभार जताया।

**आधारभूत संरचनाओं का होगा बेहतर उपयोग:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं का बेहतर उपयोग करते हुए आने वाले समय में ऐसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहेंगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।




### मंत्री-विधायक समेत अन्य गणमान्य थे मौजूद

इस अवसर पर खेल विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, स्वास्थ्य विभाग के मंत्री इरफान अंसारी, कृषि विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, श्वेता सिंह और विधायक सुरेश बैठा के अलावा प्रेसिडेंट सैफ डॉ. ललित भनोट, पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू, पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्णा पूनिया और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# टेंडर घोटाला: संजीव लाल की पत्नी रीता लाल सहित आठ लोगों पर आरोप पत्र दायर

इडी कर रही जांच, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस थे संजीव लाल

तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम ने करोड़ों रुपये कमीशन के साथ इनोवा और फॉर्चुनर भी लिया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने ग्रामीण कार्य विभाग में हुए घोटाले में तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल की पत्नी रीता लाल सहित आठ लोगों के विरुद्ध पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया है। यह इडी द्वारा कोर्ट में दायर किया गया चौथा आरोप पत्र है। चार आरोप पत्रों में कुल अभियुक्तों की संख्या अब 22 हो गयी है। आरोप पत्र में कहा गया है कि ठेकेदार ने तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को कमीशन के रूप में बड़ी रकम और महंगी महंगी गाड़ियां दी। आरोप पत्र में इडी ने बताया है कि वीरेंद्र राम को किसने कब कितनी-कितनी कमीशन की राशि दी। उनके कमीशन का लेखा-जोखा कौन रखता था। दायर आरोप पत्र में संवेदक राजेश कुमार को भी अभियुक्त बनाया गया है। साथ ही उसकी कंपनी मेसर्स राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और परमानंद सिंह बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड को भी आरोपित किया गया है। संवेदक ने वीरेंद्र राम को टोयटा, इनोवा, टोयटा फॉर्चुनर जैसी महंगी महंगई गाड़ियां दी थी। पूछताछ के क्रम में संवेदकों ने बताया कि उन्होंने कमीशन के तौर पर 1.88 कोड़ रुपये भी दिये थे। संवेदक राधा मोहन साहु ने भी टेंडर हासिल करने के लिए वीरेंद्र राम को 39 लाख रुपये के अलावा टोयटा फॉर्चुनर दिया था। इसी तरह कमीशन की राशि का हिसाब-किताब रखने वाले अतिकुल रहमान को भी अभियुक्त बनाया गया है।




### कमीशन के पैसे से रीता लाल ने कई संपत्ति खरीदी

आरोप पत्र में बताया गया है कि संजीव लाल की पत्नी रीता लाल अपने पति को कमीशन के रूप में मिलने वाली राशि से कई तरह की संपत्ति खरीदी। बताते चलें कि इडी द्वारा की गयी छापेमारी में संजीव लाल के करीबी माने जाने वाले जहांगीर आलम के ठिकानों से 32.20 करोड़ की राशि जब्त की गयी थी।







### हुसैनाबाद में निजी अस्पताल की घोर लापरवाही

# ऑपरेशन के दौरान महिला की आंत काटी, इलाज के दौरान मौत

**आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम की, प्रशासन की पहल पर जाम हटा**



धनंजय कुमार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के ओवरब्रिज के समीप एक निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर हुई बड़ी लापरवाही से एक महिला की जान चली गयी। परिजनों के अनुसार, आर्यन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने गलती से महिला की आंत काट दी, जिसके बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। परिजनों ने तत्काल डॉक्टरों को सूचित किया, लेकिन हालत बिगड़ती चली गयी। बाद में महिला को रांची के निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां कई दिनों तक इलाज के बाद उसकी मौत हो गयी। मृतका की पहचान 48 वर्षीय कलावती देवी, पति रामचंद्र बैठा, निवासी जयनगरा (इंद्रपुरी, रोहतास, बिहार) के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि 14 अक्टूबर को उसका ऑपरेशन हुआ था। महिला की मौत की खबर जैसे ही गांव और परिजनों को मिली, गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार सुबह 7 बजे से जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम कुमार अंजन ने बताया कि मृतका घर की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उसका पति लकवा ग्रस्त है और दो बेटियां हैं जिनकी शादी अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन और अस्पताल से उचित मुआवजा मिले, तो परिवार की स्थिति कुछ हद तक सुधर सकती है। प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गयी, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीणों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस और अंचल अधिकारी पंकज कुमार मौके पर पहुंचे। समझाने-बुझाने के बाद प्रशासन की ओर से परिजनों को 20 हजार रुपये का चेक मुआवजे के रूप में दिया गया, जिसके बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। घटना ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की लापरवाही पर सवाल खड़ा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों उक्त निजी क्लीनिक में ही हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बैरांव गांव की महिला संजू देवी की मौत हो गयी थी। इसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया है।

# चंदवा में आदिवासी बच्ची की इलाज के अभाव में मौत

### बच्ची के माता-पिता ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

मुकेश सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के शहर से सटे हड़कड़वा ग्राम के रहने वाला राजू मुंडा की 8 वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी के सिर में दर्द उठा। माता-पिता उसे चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को ग्यारह बजे पहुंचे। वहां पर आरबीएसके डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा के द्वारा बच्ची का इलाज किया गया। डॉक्टर ने कोमल को दवा देकर उसे घर जाने को कह दिया गया। इधर परिजन अस्पताल में ही एडमिट करने के लिए कह रहे थे। परंतु डॉक्टर ऐसा नहीं किये और बच्ची को वापस घर



भेज दिये। घर ले जाने के बाद कुछ ही घंटे में कोमल कुमारी का तबीयत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजन फिर चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां कुछ घंटे के बाद बच्ची की मौत हो जाती है। कोमल कुमारी के पिता राजू मुंडा और माता ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। बार-बार एडमिट करने की गुहार के बाद भी बच्ची का ठीक से इलाज नहीं किया गया जिसके चलते बच्ची की मौत हो गयी। इधर, इस संबंध में कोमल कुमारी को इलाज करने वाले डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा से बात की गयी तो उनके द्वारा किसी तरह का कोई बात नहीं कही गयी। साथ ही चंदवा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी से पूछे जाने पर उनके द्वारा बतलाया गया कि इलाज तरुण जोश लकड़ा के द्वारा किया गया है।

मैं उनसे पूरी जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाऊंगी। इधर, इस संबंध में लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलाखो से दूरभाष पर इस खबर की जानकारी लेने के लिए पूछा गया तो उन्होंने बतलाया कि मुझे जानकारी नहीं है।

# 21 साल बाद घर लौटे मृत मान लिये गये अयोध्या सिंह, गांव में उमड़ी भीड़, भावुक हुए परिजन

**मानसिक रूप से कमजोर होने का फायदा उठाकर लोगों ने बिना मजदूरी दिये कराया काम**

**ट्रक ड्राइवर की मदद से अयोध्या सिंह आखिरकार 21 साल बाद अपने गांव लौटे**




आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई/गढ़वा।** गढ़वा जिले के डंडई प्रखंड अंतर्गत रारो गांव के चिनुखरा टोला में उस वक्त खुशी का माहौल छा गया, जब लगभग 21 साल पहले लापता हुए अयोध्या सिंह (पिता. स्व. प्यारे सिंह) अचानक अपने घर लौट आये। परिवार और ग्रामीणों के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं, क्योंकि परिजनों ने उन्हें मृत मान लिया था। जानकारी के अनुसार, अयोध्या सिंह वर्ष 2004 में अपने गांव के कुछ साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। वे अपने साथी से बिहार के डेहरी में बिछड़ गये, परिजनों ने हरसंभव खोजबीन की, रिश्तेदारों से लेकर पुलिस तक हर जगह पूछताछ की, लेकिन सालों तक कोई जानकारी नहीं मिली। उस समय उनके पास न मोबाइल था, न ही कोई पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड। धीरे-धीरे उनका आधुनिक दुनिया से संपर्क पूरी तरह टूट गया।

**गांव में उमड़ी भीड़, पहचानना हुआ मुश्किल :** अयोध्या सिंह को देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। 21 साल के लंबे अंतराल के कारण, अयोध्या सिंह न तो गांव के लोगों को ठीक से पहचान पा रहे थे और न ही लोग अयोध्या सिंह को। यह दृश्य बेहद भावुक करने वाला था, जहां कई ग्रामीण आंखों में आंसू लिए खड़े थे। अपने बेटे को सामने पाकर परिजन फफक-फफक कर रो पड़े, जो वर्षों के इंतजार और पीड़ा के बाद मिली खुशी का इजहार था।

## 21 साल की दर्दनाक आपबीती

घर लौटने के बाद अयोध्या सिंह ने अपनी 21 साल की दर्दनाक आपबीती सुनायी। उन्होंने बताया कि 2004 में बिछड़ने के बाद उनका मानसिक संतुलन कुछ हद तक बिगड़ गया था। पेट भरने के लिए उन्होंने कई जगहों पर मजदूरी की, लेकिन कई स्थानों पर लोगों ने उन्हें बंधक बनाकर काम कराया। अयोध्या सिंह ने बताया जहां भी काम करते थे, लोग हमें वहीं रख लेते थे और जाने नहीं देते थे। मजदूरी भी नहीं दी जाती थी, बस खाना खिलाते थे। कई बार भागने की कोशिश की, लेकिन न मोबाइल था, न पैसे — इसलिए घर लौट नहीं पाया। उन्होंने यह भी कहा कि नाम-पता बताने के बावजूद किसी ने उन्हें घर पहुंचाने में मदद नहीं की। सभी लोग उनसे काम करवाने के लिए उन्हें अपने पास रख लेते थे।

## ट्रक ड्राइवर बना इंसानियत की मिसाल


अयोध्या ने बताया कि पिछले करीब छह साल से वे कोलकाता के डायमंड हार्बर, मदर हाट ब्रिज के नीचे स्थित मां काली होटल में रहते और काम करते थे। वहीं उनकी कुछ दिन पहले मुलाकात बिहार के एक ट्रक ड्राइवर से हुई, जो कोलकाता रूट पर ट्रक चलाता था। अयोध्या ने जब उस ड्राइवर को अपनी कहानी और गांव का पता बताया, तो ड्राइवर ने इंसानियत दिखाते हुए उन्हें ट्रक से घर तक छोड़ने का निर्णय लिया। इसी ट्रक ड्राइवर की मदद से अयोध्या सिंह आखिरकार 21 साल बाद अपने गांव रारो, चिनुखरा टोला वापस लौट आये। घर वापसी से अयोध्या सिंह के परिवार और पूरे गांव में भारी खुशी और उत्साह का माहौल है।

# सात साल से अधूरा पड़ा पुल निर्माण, जोखिम उठा नदी पार करने को विवश हैं ग्रामीण

राहुल कुमार

**सरयू (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत एवं गारू प्रखंड के करवाई पंचायत को जोड़ने वाली करवाई नदी पर पुलिया का निर्माण कार्य आज से सात वर्ष पहले करोड़ों रुपये की लागत से प्रारंभ किया गया था, जो आज तक अधर में लटका हुआ है। पुलिया का निर्माण कार्य अधुरा रहने का जिम्मेवार संवेदक को कहा जाये या विभागीय उदासीनता।

**क्या है स्थिति :** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत एवं गारू प्रखंड के करवाई पंचायत को जोड़ने वाली करवाई नदी पर पुलिया का निर्माण कार्य आज से सात वर्ष पहले प्रारंभ किया गया था। इस पुलिया के निर्माण होने से ग्राणीणों को गारू जाने के लिए महज 10 किलोमीटर की दूरी ही तय करना पड़ता। परंतु निर्माण कार्य नहीं होने से आज 35 किमी दूरी तय करना पड़ता है। पुल निर्माण अधूरा रहने से ग्रामीणों को आज भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आज भी लोग नदी पार कर अपने गंतब्य स्थान तक पहुंचने को विवश हैं। विशेषकर बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर इतना बढ़ जाता है कि विद्यालय जाने वाले बच्चों एवं मरीजों को घंटों तक नदी का पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है। आज भी लोगों को आपातकालीन परिस्थिति में गंभीर खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इस पुलिया के निर्माण हो जाने से गारू, महुआडांड़, छिपादोहर, बरवाडीह, बेतला के साथ-साथ मेदिनीनगर की दूरी तय करना काफी कम हो जायेगा।



## अब तक कई लोग गंवा चुके हैं जान

करवाई नदी को पार करने के दौरान अब तक कई लोग जान गवां चुके हैं। जिसमें गणेशपुर पंचायत के दोरहा टोला निवासी सुरेंद्र कोरवा करीब 2 वर्ष पहले विशाखापटनम से काम कर अपने घर जाने के क्रम में नदी पार करने के दौरान बाढ़ के तेज बहाव में बह गया था। काफी खोजबीन करने के चार दिन बाद शव बरामद किया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुरेंद्र कोरवा बचाने के लिए हमलोगों को आवाज दे रहा था। परंतु नदी में बाढ़ एवं पानी के तेज बहाव होने के कारण हमलोग उसे बचा नहीं पाये थे। काश पुल बना होता तो सुरेंद्र की जान नदी में बहने से नहीं होती। अब तक दर्जनों लोगों ने नदी पार करने के दौरान अपनी जान गवां चुके हैं।

## सड़क तो बनी, नहीं बन पाया पुल

ग्रामीण फूलचंद सिंह, कुलेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, ग्राम प्रधान राजदेव सिंह ने कहा कि करोड़ों की लागत से गणेशपुर से होते कारवाई गारू मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण तो कर दिया गया है। लेकिन पुल अधूरा रहने के कारण इस सड़क का कोई महत्व नहीं रह गया है। हमारे द्वारा पुलिया निर्माण कार्य में मजदूरी किया गया था। लेकिन संवेदक के द्वारा दर्जनों मजदूरों का मजदूरी का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। सड़क और पुल दोनों के निर्माण का उद्देश्य दो प्रखण्डों को जोड़ कर दुरी कम करना था। वहीं श्यामबिहारी सिंह ने कहा कि पुलिया निर्माण के साथ-साथ रोड निर्माण के लिए मेरे एवं स्व. अमल सिंह के द्वारा सरकार को जमीन दी गयी थी। जिस उद्देश्य से जमीन दिये थे सब पर पानी फिर गया। हमारे बच्चों को नदी पार कर विद्यालय जाना पड़ता है, जिससे हमेशा डर लगा रहता है।

## उपप्रमुख ने क्या कहा-

उपप्रमुख सुनिल उरांव ने कहा कि पुलिया का निर्माण हो जाने से गारू प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों की दूरी काफी कम हो जायेगी। वाहन का आवागमन प्रारंभ हो जायेगा जिससे रोजगार का साधन भी बढ़ेगा। गारू हाट बाजार कर आने-जाने में नदी को पार करना पड़ता है। जो काफी जोखिम भरा है। अब तक दर्जनों लोग नदी में बह कर जान गवां चुके हैं।

### झामुमो की उपेक्षा करने पर भड़के सांसद विजय हांसदा, बोले

# हमने दिखायी दरियादिली लेकिन नहीं मिला सम्मान

**बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के राजद और कांग्रेस ने झामुमो को स्थान नहीं दिया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के राजद और कांग्रेस ने झामुमो को स्थान नहीं दिया है, इससे झारखंड झामुमो नेता नाराज चल रहे हैं और पार्टी फोरम में विचार कर अपना पक्ष रख रहे हैं। इस मामले में झामुमो कोटे के राजमहल सांसद विजय हांसदा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## झामुमो को दरियादिली का नहीं मिला फायदा

परिसदन में लोगों की समस्या सुनने पहुंचे सांसद विजय हांसदा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए बताया कि जिस तरह हमारे नेता हेमंत सोरेन ने महागठबंधन के लिए दरियादिली दिखायी, लेकिन उस अनुरूप में बिहार विधानसभा चुनाव में सम्मान नहीं मिला। इस मामले में आगे पार्टी फोरम पर बात रखी जायेगी और निर्णय लिया जायेगा।

## राजद और कांग्रेस ने नहीं निभायी अपनी जिम्मेदारी

सांसद ने कहा कि जिस वक्त झारखंड में महागठबंधन हुआ तो झामुमो ने बड़े भाई की भूमिका निभायी थी, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जब प्रारूप तैयार हो रही थी, तब बड़े भाई की भूमिका में आरजेडी और कांग्रेस थे। इसी उम्मीद के साथ चर्चा चल रही थी और जो निष्कर्ष निकलना चाहिए था, वह नहीं निकला और इस मामले में पार्टी के वरीय नेता ने अपना पक्ष साफ तौर पर रखा है।

## डीएमएफटी फंड पर भाजपा को दिया जवाब

वहीं डीएमएफटी फंड को लेकर बीजेपी द्वारा उठाये गये सवाल पर झामुमो सांसद विजय हांसदा ने कहा कि हमारे यहां डीएमएफटी फंड को सही जगह खर्च किया जा रहा है और इस पर समीक्षा भी होती है। उन्होंने कहा कि जहां तक प्रभावित क्षेत्र में खर्च नहीं होने की बात है, इस पर दिशा की बैठक में किये गये कार्यों की सूची मांगी जायेगी और समीक्षा की जायेगी। इस दौरान सांसद विजय हांसदा ने परिसदन में सैकड़ों ग्रामीणों की समस्या सुनी और निदान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य के अलावा कई इ-रिक्शा चालकों ने ज्यादा टोल टैक्स लेने की भी शिकायत की। जिस पर सांसद ने अधिकारियों से वार्ता कर निदान करने का निर्देश दिया।

## हिंडाल्को मूरी वर्क्स लिमिटेड के खिलाफ एक दिवसीय अनशन करेंगे राजू कुमार महतो



**मूरी (आजाद सिपाही)।** विस्थापित राजू कुमार महतो 26 सूत्री मांगों के समर्थन में हिंडाल्को मूरी वर्क्स लिमिटेड के खिलाफ एक दिवसीय अनशन की घोषणा की है। यह अनशन 30 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक हिंडाल्को गेट के सामने आयोजित किया जायेगा। राजू कुमार महतो की प्रमुख मांगों में लोकल युवाओं के रोजगार, स्थानीय 75 प्रतिशत युवाओं को रोजगार को सुनिश्चित करने और अस्थाई कर्मचारियों के आश्रितों को पुनः रोजगार देने की मांग सहित 26 मांगे हैं। राजू कुमार महतो ने कहा कि यह अनशन सांकेतिक है।

### प्रदीप बलमुचू ने कांग्रेस का पक्ष रखा, बोल-

# सीट बंटवारे में राजद ने सुनाया था फैसला तो कांग्रेस कैसे हुई दोषी?

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिहार बिधानसभा चुनाव में राजद की ओर से झामुमो को सीट नहीं दिये जाने पर झामुमो नेताओं के बयान पर कांग्रेस नेता ने प्रतिक्रिया दी है। झारखंड में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू ने कहा है कि बिहार में राजद ने झामुमो को चुनाव लड़ने के लिए सीट नहीं दी है तो इसके लिए कांग्रेस दोषी क्यों है? समीक्षा बैठक का मतलब झामुमो तीसरे विकल्प के साथ गठबंधन करना चाहती है। इस मामले के संदर्भ में कांग्रेस नेता प्रदीप बलमुचू ने बातचीत में कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार में झामुमो बड़े भाई के रूप में है और उनका निर्णय सर्वोपरी है। उनके साथ कांग्रेस, आरजेडी मिलकर काम कर रहे हैं, ऐसे में बिहार में 6 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की गई थी लेकिन झामुमो ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की, उन्हें उम्मीदवार के नाम की घोषणा करनी चाहिए थी। गठबंधन



में मिलजुलकर काम होता है, ताकि सामने वाले दल को पराजित किया जा सके।

## कांग्रेस कैसे हुई दोषी?

उन्होंने बताया कि बिहार में चुनाव लड़ने के लिए सीट बंटवारे में राजद ने अपना फैसला सुनाया था, कांग्रेस इसके लिए दोषी नहीं है। इस मामले मे बैठक कर वार्ता करना था लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा का यह बयान कि समीक्षा बैठक के बाद निर्णय लेंगे। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं खिचड़ी पक रही है और कोई तीसरा विकल्प सामने आने वाला है। क्योंकि अगर राजद ने सीट नहीं दिया तो कांग्रेस पर आरोप क्यों। कांग्रेस नेता प्रदीप बालमुचू ने बताया कि गठबंधन में कुछ देना कुछ खोना पड़ता है।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 6 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इधर बिहार में सीट बंटवारें में झारखंड मुक्ति मोर्चा को सीट नहीं मिलने पर झामुमो नेताओं ने बयान दिया है कि चुनाव के बाद इस मामले में समीक्षा बैठक करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.0 °C | 20.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.50 बजे |

# पूरे झारखंड में फैला हुआ है डीएमएफटी फंड घोटाला : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने बाबूलाल मरांडी ने राज्य में उजागर हो रहे जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड घोटाले पर कड़ी आपत्ति जतायी है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा, मैंने पहले भी कहा था, डीएमएफटी घोटाले में बोकारो सिर्फ एक झांकी है, असल में यह भ्रष्टाचार पूरे झारखंड में फैला हुआ है। अब कोडरमा और धनबाद से भी घोटालों के नये तथ्य सामने आ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आम तौर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के अधिकारी एक जिले से दूसरे जिले में अनुभव लेकर जाते हैं, लेकिन झारखंड सरकार में अधिकारी अपने साथ



अपने पुराने दलालों और ठेकेदार साझेदारों को भी ले जाते हैं। मरांडी ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार, कोडरमा में उपायुक्त रहते हुए आदित्य रंजन ने डीएमएफटी फंड से स्किल डेवलपमेंट के नाम पर प्रबंधन एवं उद्यमिता एवं व्यावसायिक कौशल परिषद (एमइपीएससी) और तितली फाउंडेशन के साथ मिलकर जमकर लूट मचायी। अब जब वे धनबाद के उपायुक्त बने हैं, तब वही खेल दोबारा शुरू हो गया है। यहां भी एमइपीएससी और तितली फाउंडेशन के साथ सांठगांठ कर डीएमएफटी फंड को फिर से लूटा जा रहा है। इस लूट की स्क्रिप्ट इतनी चालाकी से लिखी गयी है कि टेंडर की शर्तों में बदलाव कर मनचाही कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे कोडरमा में वर्ष 2022-24 के दौरान डीएमएफटी फंड के उपयोग की उच्च स्तरीय जांच करायें, आदित्य रंजन और प्रांजल मोदी के बीच के रिश्तों की भी पड़ताल करवायें। उन्होंने धनबाद में डीएमएफटी फंड से जुड़े सभी चल रहे टेंडर प्रक्रियाओं को तत्काल रोककर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराने की मांग भी की।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृष** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# घाटशिला उपचुनाव : झामुमो के दिग्गज उतरे मैदान में

## बेटे के लिए वोट मांगने निकलीं स्व. रामदास सोरेन की पत्नी सूरजमनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को झामुमो के प्रत्याशी के समर्थन में महिलाओं की शक्ति देखने को मिली । सैकड़ों की संख्या मे महिलाओं ने खुद चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालते हुए गांव-गांव चुनावी प्रचार किया। चुनावी प्रचार का नेतृत्व चाइबासा की सांसद जोबा मांझी खुद संभाल रखी, साथ में सरायकेला, ईचागढ़ विधायक सबिता महतो और पूर्व सांसद सुमन महतो थीं। चुनावी प्रचार में मुख्य रूप से स्वर्गीय रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सुरजमनी थी, जो पहली बार अपने पूत्र के लिए चुनावी प्रचार में निकली है, आपको बता दें कि महिलाओं की टीम ने सबसे पहले मुसाबनी के माटीगोड़ा में जन संपर्क किया। इसके साथ साथ , कुलामाड़ा, दीगड़ी, इचड़ा, रोआम समेत दर्जनों गांव में जन संपर्क चलाकर झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद सोरेन के पक्ष मे वोट देने की अपील की।

## झारखंड का हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर रहा : उमाकांत रजक

### उमाकांत रजक ने सोमेश सोरेन संग किया गालूडीह जोन का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जनसंपर्क अभियान को और मजबूती देते हुए चंदनक्यारी के विधायक उमाकांत रजक ने शुक्रवार से अपना सक्रिय योगदान दिया। इस क्रम में उन्होंने झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के साथ गालूडीह जोन के विभिन्न पंचायतों – बनकाटी, हेंदलजुड़ी, महुलिया, जोड़सा, बागुडिया, बड़ाखुर्शी एवं उल्दा का व्यापक दौरा किया। उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड ने 25 वर्षों में वह परिवर्तन देखा है जिसकी कल्पना राज्य निर्माण के समय की गयी थी। आज झारखंड के बच्चे-बच्चियां



विदेशों में देश का नाम रौशन कर रहे हैं, जो राज्य की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। इस मौके पर झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने विधायक उमाकांत रजक का स्वागत करते हुए कहा कि मेरे लिए यह चुनाव किसी पद या लाभ का माध्यम नहीं, बल्कि अपने बाबा स्व. रामदास सोरेन के अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प है। मैं एक इंजीनियर हूं, लेकिन अपने क्षेत्र और अपने लोगों के लिए सेवा का भाव लेकर मैदान में उतरा हूं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने गुरुजी अमर रहें, स्व. रामदास सोरेन अमर रहें, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, सोमेश सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाकर जनसंपर्क सभा को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस मौके में प्रत्याशी सोमेश सोरेन के साथ सागेन पूर्ति, विक्टर सोरेन, कालीपद गोराई, जगदीश भकत प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू आदि नेता उपस्थित थे।

# डीएमएफटी फंड को केंद्र सरकार ने घटाया : डॉ तनुज खत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने डीएमएफटी फंड को 30 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, जिससे झारखंड के खनन प्रभावित जिलों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे कंपनियों को फायदा हो रहा है, जबकि झारखंड को नुकसान हो रहा है। डॉ तनुज खत्री ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2015-2021 की अवधि में डीएमएफटी फंड के उपयोग में गंभीर अनियमितताएं पायी गयीं। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि भाजपा सरकार के समय हुए घोटालों की जिम्मेदारी भाजपा की है। डॉ तनुज खत्री ने केंद्र सरकार से मांग की है कि डीएमएफटी योगदान दर में बढ़ोतरी की जाये, जिससे खनन प्रभावित जिलों के हितों की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ



डीएमएफटी फंड का उपयोग कर रही है, लेकिन केंद्र सरकार की नीति के कारण स्थानीय लोगों तक पर्याप्त धन नहीं पहुंच पा रहा है।

बाबूलाल मरांडी को भ्रम फैलाने के बजाय केंद्र सरकार से लीज की राशि बढ़ाने की बात करनी चाहिए।

बाबूलाल मरांडी बार-बार उन घोटालों का जिक्र करते हैं, लेकिन कैग की रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि भाजपा की नीतियों और प्रबंधन में ही असली कमी थी।

# रामदास सोरेन का बेटा ही घाटशिला विधानसभा के विकास को दे सकता है रफ्तार : डॉ लुईस मरांडी

### झामुमो वादा और इरादा का पक्का : निरल पूर्ति

### सुंदरडीह गांव में ग्राम प्रमुखों के साथ बैठक कर जीत की बनायी रणनीति



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत को लेकर मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति और जामा विधानसभा की विधायक डॉक्टर लुईस मरांडी के द्वारा धालभूमगढ़ प्रखंड के मदश्री पंचायत के सुंदरडीह ग्राम में ग्रामीणों के साथ बैठक कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश सोरेन की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श किये। इस मौके पर मझगांव विधायक निरल पूर्ति ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में पूरा विधानसभा क्षेत्र खड़ा है। धालभूमगढ़ प्रखंड के मदश्री पंचायत के सुंदरडीह ग्राम में ग्राम प्रमुखों के साथ बैठक कर झामुमो की बड़ी जीत सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें ग्राम प्रमुखों ने एक बड़ी जीत झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी को दिलाने का संकल्प किया है। विधायक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता लोगों के बीच पहुंच रहे हैं, क्योंकि घाटशिला विधानसभा पूर्व मंत्री स्व. रामदेव सोरेन का सीट था, आम जनता उन्हें एक अभिभावक की तरह मानती थी। घाटशिला विधानसभा में विकास के कई कृतिमान स्थापित किये हैं। आज जब स्व. रामदास सोरेन हमारे बीच नहीं रहे तो उनका बेटा सोमेश सोरेन उनके विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। यह हम सभी को सुनिश्चित करना होगा कि एक विकास पुरुष का वंशज ही घाटशिला विधानसभा को तेजी के साथ आगे ले जा सकता है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी धनबल और झूठा प्रचार कर जनता को दिगभ्रमित करने का प्रयास कर रही है। यह प्रयास कभी सफल होने वाला नहीं है। क्योंकि घाटशिला विधानसभा की जनता आगे विकास के रास्ता को देख रही है । यही कारण है कि झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन को दोगुना मत से जीत दिलाने के लिए गांव-गांव में तैयारी शुरू हो गयी है। यह पूरे झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए ऐतिहासिक जीत साबित होगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे राज्य के विकास को गति देने में लगे हुए हैं। महिलाओं को सम्मान के साथ प्रत्येक माह मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है । महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहे यह मुख्यमंत्री का सोच है।

वहीं जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व मंत्री स्व. रामदास सोरेन ने घाटशिला विधानसभा को विकास के पटरी पर लाया है, अब उनकी जगह उनका बेटा सोमेश सोरेन विकास के गति को आगे बढ़ाने के लिए आप लोगों के पास खड़ा है। इसलिए जो विकास का रास्ता शुरू किया गया है उन्हें आगे बढ़ाने में आपका कीमती वोट बहुत जरूरी है।

# सबका जवाब जनता जनार्दन है, हिसाब करेगी : हफीजुल



### मंत्री हफीजुल हसन, एमटी राजा और हिदायतुल्लाह खान ने मांगा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुसाबनी (पूर्वी सिंहभूम)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपनी जनसंपर्क रफ्तार को और तेज कर दिया है। शुक्रवार को झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने मुसाबनी प्रखंड के बदिया, ईदगाह मुहल्ला, मोहुलबड़ा सहित कई गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री के साथ राजमहल विधायक एमटी राजा और राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान भी मौजूद रहे। जनसमूह को संबोधित करते हुए नेताओं ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हिदायतुल्ला खान ने अपने वक्तव्य में कहा कि, सोमेश सोरेन पेशे से एक पढ़े लिखे इंजीनियर हैं। कहीं नौकरी करते तो 1 लाख से अधिक प्रति माह की तनख्वा हो सकती थी,परंतु असमय उनके पिता के मृत्यु के बाद उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हुए वे मैदान में उतरे। वहीं राजमहल विधायक एमटी रजा ने कहा कि केंद्र की सरकार सिर्फ जाती धर्म को आपस ने लड़ाने का काम कर रही है, राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को झामुमो सफलता से धरातल पर उतारी जिस कारण गठबंधन को दोबारा राज्य की जनता ने पूरे बहुमत से चुना है। यहां घाटशिला में जो अधूरे काम रह गये हैं उनकी भी आने वाले दिनों में पूरा करने की दिशा में गठबंधन की सरकार प्रतिबद्ध है,और आपका आशीर्वाद रहा तो वो भी पूरा होगा उसके लिए आपको झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन को जितवाना होगा । मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि एक पढ़े लिखे लड़के की सोच हमेशा से खूबसूरत समाज को तैयार करने का सोच होगा।

# परिवर्तन होगा तभी विकास संभव है : बाबूलाल मरांडी





### घाटशिला विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर जनसंपर्क साध रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर जनसंपर्क साध रहे हैं। जनता की समस्याओं को सुन रहे हैं। कह रहे हैं घबराना नहीं है। परिवर्तन होगा तभी विकास संभव है। भाजपा का विधायक बनाइये। बाबूलाल मरांडी इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर काम कर रहे हैं। सभी को टास्क दिया गया है। बूथ से लेकर पंचायत तक भाजपा के सभी कार्यकर्ता सक्रिय हैं। वहीं भाजपा की मुखर आवाज भानु प्रताप शाही भी बाबूलाल के साथ कदमताल किये हुए हैं। वह सरकार की कमियों को मजबूती से जनता के सामने रख रहे हैं। उनका कहना है कि बाबूलाल सोरेन को जिताना है तभी घाटशिला का विकास संभव है।

# पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता 65 पंचायतों के 32 हजार घरों तक पहुंचा रहे हैं साड़ी, कंबल और छठ पूजन सामग्री

### पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता आठ वर्षों से कर रहे हैं छठ व्रतियों की सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर गरीब और जरूरतमंद छठ व्रतियों की सेवा का अनूठा उदाहरण पेश कर रहे हैं, पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता। लगातार आठ वर्षों से वह



विधानसभा क्षेत्र के 65 पंचायतों और 413 गांवों के जरूरतमंद छठ व्रतियों के घरों तक साड़ी, कंबल और पूजन सामग्री वितरित कर रहे हैं। इस कार्य की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई थी और यह बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के हर घर तक पहुंचाई जाती है। इस वर्ष भी लगभग 32,000 छठ व्रतियों को सहयोग स्वरूप साड़ी, कंबल, पूजन की सामग्री, जैसे नारियल, हल्दी, फल, अगरबत्ती, माचिस, चूड़ी और बिंदी जैसी सामग्री झोले में पैक कर भेजी जा रही है। पैकिंग का कार्य नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) स्थित मौर्या फार्म हाउस में युद्धस्तर पर चल रहा है, जिसमें विधायक की पत्नी किरण मेहता समेत परिवार के सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक सक्रिय रूप से जुटे हैं। सेवा और समर्पण की इस भावना को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता राजनीति से ऊपर उठकर निभा रहे हैं। वह बताते हैं कि छठ पर्व व्रतियों के प्रति यह सहयोग एक लोक सेवा का संकल्प है, जिसे वह आगे भी जारी रखेंगे।

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

भर्ती अधिसूचना - अंतिम तिथि में विस्तार

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ESSE) - 2025

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत नेस्ट्स (NESTS) ने देश भर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (EMRS) में शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।

**रिक्तियां:** **प्रधानाचार्य** (225), **स्नातकोत्तर शिक्षक (PGTs)** (1460), **प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGTs)** (3962), **महिला स्टाफ नर्स** (550), **छात्रावास वार्डन (पुरुष/महिला)** (635), **लेखाकार** (61), **कनिष्ठ सचिवालय सहायक (JSA)** (228), **प्रयोगशाला परिचर** (146)।

विस्तृत अधिसूचना NESTS की वेबसाइट/ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन करने की अंतिम तिथि **28.10.2025 (रात्रि 23:55 बजे तक)** बढ़ाई गई है। तथापि, ESSE-2025 अधिसूचना में उल्लिखित अनुसार पात्रता मानदंड निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि **23.10.2025** ही रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी NESTS की वेबसाइट **www.nests.tribal.gov.in** अथवा लिंक **https://t.co/CG8LqFvGbK** के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

जारीकर्ता: NESTS

## कांग्रेस ने वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान विभिन्न क्षेत्रों में चलाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्र में घूम- घूम कर कार्यकर्ताओं और आम जनों से हस्ताक्षर कराया गया। अगुआई झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष संजय कुमार सेठ ने की। इसमें भारत के संविधान के तहत प्राप्त अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। नगर का श्री अध्यक्ष सेठ ने बताया कि पिछले 15 दिनों से झारखंड प्रदेश के निर्देश पर हस्ताक्षर कराया जा रहा है, जिसे 25 नवंबर को जिलाध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश में जमा करनी है। इस दौरान झारखंड प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार आम जन सहित विशेष रूप से समुदाय विशेष के वोट को चोरी कर रही है और उन्हें संविधान के अधिकार से वंचित करने का प्रयास कर रही है। इसे पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हस्ताक्षर अभियान में पार्टी नेता नेता सहूद खान, गणेश स्वर्णकार, प्रदीप सिंह, सोनू केसरी, दीपक अवस्थी, सोनू वारसी, नीरज यादव, इनामुल हक, वार्ड पार्षद नईमुद्दीन, नसीम टेलर, जहांगीर खान, मुस्ताक अहमद आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच साइकिल का वितरण



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के संसाधन केंद्र परिसर में प्रखंड प्रमुख नीतू कुमारी की अध्यक्षता में 27 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सबिता सिंह, बीडीओ अमृता सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका की गरिमामयी उपस्थिति में चलकुशा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा अष्टम वर्ग में अध्ययनरत सामान्य जाति के 27 छात्र -छात्राओं के बीच नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय चलकुशा के प्राचार्य मो. नौशाद, वरीय शिक्षक संतोष कुमार चौधरी, सहदेव प्रसाद, भोला कुमार दास, भगीरथ ठाकुर, नन्दलाल यादव, महेंद्र साव, छोटेलाल साव, आदित्य कुमार, बी. आर. सी. कर्मी मुकेश कुमार नायक, बसंत कुमार, धीरज कुमार मौके पर उपस्थित थें।

## बाल विवाह के अपराध को समाप्त करने के लिए किशोरियों ने आयोजित की बाल सभा




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले से बाल विवाह के अपराध के पूर्ण खात्मे के उद्देश्य और उसकी रणनीति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड के पूर्णाडीह पंचायत भवन में बाल सभा का आयोजन किया। बाल सभा में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 120 से ज्यादा किशोरियों ने भाग लिया। सुरक्षित बाल ग्राम कार्यकर्ता छाया कुमारी ने कहा कि बाल विवाह नाबालिग लड़कियों के साथ होने वाली यौन हिंसा है, जिसका नकारात्मक असर हमारी बहनों की शिक्षा और स्वस्थ पर भी पड़ता है। हमारे जिले में 43 प्रतिशत से भी ज्यादा घटनाएं बाल विवाह की होती हैं। इसलिए बाल विवाह पर संपूर्ण रोक के लिए हमलोग आज यहां इकट्ठा हुए हैं। इस दौरान किशोरियों ने सामूहिक निर्णय किया कि जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में बाल विवाह के विरुद्ध अभियान चलेगा। इसमें दो लाख लोगों से बाल विवाह के विरुद्ध शपथ करवाया जायेगा। ग्राम पंचायत सदस्यों और शिक्षा विभाग की सहयोग से लड़कियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकरी योजनाओं जैसे कि सावित्री बाई फुले योजना आदि से जोड़ा जायेगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई भी लड़की शिक्षा से ड्रॉप आउट न हो सके। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के वरिष्ठ निदेशक और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के कार्यकर्ता ओमप्रकाश पाल ने किशोरियों के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बाल विवाह के अपराध के विरुद्ध किशोरियों की यह संगठित प्रयास जिले में सामाजिक बदलाव की सबसे बड़ी ताकत है। बाल विवाह मुक्त भारत की गूंज अब पिछड़े क्षेत्रों के दूर दराज के गांवों में भी सुनाई देने लगी है। बाल विवाह मुक्त कोडरमा, बाल विवाह मुक्त झारखंड और बाल विवाह मुक्त भारत अब सिर्फ सपना नहीं, बल्कि हकीकत बनने जा रहा है। बाल सभा में सुरक्षित बाल ग्राम की रूपा कुमारी और उसकी साथियों ने अपने क्रांति गीत के जरिए प्रतिभागियों को जागरूक किया। यह कार्यक्रम बाल विवाह के विरुद्ध देशव्यापी जनांदोलन का नेतृत्व कर रहे 250 से अधिक सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय मंच जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के सहयोग से आयोजन किया गया। संचालन बाल सुरक्षा मित्र कार्यकर्ता ज्योति ने किया। समापन सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त कोडरमा की शपथ दिलाकर किया गया। कार्यक्रम में बाल पंचायत के नेताओं, किशोरियों के अलावा आवा के जिला समन्वय मनोज कुमार, सुरक्षित बाल ग्राम कार्यकर्ता अफजल, दशरथ, शत्रुघ्न, सुभाशीष रॉय आदि उपस्थित थे।

## नम आंखों से मां लक्ष्मी की प्रतिमा का किया विसर्जन

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर, खूंटा, बासोडीह में मां लक्ष्मी सरस्वती की गणेश की प्रतिमा का शुक्रवार को बड़ी ही धूमधाम ढोल बाजे के साथ सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा सकरी नदी विसर्जन किया गया। पिछले तीन दिनों से शिवपुर गांव में संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विसर्जन से पहले मां लक्ष्मी मंदिर पुरोहित के द्वारा विधि विधान पूर्वक हवन कराया गया। हवन उपरांत मां लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती की मूर्ति पूरे गांव होते हुए, पुरातात्विक मां लक्ष्मी भगवान विष्णु मंदिर पहुंचकर मिलन कराते हुए पुन: गांव वापस घूमते वक्त सभी के घर से खोईचा भराई और पूजन किया गया और लोगों ने मां से अपने परिवार गांव की सुख समृद्धि शांति की कामना की। मौके पर शांति कायम बनाए रखने के लिए थाना से एस आई और जवान तैनात थे। साथ ही साथ स्थानीय पूजा समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, सचिव शशि सिंह, सदस्य दिनेश सिंह, विजय सिंह, तारिणी सिंह, संजय सिंह, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, पीपी सिंह, फंटूश सिंह, कंचन कुमार, प्रणव मुरारी, विनय शंकर बैध, संजय बैध, नरेश सिंह, राजीव कुमार, नौजवान अभिषेक कुमार, गणेश कुमार, संतोष कुमार, बोल बम कुमार, मोनू कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार, आयुष कुमार, बजरंगी कुमार, शैलेश पासवान, शंभू पासवान, प्रशांत कुमार, अर्जुन कुमार, संजीव कुमार, अमित कुमार, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, विकी कुमार, विजय कुमार, प्रीतम कुमार, बिपुल कुमार, गणेश कुमार, सुदीस रविदास, जागेश्वर रविदास, चंदन सिंह, अविनाश कुमार, रंजीत रविदास के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद थे। पूजा समिति के लोगों ने कहा मूर्ति विसर्जन के बाद आज से नव दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, सभी दर्शक इस रामलीला का आनंद लें, भगवान राम का गुणगान करें।

# सूर्य उपासना का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ आज से शुरू

**कद्दू चावल खाकर छठ व्रती करेंगे चार दिवसीय छठ व्रत की शुरुआत**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो जायेगा। आज व्रती सुबह घाट जाकर नदी तालाब में नहाकर भोजन बनायेंगे। उसके बाद चना दाल, कद्दू की सब्जी और चावल का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस दौरान पीले और लाल रंग के कपड़ों में छठ व्रती नजर आयेंगे। व्रत रखने वाली महिलाओं के प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही परिवार के अन्य सदस्य और सगे संबंधी भोजन ग्रहण करेंगे। इस दिन व्रत से पूर्व नहाने के बाद सात्विक भोजन ग्रहण करना ही नहाय-खाय कहलाता है। मुख्यतौर पर इस दिन छठ व्रती लौकी की सब्जी और चने की दाल ग्रहण करते हैं। इसके अलावा अरवा चावल, टमाटर चटनी, धनिया की चटनी के अलावा नये आलू की सब्जी भी मुख्य रूप से बनाये जाते हैं। इन सब्जियों को पूरी पवित्रता के साथ धोया जाता है। खाना पकाने के दौरान साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाता है। खाना पकाने के दौरान भी छठव्रती छठी मईया की गीतों से आराधना करती नजर आती हैं। नहाय खाय के दिन जो खाना बनता है उसमें सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। नियम का पालन करते हुए छठव्रती के भोजन ग्रहण करने के बाद घर के बाकि सदस्य भोजन ग्रहण कर सकते हैं। 36 घंटे निर्जला रहने वाले छठ व्रतियों को यह व्रत कठिन नहीं बल्कि आसान लगता है। व्रत करने वाला व्यक्ति यानी छठव्रती व्रत पूरा होने तक जमीन पर ही सोते हैं। नहाय खाय के दिन बनने वाले भोजन को बनाने के दौरान भी कई खास बातों का ध्यान रखना होता है। जो खाना इस दिन बनाया जाता है उसे लकड़ी के चूल्हे पर बनाया जाता है। इस चूल्हे में केवल आम की लकड़ी का ही इस्तेमाल किया जाता है। इस दिन तमाम नियमों का पालन करते हुए भोजन बनाकर सबसे पहले सूर्य देव को भोग लगाया जाता है। नहाय खाए से छठ का समापन होने तक व्रती जमीन पर ही सोते है। हर ओर अब छठ की छटा देखने को मिलने लगी है। छठ पर्व श्रद्धा और आस्था से जुड़ा है, जो व्यक्ति इस व्रत को पूरी निष्ठा और श्रद्धा से करता हैं उसकी मनोकामनाएं पूरी होती है। छठ व्रत, सुहाग, संतान, सुख-सौभाग्य और सुखमय जीवन की कामना के लिए किया जाता है। इस पर्व में सूर्य देव की उपासना का खास महत्व है। इस व्रत में सूर्य की आराधना करने से छठ माता प्रसन्न होती हैं और आशीर्वाद देती हैं। इस व्रत में जितनी श्रद्धा से नियमों और शुद्धता का पालन किया जायेगा, छठी मैया उतना ही प्रसन्न होंगी। हर जगह छठ पर विशेष रूप से ठेकुए का ही प्रसाद चढ़ाया जाता हैं।

## हजारीबाग यूथ विंग ने छठ व्रतियों को 11 रुपये में दिये सूप के साथ 21 सामग्री

**पूर्व जिप अध्यक्ष, नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त सहित अनेक समाजसेवियों ने बढ़ाया हौसला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सूर्य उपासना और लोक आस्था का पवित्र महापर्व छठ के मौके पर जरूरतमंद परिवारों के लिए हजारीबाग यूथ विंग ने 11 रुपये के सहयोग राशि में 21 पूजन सामग्री उपलब्ध कराया गया। शुक्रवार को छठ महापर्व के अवसर पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सूप, नारियल और पूजन सामग्री का वितरण किया। यह आयोजन संस्था के द्वारा तीसरी बार आयोजित किया गया है। इस पहल के अंतर्गत एक सूप, नारियल, शुद्ध घी, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, रुई बत्ती, धूपबत्ती, माचिस, सुपारी और आरत पत्ता एवं माचिस प्रदान किया गया। ये सभी सामग्री केवल 11 रु के सहयोग राशि के शगुन के तौर पर लिया गया। कार्यक्रम का आरंभ छठ मैया के जयकारों के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष की धर्मपत्नी विद्या जायसवाल और संस्था संरक्षक की माताजी सुधा रानी जैन की उपस्थिति में कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। सभी अतिथियों को संस्था के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन हजारीबाग यूथ विंग के सचिव रितेश खंडेलवाल ने किया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यक्रम संयोजक की भूमिका में जयप्रकाश खंडेलवाल ने अपनी भूमिका निभाई। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने कहा कि छठ महापर्व हमारी लोक आस्था का अद्भुत प्रतीक है। ऐसे अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के बीच सेवा की भावना से पूजन सामग्री वितरित करना वास्तव में समाज को जोड़ने वाला कार्य है। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव रितेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सह सचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल, संस्था मार्गदर्शक संजय कुमार, विकाश केशरी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित बजाज, प्रमोद खण्डेलवाल, प्रणीत जैन, विवेक तिवारी, सेजल सिंह, खुशी कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, मोहम्मद ताजुद्दीन, राजेश जैन, प्रिंस कसेरा, उदित तिवारी, प्रवेक जैन, रंजन चौधरी, अजीत चंद्रवंशी का योगदान रहा।

## अवैध महुआ शराब जब्त



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन सीमावर्ती क्षेत्रों में अभियान चला रही है। डीसी शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त, उत्पाद विभाग, हजारीबाग के नेतृत्व में चोरदाहा चेक पोस्ट पर पदस्थापित उत्पाद कर्मियों ने बिहार मद्य निषेध विभाग, गया (बिहार) के सहयोग से चौपारण थाना अंतर्गत बिहार राज्य से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों, बुकाड जंगल और नदी किनारे में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान अवैध महुआ शराब की संचालित भट्टियों पर कार्रवाई की गयी। छापेमारी दल ने ड्रोन कैमरे की मदद से सघन जंगल में सक्रिय जलती भट्टियों की पहचान कर उन्हें तत्काल विनष्ट किया। कार्रवाई के क्रम में 5000 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ, शराब बनाने की सामग्री और लगभग 400 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब जब्त की गयी। दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मद्य निर्माण, परिवहन और भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर पूर्ण रोक लगायी जा सके।**

## हिंदू स्कूल में कल से छठव्रतियों के बीच फलों का वितरण

**पीतल, तांबा, कांसा के बर्तनों का भी लगेगा स्टॉल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ को लेकर हिंदू स्कूल परिसर में लागत मूल्य पर फल वितरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर श्री सूर्य षष्ठी छठ पूजा फल वितरण समिति द्वारा खरना के दिन यानी रविवार सुबह 8 बजे से छठव्रतियों के बीच लागत मूल्य पर फल और पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी सचिन खंडेलवाल ने दी। उन्होंने बताया कि समिति इस वर्ष 19 प्रकार के फल और पूजन सामग्री उपलब्ध करा रही है। सभी फलों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं। आज दोपहर 3 बजे समिति के इस शिविर का विधिवत उद्घाटन किया जायेगा। समिति के काउंटर पर सेब, संतरा, केला, डंभा, नारियल, गन्ना, सरीफा, बेर, शकरकंद, सुथनी सहित पूजन सामग्री में घी, रिफाइंड तेल, गाजर, मूली आदि वस्तुएं शामिल हैं।

**कान्यकुब्ज स्वर्णकार संघ लगायेगा बर्तनों का स्टॉल :** आरएसएस स्वयंसेवकों द्वारा श्री बसंत दिगंबर अगासे सेवा संस्थान के माध्यम से संचालित इस मेले में कान्यकुब्ज स्वर्णकार संघ द्वारा पूजन सामग्री हेतु पीतल, तांबा, कांसा और फूलदान जैसे बर्तनों का लागत मूल्य पर स्टॉल लगाया जा रहा है। इन स्थानों पर भी होगा वितरण हिंदू स्कूल परिसर से प्रारंभ हुआ यह अभियान अब जिले के कई प्रखंडों तक फैल चुका है। इस वर्ष मालवीय मार्ग स्थित सनराइज ग्रुप, कंचनपुर काली मंदिर छड़वा में भारतीय नवयुवक संघ, कटकमदाग के बानादाग उच्च विद्यालय में सूर्य षष्ठी समिति कटकमदाग, केरेडारी के कृषि बाजार प्रांगण, साथ ही बड़कागांव और विष्णुगढ़ में भी लागत मूल्य पर फल व सामग्री वितरण किया जा रहा है।

## जिनगा में गंगा आरती का भव्य आयोजन 28 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू /हजारीबाग।** छठ महापर्व के पावन अवसर पर दारू प्रखंड के ग्राम जिनगा में इस वर्ष एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। वाराणसी की प्रसिद्ध श्री नारायण गंगा आरती टीम द्वारा जिनगा तालाब (शिव मंदिर के बगल में) में भव्य गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बताया गया कि यह एक सुप्रसिद्ध टीम है, जो वाराणसी के दशाश्वमेध घाट की प्रसिद्ध गंगा आरती की थीम को देश के विभिन्न हिस्सों में प्रस्तुत करती रही है। अब वही अद्भुत दृश्य और आध्यात्मिक अनुभव ग्राम जिनगा में भी देखने को मिलेगा। ऐसा कार्यक्रम आमतौर पर वाराणसी के दशाश्वमेध घाट, हरिद्वार में हर की पौड़ी, प्रयागराज के संगम स्थल और कोलकाता के रामकृष्ण घाट में आयोजित होता है। इस बार यह दृश्य जिनगा में भी भव्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। राजेंद्र राणा और उदय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया जिनगा तालाब में 28 अक्टूबर 2025, मंगलवार को संध्या 6 बजे आरती प्रारंभ होगी।

यह आरती सूर्यास्त के समय गंगा के पवित्र जल में एक अनूठा और मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य प्रस्तुत करेगी। कार्यक्रम से क्षेत्र का धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। वही जिनगा ग्रामवासियों ने प्रखंड के सभी गांवों के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इसमें सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने का अवसर न चूकें।

## इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने की छठ घाट की सफाई



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** सुर्य उपासना के पवित्र त्योहार छठ पूजा को लेकर प्रखंड के सभी गांवों में छठ घाट की सफाई अंतिम की ओर है। वहीं पुलिस और पब्लिक में सामंजस्य बनाये रखने के लिए दारू अंचल के इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा और थाना प्रभारी टाटीझरिया इंद्रजीत कुमार ने झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी और उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा ग्रामिणों के साथ झरपो छठ घाट में सफाई अभियान चलाया। छठ घाट में जमें कचरा को झाड़ू लगाकर और कुदाल चलाकर साफ किया। इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने कहा कि छठ त्योहार क्षेत्र में धुमधाम से मनाया जाता है। पुलिसिंग के तहत क्षेत्र के सभी घाटों की सफाई करना हमलोगों का काम है। वहीं मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि पहले पुलिस को देखकर लोग भागते थे लेकिन अब के समय में पुलिस के समजिक कार्य में लोकप्रियता बढते देख लोग आपस में जुड़ रहे हो। मौके पर झरपो के दर्जनों महिला - पुरूष शामिल था।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिले में अवैध खनन, परिवहन और खनिज संसाधनों के संरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाये। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में कानून का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाये और जहां भी अवैध गतिविधियां पायी जायें, वहां त्वरित जप्ती और विधि-सम्मत कार्रवाई की जाये। उन्होंने खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पुलिस और परिवहन विभाग के सहयोग से संयुक्त दल बनाकर जांच अभियान संचालित करें। साथ ही वैध खनन पट्टाधारकों को निर्धारित शर्तों के अनुरूप कार्य करने, पर्यावरणीय संतुलन और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी सीओ, थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन और खनिज परिवहन की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करने को कहा। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ, डीएमओ, सभी सीओ और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## बड़कागांव में किया गया छठ घाटों का निरीक्षण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सूर्य मंदिर छठ घाट, गुरु चट्टी छठ घाट, नापोकला छठ बिश्रामपुर नदी छठ घाटों का निरीक्षण एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता और सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया गया। जिसमें साफ-सफाई और छठ व्रतियों की सुविधा, गहरी पानी और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ पूजा समितियों से मिलकर समस्याएं जानी व कहा कि व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो या अप्रिय घटनाओं से निबटने की तैयारी प्रशासन ने कर ली है। वहीं निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर डीएसपी पवन कुमार और बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया की नदी हो या तालाब छठ घाट के गहरे पानी में लोग नहीं जाये जिससे खतरा बना रखा है। घाटों तक आने जाने वाले रास्ते को स्वच्छ, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन में पुन: अपील किया। मौके पर दीपक कुमार सहित पुलिस जवान उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम ने नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ तालाब घाटों का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान पानी टंकी तालाब छठ घाट, धनी सिंह छठ तालाब घाट, मोरियामा छठ तालाब घाट, इंदरवा छठ तालाब घाट, मडूआटांड छठ तालाब घाट का जायजा लिया गया। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है। इसलिए सभी घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा की समुचित तैयारी जरूरी है। उन्होंने इस दौरान नगर परिषद अधिकारियों से घाटों की सफाई, लाइट व्यवस्था और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय जनता से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष अरसद खान, झुमरी तिलैया नगर मंडाल के महामन्त्री संजय शर्मा, नगर मण्डल उपाध्यक्ष इंद्रदेव बर्णवाल, वार्ड पार्षद नीरज कर्ण, गंदोरी रजक आदि शामिल थे ।

## बरकट्ठा में स्वदेशी कार्यक्रम 26 अक्टूबर को

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** 26 अक्टूबर दिन रविवार को बरकट्ठा विधानसभा विधायक अमित कुमार यादव के बरकट्ठा स्थित कार्यालय में स्वदेशी कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वदेशी अपनाना और विदेशी को बहिष्कार करने को लेकर है। निश्चित तौर पर हमें विदेशी सामग्रियों का बहिष्कार करना चाहिए ताकि देश की परंपरा जीवित रहे और देश की वस्तु का प्रयोग अधिक से अधिक हो। उन्होंने भाजपा के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और बूथ कमेटी के सदस्य तथा वरीय कार्यकर्ताओं को और अन्य जनता जनार्दन को कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# छठ पूजा पर विशेष: आस्था, इतिहास और परंपरा की विरासत

बीरू कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में छठ पूजा की परंपरा सैकड़ों वर्षों पुरानी मानी जाती है। बुजुर्ग बताते हैं कि ब्रिटिश काल में ही यहाँ के नदी घाटों पर छठ मनाने की शुरुआत हुई थी। पहले यह पर्व सिर्फ ग्रामीण परिवारों तक सीमित था, लेकिन धीरे-धीरे यह शहर, कोयला क्षेत्रों और औद्योगिक बस्तियों तक फैल गया।

**प्राचीन काल से ही सूर्योपासना से जुड़ा रहा है रामगढ़ की ऐतिहासिक जड़ें :** रामगढ़ क्षेत्र प्राचीन काल से ही सूर्योपासना से जुड़ा रहा है। सूर्य मंदिर तालाब, बड़ा तालाब कुजू, और दामोदर नदी घाट इस परंपरा के पुराने केंद्र हैं। स्थानीय इतिहासकार बताते हैं कि यहां पहले राजाओं और जमींदारों द्वारा सूर्य पूजा और स्नान अनुष्ठान कराया जाता था, जो धीरे-धीरे छठ महापर्व के रूप में विकसित हुआ।

**लोकगीतों में बसता है इतिहास :** कांच ही बांस के बहँगियाऊ और उठ् हे सूर्य देव जैसे छठ गीत आज भी रामगढ़ की गलियों में गूंजते हैं। इन गीतों के माध्यम से पुरानी पीढ़ियों की आस्था और संघर्ष की कहानी आज भी जीवित है।

**आस्था, अनुशासन, स्वच्छता और सामाजिक एकता का प्रतीक है यह पर्व :** रामगढ़ में छठ पूजा की शुरुआत भले ही एक सदी पहले हुई हो, पर इसकी आत्मा हजारों साल पुरानी सूर्य उपासना से जुड़ी है। यह पर्व आज भी आस्था, अनुशासन, स्वच्छता और सामाजिक एकता का प्रतीक बना हुआ है। हर साल जब दामोदर के तट पर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, तो लगता है जैसे रामगढ़ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर जुड़ रहा हो।

## नदी घाटों से शुरू हुआ सामाजिक उत्सव

करीब 80-100 वर्ष पहले, दामोदर नदी किनारे कुछ परिवारों ने पहली बार सामूहिक रूप से छठ व्रत रखा। तब से हर साल यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गयी। आज यह पर्व पूरे जिले के हर गांव, हर मुहल्ले में श्रद्धा से मनाया जाता है। रामगढ़ में छठ व्रत का सबसे बड़ा भावनात्मक पक्ष है। मां, बहनें और बेटियां इस परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ा रही हैं। कई घरों में यह पर्व 3 या 4 पीढ़ियों से निरंतर मनाया जा रहा है। व्रत की कठोरता, स्वच्छता और भक्ति इस क्षेत्र की छवि बन चुकी है।

## आधुनिक समय में छठ पूजा ने ली नयी पहचान

पिछले दो दशकों में छठ पूजा ने रामगढ़ में एक नया रूप लिया है। नगर परिषद और स्थानीय संगठन एलईडी लाइटों से सजे घाट, स्वच्छता अभियान, सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल टीम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। फिर भी लोग अब भी पारंपरिक मिट्टी के चूल्हे, बांस की टोकरी और देसी गीतों से ही छठ की शुरुआत करते हैं।

**छठ का मुख्य उत्सव :** मुख्य उत्सव छठ के तीसरे दिन मनाया जाता है, जब सूर्य देव को आराधना सूर्य नमस्कार और फल से की जाती है। कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि नहाय खाय से लेकर सप्तमी तिथि उगते सूर्य को अर्घ्य देने तक छठ पर्व मनाया जाता है। इस दौरान भगवान भास्कर और छठी मैया की पूजा अर्चना की जाती है। छठ पूजा खास तौर पर संतान की कामना और लंबी उम्र के लिए की जाती है। छठी मैया सूर्यदेव की बहन हैं और इस पर्व पर इन दोनों की ही पूजा अर्चना की जाती है। चार दिन तक चलने वाले इस पर्व में सात्विक भोजन किया जाता है। पहले दिन खरना, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन सूर्य संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। महापर्व छठ को मनाए जाने के पीछे कई कहानियां प्रचलित हैं।

## अवैध मुहानों को ध्वस्त करने जा रहे सीसीएल डोजर को ग्रामीणों ने रोका, मांगा मुआवजा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा कोलियरी अंतर्गत श्री बेस्ट के समीप कोयला तस्करों द्वारा बनाये गये अवैध उत्खनन मुहानों को ध्वस्त करने के लिए डोजर मशीन के साथ जा रहे सीसीएल प्रबंधन को ग्रामीणों ने मुआवजा और नौकरी की मांग करते हुए जबरन रोक दिया। जिससे डोजरिंग अभियान कार्य नहीं हो पाया। वहीं, देर शाम ग्रामीणों से आपसी सहमति नहीं बनने पर मशीन समेत सीसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग बैरंग वापस लौट गये। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे सीसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग डोजर मशीन के साथ श्री बेस्ट के समीप कोयला तस्करों द्वारा बनाये गये अवैध उत्खनन मुहानों को ध्वस्त करने जा रहा था। इसी बीच सब स्टेशन के समीप तोयरा के आधे दर्जन महिला - पुरुष सीसीएल द्वारा अधिग्रहण किये गये जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा की मांग करते हुए बीच सड़क पर ही धरना पर बैठ गये। प्रबंधन व सुरक्षा विभाग द्वारा काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी असफल रहे। ग्रामीण रैयतों का कहना है कि सीसीएल द्वारा हमारे जमीन पर आवागमन व अपने विभिन्न कार्यों को अबतक करता आ रहा है। हमारे द्वारा जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा की मांग किये जाने पर प्रबंधन से झूठा आश्वासन मिलता रहा है। वहीं, प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीणों के द्वारा करीब दो एकड़ भूमि कम की उपलब्धता बताया जाता है, ऐसे में नौकरी देना सीसीएल के नियमानुसार नहीं है। जिसके कारण ग्रामीण रैयत को नौकरी और मुआवजा देने में असमर्थ है। कहा की अप्रिय घटना की अंदेशा को लेकर डोजरिंग अभियान किया जा रहा था। इस अभियान में सेफ्टी ऑफिसर नीलेश कुमार, इंचार्ज शंकर राम, रमेश राउत समेत कई अधिकारी व सुरक्षाकर्मी शामिल रहे।

## पारंपरिक परब है सोहराय, प्राचीन काल से मना रहे हैं ग्रामीण : सुधीर मंगलेश



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड के गडके मंडाटांड में सोहराय जतरा सह बरदखुटा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष और कांग्रेस जिला प्रवक्ता सुधीर मंगलेश और प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रामसेवक बेदिया, उपप्रमुख प्रतिनिधि सह बीस सूत्री सदस्य भरत महतो, और दोहकातू मुखिया कलावती देवी ने फीता काटकर इस शुभारंभ को अंजाम दिया। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कहा, पारंपरिक सोहराय पर्व हमारी संस्कृति, एकता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व न सिर्फ पशुधन के प्रति सम्मान का अवसर है, बल्कि यह हमें मेहनत, साझेदारी और सामूहिक आनंद का संदेश भी देता है। नगाड़ा, ढोल, मादर और नृत्य की थाप के साथ यह उत्सव समाज को जोड़ने, भाईचारे को मजबूत करने और पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने सभी से अपील की कि वे समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाये रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इस सुंदर परंपरा को पहुंचायें। इस आयोजन ने सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं के महत्व को एक बार फिर से उजागर किया, और स्थानीय समुदाय के बीच भाईचारे और सहयोग को प्रोत्साहित किया। मौके पर समाजसेवी संजय मुंडा, गिरधारी भोक्ता, हरीश मुंडा, विजय महतो, रवि महतो, ओमप्रकाश गझू, सुनील करमाली, योगेन्द्र भोक्ता और एम कमेटी के सदस्य सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग के मिशन डायरेक्टर पहुंचे चतरा
# दवा खरीद मामले में की अनियमितता की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** स्वास्थ्य विभाग के मिशन डायरेक्टर शशि प्रकाश झा गुरुवार की देर शाम सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। जहां उन्होंने सदर अस्पताल के स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधक प्रियरंजन नीरज से दवा का सम्पूर्ण स्टॉक का संधारण संबंधित मामले में पूछताछ करते हुए विगत तीन माह की दवा आपूर्ति के लिये दिये गये आदेश और उसकी आपूर्ति और खर्च से संबंधित डाटा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टोर में दवा रखने के लिए रखे गए रैक की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। साथ ही एक्सपायर हो रहे दवाओं पर भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा मिशन डायरेक्टर ने सहिया हेल्प डेस्क, डेंटल विभाग, आयुष्मान सेंटर, ममता वाहन कॉल सेंटर, ओपीडी, आइसीयू, दवा भंडार, जेनरल और इमरजेंसी वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ऊपरोक्त सेवाओं और बेहतर बनाने से संबंधित कई सुझाव दिये। मौके पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, डीएस डॉ पंकज कुमार, के अलावा मिशन डायरेक्टर कार्यालय के प्रधान लेखपाल सहित अन्य लिपिक शामिल थे।

इसके पूर्व सिमरिया एसडीओ सह सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी सन्नी राज को मिले इस घोटाले की सूचना और जांच के दौरान दवा खरीद पंजी का संधारण नहीं पाये जाने के बाद इसकी जांच शुरू की गयी है।

इस बाबत एसडीओ सन्नी राज ने पत्रांक 1473 दिनांक 18-9-2025 से मैनेजर प्रियरंजन नीरज से स्पष्टीकरण की मांग की थी। इसके लिए मैनेजर को पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर पंजी संधारण करते हुए जबाब देने का निर्देश दिया गया था। परंतु एक माह बीत जाने के बाद भी इसका जबाब नहीं दिया गया है। इसी मामले में उपाधीक्षक डॉ पंकज कुमार ने भी मैनेजर के वेतन पर रोक लगाते हुए स्टॉक पंजी का संधारित प्रतिवेदन मांगा है। इस मामले में मैनेजर ने जांच कमिटी से पंजी संधारण करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022-23 से यह अनियमितता बरती गयी है। इस पूरे मामले में अस्पताल मैनेजर प्रियरंजन नीरज की भूमिका संदिग्ध है। मामला प्रकाश में आने के बाद मैनेजर के विरुद्ध जांच शुरू कर दिया गया है। जांच के लिए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ पंकज कुमार द्वारा डॉ आशीष कुमार, डॉ सपना अग्रवाल और डॉ अजहर की तीन सदस्यीय चिकित्सकीय टीम का गठन किया गया है।

## यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषण आहार किट का वितरण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** यक्ष्मा इकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान, दिवस और नि:क्षय दिवस के अवसर पर लोगों को टीबी होने के लक्षण और बचाओ के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान जिंदल स्टील के द्वारा गोद लिए गये यक्ष्मा रोगियों में से 34 को पोषण आहार किट वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धीरेन्द्र कुमार, डॉ मनोज कुमार गुप्ता, सम्बेद कुमार, जितेन्द्र प्रसाद, इरशाद अहमद, हरेंद्र प्रसाद सिंह, विवेक भंडारी, संगीता किरण सहित ग्रामीण और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## चित्रगुप्त मंदिर बिजुलिया में दो दिवसीय पूजन कलश विसर्जन के साथ संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बिजुलिया चित्रगुप्त नगर स्थित श्री श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा दो दिवसीय पूजन समारोह का आयोजन किया गया। पूजन समारोह का समापन शुक्रवार को संध्या आरती और कलश विसर्जन के साथ हुआ। इससे पूर्व पूजन समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को 9 बजे भगवान चित्रगुप्त और माता दुर्गा की पूजा और आरती की गयी। पूजन कार्यक्रम पुजारी सनोज कुमार पांडे ने यजमान रोहित कुमार वर्मा के हाथो संपन्न करवाया। मौके पर कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि आज हम सभी भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना में शामिल हुए हैं। विगत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। साथ ही पुरानी कमेटी भंग कर नये सत्र के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें इफिको वाले दीपक कुमार सिन्हा को समिति का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। रोहित कुमार वर्मा समिति के महामंत्री हैं। वहीं, अभिषेक कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि उमेश सिन्हा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इस दौरान समाज के बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। मौके पर संरक्षक प्रो श्याम किशोर प्रसाद, डॉ के चंद्रा, डॉ बीबी प्रसाद, डॉ एनडी सहाय, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रणजय कुमार, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, डॉ उदय श्रीवास्तव, अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, संजीव कुमार श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, अनिल सिन्हा, अजीत सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, रोहित कुमार वर्मा, आशीष कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, मिथिलेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिन्हा, रवि श्रीवास्तव, आनंद कुमार सिन्हा, पिंटू लाला, रामानंद प्रसाद, मिथुन श्रीवास्तव, प्रभात कुमार सिन्हा, अविनाश वर्मा, कौशल सिन्हा, मयूर सिन्हा, प्रो सुधीर दास, सोनू श्रीवास्तव, राजेंद्र सिन्हा, आशीष श्रीवास्तव, रंजय श्रीवास्तव, आशीष सिन्हा, जितेंद्र कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## रजरप्पा क्षेत्र में छठ पूजा के अवसर पर साड़ी और श्रृंगार सामग्री का वितरण




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** आस्था और पवित्रता का महापर्व को लेकर आगामी छठ पूजा के उपलक्ष्य में अर्पिता महिला मंडल के रजरप्पा महिला समिति द्वारा आज रजरप्पा क्षेत्र में महिलाओं के बीच साड़ी, श्रृंगार और पूजा सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति सिंह के मार्गदर्शन और सानिध्य में आयोजित किया गया। अवसर पर समिति द्वारा छह जरूरतमंद महिलाओं को, जो इस वर्ष छठ पूजा कर रही हैं, एक साड़ी, श्रृंगार सामग्री, एक सुपा, 5 किलोग्राम आटा, 2.5 किलोग्राम गुड़, 2.5 किलोग्राम चीनी, 1 लीटर रिफाइंड तेल और एक सूखा नारियल प्रदान किया गया। सभी लाभार्थियों को बिस्किट, फल, जूस और मिनरल वाटर सहित नाश्ते के पैकेट भी वितरित किये गये। प्राप्त सामग्री से लाभान्वित महिलाओं ने रजरप्पा महिला समिति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और इस पहल को उनके लिए एक प्रेरणादायी सहयोग बताया। कार्यक्रम में रजरप्पा महिला समिति की अध्यक्षा सीमा प्रसाद और समिति की सदस्याएं शोभा कुमार, मंजू कुमारी, निक्की महतो, कंचन सिंह और गायत्री वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थी।

## भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र CSP संचालक से बंदूक की नोक पर 70 हजार रुपये की लूट



**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बार फिर दिन के उजाले में लूट की घटना को अंजाम देकर दहशत फैला दी है। इटखोरी थाना से मात्र पांच किलोमीटर दूर गोलकाबर गांव में भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक विकास कुमार से हथियार के बल पर लाखों की लूट हुई है। संचालक विकास कुमार ने बताया कि अपाची बाइक पर सवार चार अपराधी आए और उन्हें बंदूक की नोक पर लूटपाट कर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी थाना पुलिस अपनी PCR वैन के साथ अपराधियों का पीछा करने में जुट गयी। पुलिस के मुताबिक, अपराधी पीछा करते देख दंदाहा घाटी मयूरहंड के जंगल में भाग निकले हैं। इटखोरी थाना प्रभारी ने बताया कि चार बाइक सवार अपराधियों ने CSP संचालक से 70 हजार रुपये, लैपटॉप और फोन लूट लिया है। पुलिस द्वारा पूरे जंगल की घेराबंदी कर सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## समाजसेवी के नेतृत्व में छठ घाट की साफ-सफाई



**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मंधनियां गांव के धवैया नाला स्थित आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर छठ घाट की रास्ता जेसीबी मशीन से बनायी गयी है। छठ घाट पानी में डूबे कचड़े को भी निकाल कर साफ सफाई की गयी है जानकारी के अनुसार मंधनिया पंचायत के युवा समाज सेवी राजेंद्र भारती ने बताया कि आस्था की महापर्व छठ की अवसर पर हम सभी युवा लोगों ने मिलकर यह छठ घाट की साफ सफाई की है और गांव से लेकर छठ घाट तक जेसीबी मशीन लगाकर सुंदर रास्ता भी बनायी है। छठ घाट की सफाई अभियान में धनंजय भोगता, देवेंद्र भोगता, संतोष भोगता, अमित भोगता, कुलदीप भोगता, अशोक भोगता, गुड्डू भोगता, संदीप केशरी, सोधन कुमार, छोटी कुमार समेत लोगों ने अहम भूमिका निभायी है।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के दूसरे दिन निकाली गयी प्रभात फेरी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर किला मंदिर, पुराना बस स्टैंड, मैन रोड होते हुए बिजुलिया स्थित सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची। यहां कोहली परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार नरेंद्र सिंह गुजराल ने सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी के दौरान साध संगत गुरुवाणी पेश करते चल रहे थे। जिसमें, मिटी धुंध जग चानन होया, कल तारण गुरुनानक आया, नाम मिले ता जीवा नानक नाम मिले ता जीवा जैसे शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार गुरजोत सिंह सैनी प्रभातफेरी की अगुआई कर रहे थे। प्रभातफेरी में गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, मंजीत सिंह, विंकल कालरा, तेजेंद्र सिंह सोनी, प्रीतम सिंह कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, गुरजीत सिंह सलूजा, कमल जस्सल, अनमोल सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, गुरदीप सिंह सैनी, हरेंद्र छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, यश छाबड़ा, राजू छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह चाना, बबलू छाबड़ा, सूमी जॉली, जसमीत कौर सोनी, गुरबख्श कौर सैनी, रंजू अरोड़ा, रोमी छाबड़ा, मनप्रीत कौर सैनी, नवल कौर मल्होत्रा, बबली सोनी सहित सिख समाज के कई महिला पुरुष शामिल थे।

## डीसी ने की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक
# बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों पर करें कड़ी कार्रवाई, काटें चालान: डीसी

**जिले के सभी पेट्रोल पंप में हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में डीसी और एसपी के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में किये गये कार्य की समीक्षा की गयी।

**चुटुपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर डीसी ने किया चिंता व्यक्त :** समीक्षा के क्रम में डीसी ने चुटुपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त किया है। वर्तमान में घाटी में लगायी गयी लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर डीसी ने हर हाल में घाटी में लगायी गयी लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगायी गयी साइन बोर्ड की संख्या में वृद्धि कर वाहनों का स्पीड कम करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

**नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई: एसपी :** बैठक में एसपी अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इन सबके अलावा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने का निर्देश

बैठक में डीसी ने घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिह्नितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिये। डीसी ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग तिवारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने और अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने सड़क दुर्घटना के दौरान अस्पताल पहुंचने वाले मददगारों को सम्मानित करने का निर्देश दिया।

## छठ महापर्व के मौके पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहुर आलम ने छठ महापर्व के अवसर पर शहरी/ स्थानीय बाजारों और छठ घाट जाने के क्रम में सड़कों पर आमजनों, श्रद्धालुओं के साथ-साथ छठव्रतियों की सुलभता को देखते हुए व्यावसायिक मालवाहक और भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** दामोदर नदी से बालू लोड कर रांची जा रहा एक टर्बो ट्रक गुरुवार की देर रात पतरातू-रांची मुख्य सड़क पर पीटीपीएस के समीप पुलिया पार करते ही अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गया। हादसे में वाहन को क्षति पहुंची, साथ ही चार मजदूर घायल हो गये जिनका सीएचसी में देर रात इलाज कराया गया। देर रात ही जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक को उठाकर सड़क से हटा दिया गया। शुक्रवार की अहले सुबह आसपास के लोगों ने सड़क पर गिरे बालू को धोकर हटा लिया। जो चर्चा का विषय बना रहा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिभाग ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. व तिथि और कार्य का नाम निम्नानुसार हैं: (1) 65-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक 23.10.2025,** टाटानगर और राउरकेला कोचिंग डिपो में 02 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेनों के कोचों एवं पैंट्री कारों (एलएचबी एवं नॉन-एलएचबी कोच) में पैंट्री इलेक्ट्रिकल उपकरणों के लिए सुधारात्मक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 22,86,121.81, **बयाना राशि:** रु. 45,700/-, **(2) 66-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक 23.10.2025,** पानपोश में पाइप लाइन की व्यवस्था के साथ पम्प हाउस के निर्माण के संबंध में विद्युत (सा.) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 40,18,613.73, **बयाना राशि:** रु. 80,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य रु.** = : शून्य प्रत्येक हेतु)। **बंद होने/खुलने की तिथि:** 20.11.2025 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। निविदा वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-768)

# देर पर दुरस्त

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आखिरकार महागठबंधन ने अपना सीएम चेहरा घोषित कर दिया है। तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। इस फैसले पर पहुंचने के लिए काफी लंबी बातचीत और जद्दोजहद चली। आखिरकार, महागठबंधन के घटक दलों ने तेजस्वी के नाम पर मुहर लगाकर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की है। यह फैसला पटना में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लिया गया, जहां अलायंस के सभी प्रमुख चेहरे मौजूद थे। हालांकि, कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं पर सबसे ज्यादा फोकस था, क्योंकि सीट शेयरिंग और सीएम उम्मीदवार का असली पेंच इन्हीं दोनों दलों के बीच फंसा था। इस देरी से महागठबंधन में असमंजस बढ़ रहा था। कुछ दिनों पहले मुकेश सहनी ने कहा था कि महागठबंधन थोड़ा अस्वस्थ है, जिससे यही संकेत मिला कि बात नहीं बन पा रही थी। कांग्रेस की तरफ से कभी भी तेजस्वी के नाम का सीधा विरोध नहीं किया गया, बस सहमति नहीं जतायी जा रही थी। बिहार में लोग पहले से ही मान रहे थे कि तेजस्वी ही चेहरा होंगे और इसका ऐलान सिर्फ एक औपचारिकता है। ऐसा इसलिए भी था, क्योंकि गठबंधन के सभी साथी किसी दूसरे ऐसे नाम पर सहमत नहीं हो पा रहे थे। इस घोषणा में देरी की एक बड़ी वजह यह भी थी कि कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपना दावा पेश करना चाहती थी। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 70 सीटें मिली थीं, लेकिन जीत सिर्फ 19 पर मिली थी। इसलिए, पार्टी इस बार ज्यादा और जीतने की संभावना वाली सीटें चाहती थी। इस बातचीत में काफी वक्त लग गया और अगर अब तेजस्वी के नाम पर एकता प्रदर्शित नहीं की जाती, तो शायद महागठबंधन के लिए देर हो जाती। हालांकि, कुछ सीटों पर 'फ्रेंडली फाइट' यानी आपसी सहमति से चुनाव लड़ने की संभावना अब भी बनी हुई है। सीट बंटवारे की घोषणा पहले करके एनडीए ने जो बढ़त हासिल की थी, महागठबंधन ने अब उसे कवर करने का प्रयास किया है। एनडीए ने इस बार किसी को सीएम उम्मीदवार नहीं बनाया है। यह दो दशक में पहला ऐसा चुनाव है, जब नीतीश कुमार गठबंधन का नेतृत्व तो कर रहे हैं, पर मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं हैं। महागठबंधन ने अपना नेता घोषित कर एनडीए पर दबाव बढ़ा दिया है। बिहार का यह चुनाव कई मायनों में अलग है। नीतीश सरकार की घोषणाओं के जवाब में तेजस्वी ने भी वादों की झड़ी लगा दी है। 28 अक्टूबर को आने वाले महागठबंधन के घोषणापत्र में ऐसे कई वादे देखने को मिल सकते हैं। महागठबंधन के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकजुटता दिखाने की पूरी कोशिश की। हालांकि, कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीट बंटवारे को लेकर थोड़ी खींचतान चल रही थी। कांग्रेस ज्यादा सीटें चाहती थी, क्योंकि पिछले चुनाव में उन्हें ज्यादा सीटें मिली थीं, लेकिन जीत कम मिली थी। इस वजह से थोड़ी देर हो रही थी। मुकेश सहनी जैसे नेताओं ने भी इस बात का इशारा किया था कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। लेकिन, आखिरकार तेजस्वी यादव के नाम पर सभी दल सहमत हो गये। यह फैसला महागठबंधन के लिए एक बड़ी जीत है, क्योंकि इससे उनकी एकजुटता का संदेश पूरे बिहार में जायेगा।

**बिहार का यह चुनाव कई मायनों में अलग है। नीतीश सरकार की घोषणाओं के जवाब में तेजस्वी ने भी वादों की झड़ी लगा दी है। 28 अक्टूबर को आने वाले महागठबंधन के घोषणापत्र में ऐसे कई वादे देखने को मिल सकते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीएसटी लागू होने से करों में सरलीकरण तो हुआ था, लेकिन हाल ही में दरों का युक्तिसंगत बनाया जाना भारतीय पर्यटन को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में निर्णायक सिद्ध हुआ है। होटल के 7,500 रुपये से कम शुल्क वाले कमरों पर जीएसटी की दर 12% से घटाकर 5% करना विशेष रूप से परिवर्तनकारी रहा है। मध्यम वर्गीय परिवार और कम खर्च में यात्रा करने वाले लोग, जो घरेलू पर्यटन की रीढ़ हैं, उनके लिए यात्रा अब अधिक किफायती हो गयी है।**

# जीएसटी सुधार और भारतीय पर्यटन का नया सवेरा



**गजेंद्र सिंह शेखावत**




भारत में पर्यटन का अर्थ हमेशा ही मनोरंजन से कहीं बढ़ कर रहा है – यह सभ्यताओं के बीच संवाद, विरासत का वाहक और समावेशी विकास का उत्प्रेरक है। फिर भी, दशकों से, लद्दाख के मठों से लेकर कन्याकुमारी के समुद्री तटों तक, हमारी अद्वितीय विविधता के बावजूद, इसकी पूरी क्षमता का दोहन करों के अलग-अलग ढांचे और उच्च लागत के कारण नहीं हो पाया है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल के सुधारों ने इस कहानी को अब बदलना शुरू कर दिया है। वर्षों से, भारत का पर्यटन और आतिथ्य उद्योग एक जटिल कर व्यवस्था के बोझ तले दबा रहा है। सेवा कर, वैट, विलासिता कर जैसे कई तरह के करों ने भ्रम उत्पन्न किया और यात्रा की लागत बढ़ा दी।

जीएसटी लागू होने से करों में सरलीकरण तो हुआ था, लेकिन हाल ही में दरों का युक्तिसंगत बनाया जाना भारतीय पर्यटन को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में निर्णायक सिद्ध हुआ है। होटल के 7,500 रुपये से कम शुल्क वाले कमरों पर जीएसटी की दर 12% से घटाकर 5% करना विशेष रूप से परिवर्तनकारी रहा है। मध्यम वर्गीय परिवार और कम खर्च में यात्रा करने वाले लोग, जो घरेलू पर्यटन की रीढ़ हैं, उनके लिए यात्रा अब अधिक किफायती हो गयी है। उच्च अधिभोग दर, लंबे समय तक प्रवास और स्थानीय स्तर पर अधिक खर्च इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं। कम अनुपालन लागत से छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए लाभप्रदता में सुधार हुआ है और औपचारिकता को बढ़ावा मिला है। यह पर्यटन के विस्तार और स्थायित्व की दिशा में शांत, लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव है।

**भारत का आकर्षण केवल उसके स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीवंत परंपराओं में भी निहित है।**

पर्यटन कनेक्टिविटी के बल पर फलता-फूलता है। यात्री परिवहन पर, खास कर दस से ज्यादा यात्रियों वाली बसों पर जीएसटी दर का 28% से घटाकर 18% किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरी और समूह यात्राएँ ज्यादा सुलभ हो गयी हैं। हेरिटेज सर्किट, इको-टूरिज्म पार्क और ग्रामीण पर्यटन स्थलों में नयी ऊर्जा देखने को मिल रही है। यह सुधार सस्ते टिकटों की उपलब्धता से कहीं बढ़ कर है—यह क्षेत्रों को जोड़ने, यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाने और छोटे टूर ऑपरेटरों को अपना कारोबार बढ़ाने का अवसर देने से संबंधित है। भारत के लिए जहां पर्यटन क्षेत्रीय समानता का एक सशक्त माध्यम है, वहीं किफायती यात्रा आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है।

**जीएसटी सुधार कोई अलग-थलग राजकोषीय उपाय नहीं हैं; ये इस दर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं कि कराधान बाधा न बने, बल्कि सबके लिए आसान हो। ये यात्रा को और अधिक किफायती, उद्यम को अधिक व्यावहारिक और पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये अर्थव्यवस्था की नब्ज को लोगों के और करीब लाते हैं।**

भारत का आकर्षण केवल उसके स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीवंत परंपराओं में भी निहित है। कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने से उस क्षेत्र को बढ़ावा मिला है, जो लाखों कारीगरों के जीवनयापन का आधार है। स्थानीय बाजार में बिकने वाली हर हस्तनिर्मित कलाकृतियों पर भारत की सांस्कृतिक निरंतरता की छाप होती है। करों में कमी किया जाना यहां महज आर्थिक पहल भर नहीं है—यह एक सांस्कृतिक निवेश है। आज पर्यटक प्रामाणिकता की तलाश में रहते हैं और जब वे हाथ से बुनी कांचीपुरम की साड़ी या चंदन की नक्काशीदार मूर्ति घर ले जाते हैं, तो वे भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का एक हिस्सा अपने साथ ले जाते हैं। यह सुधार कारीगरों को सशक्त बनाता है, शिल्प समूहों को मजबूत बनाता है और विरासत को विकास की कहानी का हिस्सा बनाता है।

संभवतः जीएसटी का सबसे स्थायी लाभ स्पष्टता है। छोटे होटल, होमस्टे और ट्रैवल एजेंसियां अब राज्य-विशिष्ट करों की भूलभुलैया के बजाय एक ही निर्धारित ढांचे के भीतर काम करती हैं। इससे अनुपालन में सुधार होता है, निवेशकों का विश्वास बढ़ता है और नवाचार के लिए जगह बनती है।

औपचारिकीकरण उन हजारों छोटे ऑपरेटरों के लिए ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान तक पहुंच भी बनाता है, जो कभी अनौपचारिक रूप से काम किया करते थे। एक ऐसा क्षेत्र, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक महिलाओं और युवाओं को रोजगार देता है, यह एकीकरण परिवर्तनकारी है। पर्यटन अब केवल फुर्सत के क्षणों में आनंद उठाने से संबंधित उद्योग मात्र ही नहीं रह गया है, बल्कि उद्यमिता और आजीविका का प्रेरक भी बन चुका है।

वैश्विक स्तर पर, पर्यटक किस जगह की यात्रा करेंगे, यह वहां की मूल्य की प्रतिस्पर्धात्मकता पर निर्भर करता है। वर्षों से, भारत थाईलैंड और वियतनाम जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई गंतव्यों से पीछे रहा है, जहां होटलों के कर की दर कम थी और शुल्क सरल थे। हाल ही में जीएसटी में बदलाव ने इस अंतर को कम कर दिया है। भारत अब वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी दरों पर आयुर्वेदिक रिट्रीट से लेकर हेरिटेज होटल तक विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है।

परिणाम स्पष्ट दिखायी दे रहे हैं। घरेलू पर्यटन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

क्रूज, वेलनेस, फिल्म और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। स्वदेश दर्शन 2.0, प्रसाद और वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाये जा रहे एकीकृत प्रयास बुनियादी ढांचे, नीति और सामुदायिक भागीदारी को और बेहतर बना रहे हैं।

पर्यटन वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन से ज्यादा लोगों की आजीविका का आधार है। निरंतर सुधारों और बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ, यह 2030 तक आसानी से दोगुना हो सकता है। पर्यटन गतिविधि में प्रत्येक प्रतिशत की वृद्धि से कई गुना लाभ उत्पन्न होते हैं, जिनमें रोजगार, स्थानीय उद्यम, महिला सशक्तिकरण और विभिन्न संस्कृतियों के बीच परस्पर समझ का विस्तार शामिल है ।

जीएसटी सुधार कोई अलग-थलग राजकोषीय उपाय नहीं हैं; ये इस दर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं कि कराधान बाधा न बने, बल्कि सबके लिए आसान हो। ये यात्रा को और अधिक किफायती, उद्यम को अधिक व्यावहारिक और पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये अर्थव्यवस्था की नब्ज को लोगों के और करीब लाते हैं।

जिस प्रकार भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर अग्रसर है, विकसित भारत का सपना वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी और सांस्कृतिक रूप से सशक्त पर्यटन इको-सिस्टम के बिना अधूरा रहेगा। दुनिया भारत को नये सिरे से जान रही है, न केवल एक गंतव्य के रूप में, बल्कि एक ऐसे अनुभव के रूप में जो परंपरा का आधुनिकता के साथ, अर्थव्यवस्था का संवेदना के साथ सामंजस्य बिठाता है। युक्तिसंगत जीएसटी, बेहतर कनेक्टिविटी, सशक्त कारीगरों और आत्मविश्वास से भरे उद्योग के साथ, भारत की पर्यटन गाथा इस दशक की सफलतम कहानियों में से एक बनने जा रही है - एक ऐसी कहानी जहां सुधारों का मेल पुनर्जागरण से होता है और हर यात्रा नये भारत के निर्माण में योगदान देती है।

**(लेखक केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### लोको पायलटों को टाटानगर रेल सिविल डिफेंस ने दिया आपदा प्रबंधन की प्रशिक्षण




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से इलेक्ट्रिक लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर में दक्षिण पूर्व रेलवे के लगभग 300 लोको पायलटों को आपदा प्रबंधन से संबंधित उन्नत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बेसिक लाइफ सपोर्ट,सीपीआर और एफबीएओ की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा की विधि समझायी। उन्होंने बताया दुर्घटना के समय चेक, कॉल और केयरह्व सिद्धांत के तहत गोल्डन आवर में की गयी कार्रवाई से जीवन बचाया जा सकता है। सिविल डिफेंस डेमोंस्ट्रेटर अनिल कुमार सिंह ने फायर संयंत्रों के उपयोग और एलपीजी गैस लीक होने पर आग बुझाने की मॉक ड्रिल करायी। वहीं महिला डेमोंस्ट्रेटर तेजीता कुमारी ने घायलों को बैंडेज करने और सीपीआर की जीवंत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में इएलटीसी प्रिंसिपल ने सिविल डिफेंस टीम की सराहना करते हुए कहा आपदा विषयों पर दिया जा रहा यह उन्नत प्रशिक्षण लोको पायलटों की तत्परता और सुरक्षा कौशल को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है।

### गोविंदपुर में अपराध की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए चार बदमाशों को हथियार और जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया सभी का आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली हथियार अमरनाथ गैंग के सौरभ शर्मा ने छिपाने के लिए दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में बिरसानगर के रोहित लोह उर्फ गॉड बाबा, गोविंदपुर के गौरव गोस्वामी, परसुडीह के सन्नी सिंह उर्फ श्रेष्ठ सिंह और गोबिंदपुर के हिमांशु कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोलियां और एक खोखा बरामद किया। छापेमारी टीम में डीएसपी सुनील चौधरी, थाना प्रभारी पवन कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### घाटशिला उपचुनाव में कुल 2.56 लाख मतदाता करेंगे मतदान

# एक ने लिया नामांकन वापस, अब चुनावी मैदान में 13 उम्मीदवार हैं आमने-सामने

**चुनाव आयोग ने जारी की अंतिम अधिसूचना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अंतिम अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार, घाटशिला उपचुनाव में अब कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। शुक्रवार को एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद प्रत्याशियों की संख्या 13 रह गयी है। घाटशिला उपचुनाव के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें 15 पुरुष और 2 महिला उम्मीदवार शामिल थे। नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) के दौरान तीन प्रत्याशियों के नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द कर दिये गये थे। इन प्रत्याशियों में निर्दलीय मालती टूडू, आपकी विकास पार्टी के दुखी राम मांडी और राष्ट्रीय सनातन पार्टी के मंगल मुर्मू शामिल हैं। शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी बिक्रम किस्कू ने अपना नामांकन वापस लिया। उपचुनाव में कुल 2,56,352 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 1,25,114 पुरुष, 1,31,235 महिला, 3 ट्रांसजेंडर, 1 विदेशी मतदाता, 2,738 दिव्यांग मतदाता, 327 सेवा मतदाता, 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 16,601 मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 628 मतदाता शामिल हैं मतदान के लिए कुल 300 मतदान केंद्र बनाये गये हैं, जो 231 स्थानों पर स्थित हैं। उपचुनाव की तैयारियों के दौरान आयोग द्वारा 237.73007 लाख रुपये मूल्य की एजेंसी जब्ती और 32.1992 लाख रुपये मूल्य की इंटरसेप्टेड जब्ती की गयी है। चुनाव आयोग ने उपचुनाव के लिए तीन प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। इनमें राखी बिस्वास -सामान्य पर्यवेक्षक, गाजाराव भूपाल - पुलिस पर्यवेक्षक, और दिलीप कुमार राठौड़- व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं।

### राजनगर के केसरगड़िया में अवैध खनन जारी

**राजनगर।** राजनगर प्रखंड के पोटका पंचायत अंतर्गत केसरगड़िया गांव के पास अवैध खनन का कारोबार तेजी से जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है प्रशासन और वन विभाग की अनदेखी के कारण खनन माफिया बेखौफ होकर पहाड़ की खुदाई और पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रही है।ग्रामीणों ने कहा यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पूरा पहाड़ समतल हो जाएगा। पर्यावरण प्रेमियों ने भी जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

# मुखी समाज हांडी कोरा मिलन समारोह आज

**पूर्वजों की परंपरा और संस्कृति को सहेजने का उद्देश्य : परेश मुखी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मुखी समाज सामुदायिक विकास भवन भालूबासा में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परेश मुखी ने बताया समाज द्वारा 25 अक्टूबर को हांडी कोरा मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम भालूबासा स्कूल मैदान में शाम 6 बजे से आरंभ होगा। परेश मुखी ने कहा कार्तिक अमावस्या की तिथि पर समाज के प्रत्येक घर में आयोजित हांडी कोरा पूजा-पाठ के महत्व लोगों को बताया जायेगा। इसके बाद पद्मश्री मुकुंद नायक की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। मुखी समाज के महासचिव जुगल किशोर मुखी ने बताया कार्यक्रम के उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, स्थानीय सांसद, विधायक एवं समाजसेवी द्वारा किया जायेगा। साथ ही समाज द्वारा प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर आंदोलनकारी सोपोन करुवा, जगर्नाथ बेहरा और रामाकांत करवा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पीके करवा, मुजीम मुखी, राकेश मुखी, प्रवीण मुखी, सुरेश मुखी, मनोज मुखी, महेश मुखी, नितिन मुखी, संदीप मुखी, राजू मुखी, देव मुखी, संजय मुखी, संजय कंसारी, गुरुचरण मुखी एवं सागर मुखी सहित अन्य समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### आस्था, अनुशासन और आत्मसंयम का प्रतीक है छठ महापर्व : विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शुक्रवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सरजामदा में विधायक मंगल कालिंदी ने छठ व्रतियों के बीच निशुल्क पूजन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।मौके पर विधायक कालिंदी ने कहा छठ पर्व सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और आत्मसंयम के प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति, जल, सूर्य और परिवार के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। श्री कालिंदी ने कहा हर वर्ष की तरह इस बार भी व्रतियों को पूजन सामग्री वितरण कर उनकी सुविधा का ध्यान रखा गया।मौके पर विधायक ने व्रतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा छठ पर्व समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देती है। इस मौके पर सोमा देवी, पूर्णिमा मल्लिक, नागी मूर्मू, समाजसेवी जितेन्दर सिंह, मिथुन चक्रवर्ती, शिबू ओझा, नितिन हासदा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय डीसी और एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी छठ पर्व को लेकर सरायकेला जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। डीसी नीतीश कुमार सिंह और एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने आदित्यपुर के जय प्रकाश उद्यान घाट, नगीनापुरी घाट और 32 नंबर घाट का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था और व्रतियों के आवागमन मार्गों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए हर बिंदु पर विशेष ध्यान दिया जा रहा। वहीं एसपी लुणायत ने बताया बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश, उप नगर आयुक्त पारुल सिंह, कल्याण मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# छठ घाटों पर नियुक्त किये गये दंडाधिकारी

## 24 घंटे कार्यरत रहेगा नियंत्रण कक्ष, चार शिफ्ट में मौजूद रहेंगे मजिस्ट्रेट



छठ घाटों का निरीक्षण करते वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** छठ महापर्व के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। कुल 9 प्रमुख छठ घाटों पर अलग-अलग दंडाधिकारियों को तैनात किया गया है। एसडीएम ने बताया कि दानरो नदी टंडवा पुल के उत्तर एवं दक्षिण दोनों छोर पर अलग-अलग दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार पीएचईडी कॉलोनी, हनुमान नगर, परिसदन के पास स्थित छठ घाट, नगवां मोहल्ला, गढ़देवी मोहल्ला और दीपूआं मोहल्ला के लिए भी पृथक-पृथक दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन दंडाधिकारियों के साथ आवश्यक संख्या में जिला पुलिस बल के महिला व पुरुष जवान भी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि कांडी एवं मझिआंव प्रखंडों में भी मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इसके अलावा अन्य थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की स्थिति का आकलन कर शीघ्र ही दंडाधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि जिला नियंत्रण कक्ष में भी 25 से 28 अक्टूबर तक 6-6 घंटे की शिफ्ट में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि पर्व के दौरान किसी भी स्थिति में हर समय दंडाधिकारी उपलब्ध रहें। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। एसडीएम ने विश्वास दिलाया कि प्रशासनिक स्तर से छठ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। इसलिए छठ पर्व हर वर्ष की भांति शांति, सौहार्द एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ज्यादातर छठ घाटों पर पूजा समितियों ने समय रहते तैयारियां पूरी कर लीं हैं।

# डीसी एवं एसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

- आमजनों से भी कुड़ा-कचरा नहीं फैलाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील
- छठ महापर्व के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर डीसी दिनेश यादव एवं एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को शहर के दानरो नदी स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। डीसी ने गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को छठ घाटों एवं छठ घाट आने वाले मार्गों की सफाई कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि महापर्व छठ पूजा को लेकर किसी भी व्रतियों-श्रद्धालुओं एवं आमजनों को कोई परेशानी या समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने बैरिकेडिंग एवं विद्युत (लाइटनिंग), साज-सज्जा करने एवं पार्किंग की सुविधा का भी विशेष ख्याल रखने का निदेश दिया। डीसी ने जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को भी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए छठ पूजा को लेकर छठ घाटों को तैयार कराने एवं सभी बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने छठ पूजा को देखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एवं छठ घाट में आने वाले विभिन्न मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया। कहा कि छठ व्रतियों को कोई असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखें। लोक आस्था का महापर्व छठ की पूजा नदियों, तालाबों, पोखर आदि जलाशयों के घाटों एवं तटों पर संपन्न होती है, इसलिए किसी भी व्रतियों-श्रद्धांलुओं के डूबने की आशंका या इस प्रकार की किसी भी अनहोनी से निबटने के लिए गोताखोरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डीसी ने कहा कि छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन हर संभव सहयोग करने को तत्पर है। शांतिपूर्ण वातावरण में महापर्व सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होनें सभी को छठ महापर्व की शुभकामनायें देते हुए इसे शांतिपूर्वक अच्छे से मनाने की अपील की। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि, सिटी मैनेजर सहित छठ महापर्व समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहें।

# अधिकारियों के साथ डीसी ने किया नहर का निरीक्षण

- किसानों तक सिंचाई जल पहुंचाने की दिशा में प्रशासन गंभीर

## एसपी ने दी विधि-व्यवस्था की गारंटी

**निरीक्षण के दौरान एसपी अमन कुमार ने कहा कि जहां भी कार्य के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता होगी, वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नहर निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। कांडी डिस्ट्रीब्यूटर के निर्माण पूर्ण होने पर कांडी प्रखंड के कई पंचायतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि उत्पादन में बड़ी राहत मिलेगी। जिला प्रशासन ने परियोजना को समय पर पूर्ण करने के लि एसभी आवश्यक कदम उठाने का संकल्प लिया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के तहत कोयल नदी पर कांडी प्रखंड अंतर्गत भंडरिया ग्राम में बने भीमबराज से कांडी डिस्ट्रीब्यूटर नहर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से कांडी प्रखंड के कई पंचायतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाना है। डीसी दिनेश यादव की अगुवाई में शुक्रवार को प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों की टीम ने नहर के स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, संबंधित अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, कार्यन्वयन एजेंसी वापकोस, विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, तथा जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने नहर के अधूरे हिस्सों एवं निमार्णाधीन खंडों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद डीसी ने कहा कि कांडी डिस्ट्रीब्यूटर का निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि किसानों के खेतों तक समय पर पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को निर्देश दिया कि शेष कार्यों को अविलंब प्रारंभ किया जाए। जहां भी कोई तकनीकी या प्रशासनिक बाधा हो, उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दी जाए, ताकि समाधान शीघ्र हो सके।

# अधिकारियों ने किया घाटों का निरीक्षण स्वच्छता, रोशनी और सुरक्षा पर जोर



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्रवार को गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव, एसपी अमन कुमार, एसडीएम संजय कुमार पांडे, एसडीपीओ नीरज कुमार, सीओ प्रमोद कुमार, बीडीओ कनक कांडी, बीडीओ राकेश कुमार सहाय और थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने मझिआंव के भीमराज छठ घाट का निरीक्षण किया। डीसी ने घाट पर जलस्तर, सुरक्षा व्यवस्था और घाट परिसर की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं। इसी क्रम में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सीओ प्रमोद कुमार, बीडीओ कनक, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार और नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने संयुक्त रूप से मेला छठ घाट, टंकी छत घाट और नगर पंचायत क्षेत्र के अन्य प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, समतलीकरण, लाइटिंग व्यवस्था, तथा श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्गों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। सीओ ने कर्मियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी मुस्तैदी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जबकि बीडीओ कनक और कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि सभी छठ घाटों पर समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं। नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने लोगों से अपील की कि वे घाटों की स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, सिटी मैनेजर राकेश कुमार पाठक, नगर प्रबंधक जितेश कुमार, चंदन कमलापुरी, तथा छठ पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य उपस्थित थे।

# पूर्व मुखिया ने शुरू कराई जर्जर सड़क की मरम्मति

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। अरसली उत्तरी पंचायत के गड़ले रोड की स्थिति लंबे समय से काफी जर्जर हो गयी थी। करीब 700 फीट लंबी इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए थे, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों की शिकायत पर भवनाथपुर बीडीओ द्वारा सड़क की जांच भी कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में सड़क को खराब पाया गया और मुखिया को मरम्मत का आदेश दिया गया, इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता ने खुद पहल करते हुए सड़क की मरम्मत कार्य शुरू करा दी। उनके नेतृत्व में अरसली उत्तरी गड़ले रोड पर मोरम डालकर मरम्मती कार्य की गयी। इस कार्य में ग्रामीणों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। मौके पर विनोद गुप्ता, दयानंद प्रजापति, अभिमन्यु पासवान, अभिषेक पासवान, विनोद सोनी, तारालाल श्रीवास्तव, सीता वियार, चंदन विश्वकर्मा, राधेश्याम सोनी, अजय पासवान, मंगर वियार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।**

# कांग्रेस ने भाजपा के विरुद्ध चलाया हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज़िला कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को खरौंधी प्रखंड के राजी और कारिवाडीह पंचायत में 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव एवं कार्यक्रम का संचालन राजी पंचायत अध्यक्ष राम चरण सिंह ने किया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम आम जनता के हित एवं गरीबों की संवैधानिक न्याय की रक्षा के लिए कांग्रेस द्वारा उठाया गया कदम है। नागरिकता की पहली पहचान मताधिकार का प्रयोग है। बिना कारण बताए मनमाने तरीके से मतदाता सूची में नाम जोड़ना-तोड़ना न संवैधानिक है और ना ही न्यायिक है। चुनाव आयोग जैसी संस्था का संदेह के घेरे में होना लोगतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। यही कारण है कि राहुल गांधी के 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को गांव, शहर-देहात से लेकर संपूर्ण राष्ट्र में आपार समर्थन मिल रहा है। वहीं, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने



कहा कि जब पड़ोसी राज्य बिहार के 65 लाख मतदाताओं को सूची से हटाने की आधिकारिक घोषणा चुनाव आयोग द्वारा की गयी, तो राष्ट्र अचंभित है। कांग्रेसी नेता त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' कांग्रेस का व्यापक अभियान पार्टी हाई कमान के निर्देश पर इस दिन गढ़वा जिले के राजी और करीवाडीह पंचायत में पहुंची है। लोगों का समर्थन और स्नेह पा कर हम अभिभूत हैं। यह अभियान 25 अक्टूबर तक विभिन्न गांव में निरंतर चलता रहेगा। इस मौके पर लिटिल दूबे, मोसाहिद हुसैन, उमेश यादव, हीरा उरांव, रामजीवन उरांव, संतोष सिंह, सहोदरी देवी, मुकेश मेहता, मीना देवी, संतरा देवी, अशोक चौधरी, दीनानाथ उरांव, रामजीवन उरांव, देवनाथ उरांव, महावीर उरांव आदि मौजूद थे।

# आरके पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मझिआंव उचरी स्थित आरके पब्लिक स्कूल में छात्रों और कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य और सीबीएसई रिसोर्स पर्सन सह प्रमाणित मास्टर ट्रेनर केआर झा ने साइबर जागरूकता पर कहा कि इस डिजिटल दुनिया में विभिन्न डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते समय सुरक्षित रहने के लिए लोगों को निवारक उपाय करने चाहिए। लोग अपना काम आसानी से करने के लिए मोबाइल फोन, टैबलेट और लैपटॉप पर निर्भर हैं। लेकिन अगर वे उचित साइबर स्वच्छता बनाए नहीं रखते हैं, तो उन्हें पछताना पड़ेगा। उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षक-शिक्षिकाएं को सलाह दी कि वे प्रत्येक अकाउंट के लिए अपर केस अक्षर, संख्या और प्रतीकों को मिलाकर एक मजबूत, अद्वितीय और जटिल पासवर्ड रखें। हमें पासवर्ड में नाम और जन्मतिथि जैसी आसानी से अनुमान लगाने योग्य जानकारी का उपयोग करने से बचना चाहिए। सभी सॉफ्टवेयर और उपकरणों को अपडेट रखा जाना चाहिए। नियमित रूप से डेटा का बैकअप लेना आवश्यक है। हमें आंख बंद करके लिंक को नहीं छूना चाहिए और न ही संदेशों को फॉरवर्ड करना चाहिए। इस मौके पर सभी विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापीमारी

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। कांडी बिजली ग्रिड की ओर से बिजली चोरी के विरुद्ध हरिहरपुर एवं मझिगावां पंचायत के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गयी। इस कार्रवाई से बिजरी चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। बिजली विभाग की टीम ने जांच के दौरान कई उपभोक्ताओं को अनधिकृत रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा। हरिहरपुर निवासी सुग्रीव पासवान से 10,200 रुपये, उदय प्रसाद सिंह से 10,200 रुपये और मझिगावां के महेश प्रसाद गुप्ता से 12,200रुपये दंड वसूला है।**

# बाइक की टक्कर में दो दंपत्ति घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर-श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर छमईलवा मोड़ के समीप दो बाईकों के बीच हुई आमने-सामने टक्कर में बाईक सवार दो दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव निवासी विकाश यादव एवं उनकी पत्नी श्रद्धा देवी, तोरेलावा निवासी विनोद कुमार श्रीवास्तव और उनकी पत्नी प्रेमलता कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि विनोद और प्रेमलता श्रीबंशीधर नगर से अपने गांव तोरेलावा, जबकि विकास और श्रद्धा देवी मकरी गांव से चौरिया की ओर रहे थे। इसी बीच छमईलवा मोड़ के पास दोनों बाईकों की जोरदार टक्कर हो गई।


पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VII

झारखण्ड सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या :–995H /भू0अ0, पलामू, दिनांक :–18.10.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु ग्राम– कठौधा खुर्द, थाना– हुसैनाबाद, थाना सं0– 351 अंचल– हुसैनाबाद, जिला– पलामू, में कुल रकबा– 1.260 एकड़ यानि हे0 0.5099 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 1.260 एकड़ यानि 0.5099 हेक्टेयर है और जो ग्राम– कठौधा खुर्द, थाना– हुसैनाबाद, थाना सं0– 351, अंचल– हुसैनाबाद, जिला– पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

ग्राम–कठौधा खुर्द, थाना सं0– 351 कुल रकबा–1.260 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 3 | 98 | रैयती | धान–2 | 0.0840 | शेख अब्दुल रजाक पिता शेख जमालुद्दीन | | | | |
| 2 | 8 | 73 | रैयती | धान–2 | 0.0310 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह वो रामनरेश सिंह पिता बेचन सिंह | | | | |
| 3 | 9 | 42 | रैयती | धान–2 | 0.0840 | ईश्वर दयाल सिंह सूर्यमान सिंह वो चन्द्रमान सिंह पिता सुखदेव सिंह | | | | |
| 4 | 9 | 96 | रैयती | धान–2 | 0.0350 | ईश्वर दयाल सिंह सूर्यमान सिंह वो चन्द्रमान सिंह पिता सुखदेव सिंह | | | | |
| 5 | 10 | 82 | रैयती | धान–2 | 0.0680 | उमेश चन्द्र तिवारी पिता त्रिभुवन तिवारी | | | | |
| 6 | 21 | 101 | रैयती | धान–2 | 0.0220 | जगदीश सिंह पिता ब्रहमदेव सिंह वो अभिमन्यु सिंह पिता शीतल सिंह वो जानकी सिंह वो मानकी सिंह वो प्रीत सिंह पिता देवनन्दन सिंह | | | | |
| 7 | 22 | 176 | रैयती | धान–2 | 0.0030 | जगदीश सिंह पित ब्रहमदेव सिंह | | | | |
| 8 | 27 | 49 | रैयती | धान–2 | 0.006 | देवमुरत तिवारी पिता मोदी तिवारी | | | | |
| 9 | 27 | 81 | रैयती | टाड़–2 | 0.0560 | देवमुरत तिवारी पिता मोदी तिवारी | | | | |
| 10 | 29 | 89 | रैयती | टाड़–2 | 0.0170 | देवराज सिंह पिता लाखा सिंह | | | | |
| 11 | 29 | 100 | रैयती | टाड़–2 | 0.0620 | देवराज सिंह पिता लाखा सिंह | | | | |
| 12 | 33 | 83 | रैयती | टाड़–2 | 0.0750 | नर्मदेश्वर तिवारी वो बिन्देश्वर तिवारी पिता बिरभद्र तिवारी | | | | |
| 13 | 33 | 99 | रैयती | टाड़–2 | 0.069 | नर्मदेश्वर तिवारी वो बिन्देश्वर तिवारी पिता बिरभद्र तिवारी | | | | |
| 14 | 33 | 102 | रैयती | टाड़–2 | 0.0880 | नर्मदेश्वर तिवारी वो बिन्देश्वर तिवारी पिता बिरभद्र तिवारी | | | | |
| 15 | 41 | 80 | रैयती | टाड़–2 | 0.0380 | विद्या तिवारी पिता मोदी तिवारी | | | | |
| 16 | 42 | 68 | रैयती | धान–2 | 0.0130 | बैजनाथ पाठक वो विश्वनाथ पाठक पिता नागेश्वर पाठक | | | | |
| 17 | 42 | 69 | रैयती | धान–2 | 0.0010 | बैजनाथ पाठक वो विश्वनाथ पाठक पिता नागेश्वर पाठक | | | | |
| 18 | 42 | 70 | रैयती | धान–2 | 0.0440 | बैजनाज पाठक वो विश्वनाथ पाठक पिता नागेश्वर पाठक | | | | |
| 19 | 52 | 43 | रैयती | धान–2 | 0.0200 | रामाधार सिंह पिता जीवधारी सिंह | | | | |
| 20 | 54 | 78 | रैयती | धान–2 | 0.1600 | रामखेलावन सिंह वो परिखा सिंह वो रूपदेव सिंह वो हरिहर सिंह वो नन्ददेव सिंह पिता राजा सिंह | | | | |
| 21 | 57 | 48 | रैयती | टाड़–2 | 0.0090 | रामनन्दन सिंह वो हरिनन्दन सिंह पिता मानदेव सिंह | | | | |
| 22 | 62 | 97 | रैयती | टाड़–2 | 0.0830 | शांति देवी पति चन्द्रिका राम | | | | |
| 23 | 70 | 44 | रैयती | धान–2 | 0.0110 | सगेश्वर सिंह पिता मुखदेव सिंह | | | | |
| 24 | 70 | 85 | रैयती | टाड़–2 | 0.0750 | सगेश्वर सिंह पिता मुखदेव सिंह | | | | |
| 25 | 70 | 175 | रैयती | टाड़–2 | 0.0070 | सगेश्वर सिंह पिता मुखदेव सिंह | | | | |
| 26 | 73 | 88 | रैयती | टाड़–2 | 0.0170 | सोबरतन बीबी पति शेख अब्दुल गनी अंसारी | | | | |
| 27 | 70 | 85 | रैयती | टाड़–2 | 0.0750 | सगेश्वर सिंह पिता पिता मुखदेव सिंह | | | | |
| 28 | 70 | 175 | रैयती | टाड़–2 | 0.0070 | शत्रुधन सिंह पिता सुमेसर सिंह | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–.......×..........................

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR.NO.364645 Palamu(25-26):D


## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने किया बीएससी परीक्षा का परिणाम घोषित

# विद्यार्थी अपने ज्ञान का उपयोग समाज की सेवा में करें और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें: कुलाधिपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने बीएससी (मेडिकल पैथोलॉजी) तृतीय वर्ष (सत्र 2023-24) का परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को विधिवत घोषित कर दिया। यह परीक्षा अगस्त 2025 में विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई दिनेश कॉलेज ऑफ एडुकेशन परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में आयोजित की गई थी। घोषित परिणाम के अनुसार रानी वैष्णवी सिंह ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि वेद प्रकाश ने 70.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और कोमल कुमारी ने 69.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त



किया। विश्वविद्यालय परिवार ने इन छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो (डॉ) केशवेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि यह सफलता छात्र-छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विषय में गहन अध्ययन जारी रखने, प्रयोगात्मक ज्ञान बढ़ाने एवं चिकित्सा क्षेत्र में मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों के परिश्रम और विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के सुचारू संचालन की भी प्रशंसा की। वहीं, कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने परिणाम की घोषणा पर विश्वविद्यालय प्रशासन, प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक एवं सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। कहा कि इस तरह की उत्कृष्ट उपलब्धियां विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का परिचायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज की सेवा में करें और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें। कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन में नैतिकता, सेवा भावना और शोध प्रवृत्ति को अपनाना है। कहा कि विश्वविद्यालय सतत रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को


आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
08

# मनिका में सरकारी जमीन पर कब्जे पर बवाल भाजयुमो अध्यक्ष छोटू राजा ने जतायी नाराजगी



**मनिका (आजाद सिपाही)।** लातेहार मनिका प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित लगभग 10 एकड़ सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा अवैध तरीके से बंदोबस्त कराकर कब्जा करने का मामला ने अब तूल पकड़ना शुरू कर दिया है, इसके साथ ही भूमाफियाओं के द्वारा कुछ नेताओं को शूटर बुलाकर जान से मारने की खुलेआम धमकी देना भी भूमाफिया को अब महंगा पड़ सकता है, इस मामले पर कड़ी निंदा व्यक्त करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि खाता नंबर-374, प्लॉट नंबर-2053,रकबा 7.73 डिसमिल जमीन जो कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के नाम पर दर्ज है,आज कुछ भूमाफियाओं के द्वारा उस पर कब्जा कर लिया गया है, जिसमें तत्कालीन अंचलाधिकारी के मिली भगत से इतने बड़े भ्रष्टाचार का खेला करने का मामला सामने आ रहा है, उन्होंने कहा कि इस तरह के सरकारी जमीन पर हो रहे भ्रष्टाचार को देखते हुए जब कुछ स्थानीय समाजसेवियों ने सच बोलने की हिम्मत दिखाई तो, कुछ भूमाफियाओं के द्वारा उन्हें शूटर बुलाकर जान से मारने की खुलेआम धमकी तक दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर इतने बड़े भ्रष्टाचार का आखिर दोषी कौन है, उसे सामने लाने की जरूरत है, अगर मामले की गंभीरता पूर्वक जांच शुरू की जाती है, तो सरकारी भूमि पर हो रहे भ्रष्टाचार में शामिल कई भूमाफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों का काला कारनामा जनता के सामने होगा। उन्होंने कहा कि सच्चाई को सामने लाने वाले नेताओं को जान से मारने की धमकी देने वाले भूमाफियाओं के ऊपर जल्द से जल्द सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, क्या अब सच कहना गुनाह हो गया है? आखिर इतने बड़े भ्रष्टाचार के बाद भी जिला प्रशासन और सरकार चुप क्यों है? उन्होंने इस मामले में भूमाफिया, अंचलाधिकारी, समेत संलिप्त सभी लोगों पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि अगर अभिलंब इस मामले पर कार्रवाई नहीं होती है तो अब हम सभी जनता चुप नहीं बैठेंगे जरूरत पड़ने पर इसके लिए आंदोलन भी किया जायेगा।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूली, विभाग ने कार्रवाई का दिया निर्देश



**बरवाडीह / लातेहार (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श नगर मोहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध रूप से पैसे वसूलने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि मीटर लगाने पहुंचे कंपनी के कुछ कर्मी प्रति घर 100 से 200 तक की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजना के तहत स्मार्ट मीटर नि:शुल्क लगाये जा रहे हैं, बावजूद इसके कुछ कर्मी जबरन पैसा मांग रहे हैं। इससे मोहल्ले के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं का शोषण बंद हो सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गयी, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे। उधर, मामले की जानकारी मिलते ही विद्युत सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने में पैसे की कोई वसूली नहीं की जानी चाहिए। यह पूरी तरह नि:शुल्क कार्य है। उन्होंने कहा कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा 100 से 400 तक की अवैध वसूली की शिकायत मिली थी। इस पर विद्युत अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कंपनी के सुपरवाइजर को दोषी कर्मियों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। अमित कुमार ने स्पष्ट कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने में उपभोक्ताओं से एक रुपये भी नहीं लिया जायेगा। यदि कोई कर्मी पैसे की मांग करता है तो उसकी सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि उस पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

## आंगनबाड़ी सेविका बच्चों के प्रति रखें ध्यान : सुषमा कुजूर



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में महिला पर्यवेक्षिका की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका समय से केंद्र का संचालन करें जो सेविकाएं बीएलओ का कार्य कर रही है। जिसे ससमय पूरा करेंगे। साथ ही कौशल विकास योजना से बच्चियों को जोड़े क्यों कि शिक्षा के साथ साथ हुनर की आवश्यकता है। जिसके लिये बालिकाओं को जागरूक करें और समाज कल्याण योजना के बारे में और बाल विकास योजना की जानकारी लाभुक को देकर लाभ पहुंचाने का कार्य करें। गर्भवती महिलाओं और बच्चे बच्चियों का टीकाकरण के बारे में एक दिन पहले जानकारी देते हुए और बताये कि आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण और टीएचआर का कार्य हो रहा है। मौके पर रजनी देवी, किरण कुमारी, शहनाज बानो, शांता मिंज, टिंकी देवी, यशोदा कुमारी समेत अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल चोरी करते युवक को लोगों ने पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल



**कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडु बाजार टाड में गुरुवार को एक युवक मोटरसाइकिल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गये युवक की पहचान मो. दिलशाद, पिता नेसार अहमद, निवासी मासियतू, थाना बालूमाथ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी बाजार क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी करने की फिराक में था, तभी स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और इसकी सूचना कुरु थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि बताया कि गिरफ्तार युवक का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे शुक्रवार, दिनांक 24 अक्टूबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू, नहाय खाय आज

> यह त्योहार चार दिन तक चलने वाला महापर्व छठ व्रत बहुत ही धूम धाम से मनाया जाता है

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** दीपावली के बाद श्रद्धालु छठ पूजा की तैयारियों में जुट गये हैं। लोक आस्था का महापर्व 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान शुरू होगा। बाजारों में रौनक बढ़ गयी है, लोग फल, पूजन सामग्री खरीदने में व्यस्त हैं। छठ पर्व के लिए परदेसी घर लौट रहे हैं। छठ गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। छठ पूजा कार्तिक माह के शुक्लपक्ष षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। नहाये खाय शनिवार 25 अक्टूबर को मनाया जायेगा, खरना 26 अक्टूबर को, भगवान भास्कर का संध्याकालीन अर्घ्य 27 अक्टूबर को और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य 28 अक्टूबर को दिया जायेगा। यह त्योहार चार दिन तक चलने वाला महापर्व छठ व्रत बहुत ही धूम धाम से मनाया जाता है। पूजा के पहले दिन नहाय खाय किया जाता है। इस दिन स्नान और भोजन करने का विधान है। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना पूजा होती है। इस दिन महिलाएं नये मिट्टी के चूल्हे पर खीर बनाती हैं। इसके बाद उसे भोग के रूप में छठी मैया को अर्पित किया जाता है। इस दिन पूजा के बाद व्रत की शुरुआत होती है। इसके अगले दिन यानी तीसरे दिन निर्जला व्रत रखा जाता है और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है। इसके बाद शुभ मुहूर्त में व्रत का पारण किया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को सच्चे मन से करने से घर में सुख और समृद्धि का आगमन होता है। छठ पूजा एक ऐसा पर्व है, जब डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर उपासना की जाती है। वहीं, सनातन धर्म में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से जातक को सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन खुशहाल होता है। छठ पूजा को कई नाम से जाना जाता है कही छठी मैया, षष्ठी व्रत, छठ व्रत के नाम से जाना जाता है। यह त्योहार पुरुष और स्त्री दोनों मिलकर व्रत को करते है छठ व्रत करने से सभी मनोकामना पूर्ण होता है। बहुत ही कठिन व्रत होता है इस त्योहार में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह त्योहार में रीती रिवाजों को संपन्न करने का एक बड़ा विधि भी है जो अपने संस्कृति और संस्कार के अनुसार व्रत को किया जाता है। यह व्रत भगवन सूर्य के पूजन के लिए समर्पित है छठ व्रत साल में दो बार मनाया जाता है पहला चैत्र माह के षष्ठी तिथि को दूसरा कार्तिक माह के शुक्लपक्ष के षष्ठी तिथि को मनाया जाता है।

हिंदुओं का महान पर्व छठ को लेकर परदेसी अपने-अपने घर आने लगे हैं। जिले के लोग रोजी-रोटी की तलाश में अन्य प्रदेशों में निजी व सरकारी नौकरी करते हैं, लेकिन कार्तिक माह में मनाए जाने वाला सूयोर्पासना का व्रत छठ में शरीक होने के लिए वाहनों में अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। यात्री वाहनों में लोग खड़े होकर आने को मजबूर हैं। दिल्ली, आंध्र प्रदेश, मुंबई, हरियाणा, पंजाब सहित अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों ने बताया कि वे प्रत्येक वर्ष छठ पूजा में अपने घर आते हैं।

### हर तरफ गूंज रहे छठ गीत

हर तरफ गूंज रहे छठ गीत लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर चारों ओर गूंज रहे छठ गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इन गीतों में जहां कई गीत पारंपरिक हैं तो कई नये-पुराने गीतकारों द्वारा लिखे गीत हैं। इन गीतों के चर्चित वरिष्ठ गायक-गायिकाओं के अलावा नवोदित बाल कलाकारों ने भी आवाज दी है। कर्णप्रिय धुन व सुरीली आवाज के कारण ये गीत लोगों को काफी प्रभावित कर रहे हैं। छठ के गीतों में "काच ही बांस के बहंगिया.", "नारियलवा जे फरेला.", "कातिक के छठ के बरतिया.", "ए छठी मईया.", "हे दीना नाथ.", "केलवा के पात पर.", "उठउ सूरज भइले बिहान.", आदि गीतों से पूरा वातावरण गूंज रहा है।

## घटिया पीओपी सामग्री के कारण प्लास्टर टूटने का जिप सदस्य ने लगाया आरोप

> दो दिन पूर्व जिप सदस्य ने पत्नी का पैर फ्रैक्चर हो जाने के कराया था प्लास्टर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार सदर अस्पताल लातेहार में हड्डी टूटने व हड्डी रोग से संबंधित मरीजों के इलाज में लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जीप सदस्य विनोद उरांव ने अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दो दिन पूर्व उनकी पत्नी का दाहिना पैर टूट जाने के बाद वे उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गये थे। जीप सदस्य ने बताया कि अस्पताल में उनकी पत्नी का इलाज करते हुए डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस लगाकर पक्का प्लास्टर किया गया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि दूसरे ही दिन खराब गुणवत्ता वाली पट्टी और घटिया पी.ओ.पी. सामग्री के कारण प्लास्टर टूटने लगा। इस समस्या की जानकारी अस्पताल कर्मियों ने डीएस, सिविल सर्जन तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को दी। लेकिन किसी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। इस घटना से नाराज विनोद उरांव ने गुरुवार को सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद से मुलाकात कर पूरी घटना की शिकायत की। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हड्डी रोगियों के इलाज में इस प्रकार की लापरवाही बेहद चिंताजनक है। और यह स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने मांग की कि अस्पताल में उपयोग हो रही चिकित्सा सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच कराई जाये। तथा घटिया सामग्री सप्लाई करने वाले सप्लायर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। वहीं, उपाधीक्षक डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद ने भी मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह गलती हुई है। और संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी जायेगी और सामग्रियों की जांच कराई जायेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जायेगी।

## लोहरदगा तीन हत्या मामला: एचसी ने मांगी रिपोर्ट

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में अक्टूबर महीने में जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका में बदल दिया। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि दो साल के दौरान डायन प्रथा निवारण अधिनियम- 1999 के तहत झारखंड में दर्ज केस की पूरी रिपोर्ट दें। कोर्ट ने कहा कि डायन और जादू-टोना के अंधविश्वास में बच्चा सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या गंभीर बात है। इसलिए इस तरह के कितने मामले सामने आए, इसकी रिपोर्ट कोर्ट में सौंपे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को निर्धारित की है। मालूम हो कि कोर्ट ने समाचार पत्रों में प्रकाशित हत्या की खबर पर संज्ञान लिया था। इसके बाद राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा था।

## छोटी इलाइची, वैनिला और काली मिर्च की खेती शुरू, उपायुक्त ने पौधा लगा कर की शुरुआत



> उपायुक्त ने कहा-व्यावसायिक फसलों की खेती करें, आय बढ़ायें
>
> सलगी पंचायत की यह क्रांति दूसरे पंचायतों में भी पहुंचे, जिला को बनायें अग्रणी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन और प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयास से कुडू प्रखण्ड के सलगी पंचायत के रोचो बरवाटोली में इलाइची, काली मिर्च और वैनिला की जैविक खेती प्रारंभ की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने संबंधित फसल के लिए पौधा का रोपण किया। इन तीनों फसलों में; छोटी इलाइची की खेती दो एकड़, काली मिर्च की खेती डेढ़ एकड़ और वैनिला की खेती एक एकड़ की खेती की जा रही है। जिला प्रशासन और प्रदान संस्था की ओर से सेनेम नेरेम किसान उत्पादक समूह के किसानों को तकनीकी सहायता देकर इन फसलों की खेती प्रारंभ की गयी है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि कुडू के सलगी पंचायत के रोचो बरवाटोली में इंटीग्रेटेड फार्मिंग के तहत छोटी इलायची, काली मिर्च और वैनिला की खेती प्रारंभ हो रही है। यह गर्व की बात है क्योंकि इंटीग्रेटेड फार्मिंग के तहत इन फसलों की खेती झारखंड में पहली बार हो रही है। अगर यह सफल रहता है तो यह एक क्रांति की तरह होगा। हम इसे पूरे जिला में करेंगे ताकि लोहरदगा जिला इन फसलों निर्यातक जिलों में शामिल हो सके। ये तीनों फसलें दोगुनी व तिगुनी आय देने वाली फसलें हैं। अगर किसान अपने उत्पाद के लिए ग्लोबल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के जरिये अपने उत्पाद बेचे तो खरीदार की कभी कमी नहीं होगी। अगर किसान आर्थिक रूप से सुदृढ़ हों तो कोई भी जिला विकसित और खुशहाल हो सकता है।कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी सौरभ लोहानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष उरांव, कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ किरण, सलगी पंचायत मुखिया सुमित्रा देवी, बड़कीचांपी पंचायत के मुखिया राजधन भगत, उप मुखिया हेना तिवारी, एफपीओ सेनेम नेरेम की ओर से एमलेन कंडुलना, प्रदान संस्था की ओर से विकास मिश्रा, गोल्डन राज व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### व्यावसायिक फसल की खेती करें किसान

उपायुक्त ने कहा कि किसान व्यवसायिक फसलों की खेती करें। इससे ना सिर्फ आप आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे बल्कि आप अन्य जोखिम उठाने में भी सक्षम होंगे। इन फसलों से आपको मेहनत की सही कीमत मिल सकेगी। गेहूं या धान की अपेक्षा व्यावसायिक फसलों में अधिक मुनाफा होता है। किसान अपने फसल का बीमा भी कराएं। उपायुक्त ने कहा कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग को सभी किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक किसान जैविक खेती से जुड़ सकें और उर्वरकों पर निर्भरता छोड़ें।

### जोखिम उठायें, अधिक लाभ कमायें : उप विकास आयुक्त

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि किसान नयी तकनीक का इस्तेमाल करने, अपनी मिट्टी के अनुसार फसलों का चयन कर खेती करें तो यह जोखिम आपको मुनाफा देगा। किसान जोखिम उठाने से डरे नहीं। किसानी कार्य लोहरदगा के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उपायुक्त ने कार्यक्रम के उपरांत पोषण वाटिका और पोल्ट्री फार्म का भी निरीक्षण किया।

## स्थानीय युवाओं के प्रयास से ठकुराइन तालाब की हुई साफ - सफाई



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का पर्व छठ पूजा में शुद्धता को ध्यान में रखते हुए ठकुराईन तालाब गुदरी बाजार में नगर परिषद, शिव शक्ति क्लब, कला समिति रघुनंदन लेन और गुदरी बाजार के युवाओं के द्वारा संयुक्त प्रयास से पूरा छठ तालाब में सफाई अभियान युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस बार लोहरदगा में छठवृतियों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिन लोगों के पास सुविधा है वह नदियों में जाते हैं। परंतु जिनके पास सुविधा का अभाव है वो नजदीक के छठ तालाब में सूर्य को अर्घ देते हैं। इसी कड़ी में ठकुराईन तालाब गुदरी बाजार का जो पुराना इतिहास था। इसे देखते हुए समिति के पदाधिकारी और युवाओं के द्वारा अथक प्रयास करते हुए तालाब में विद्युत सज्जा तालाब सफाई अभियान आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, केंद्रीय महावीर मंडल, जय श्री राम समिति के संरक्षक सूरज अग्रवाल ने सभी छठवर्ती माता बहनों से निवेदन किया है कि गुदरी तालाब में छठ पर्व मनाने हेतु आप विशेष आमंत्रित हैं। सभी छठवर्तियों को सभी सुविधा मुहैया कराई जायेगी।

## 250 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** किस्को थाना पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर एक युवक को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 250 ग्राम गांजा (प्लास्टिक सहित), एक यामाहा कंपनी की ब्लैक और ब्लू रंग की स्कूटी (जेएच 08 एल 7538), एक मोबाइल फोन और 3,760 नगद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी को सूचना मिली थी कि यूसूफ अंसारी (44 वर्ष), पिता स्व. इलियास अंसारी, ग्राम-नारी, थाना-किस्को स्कूटी से लोहरदगा से किस्को की ओर गांजा लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेदांत शंकर (भा.पु.से.) के नेतृत्व में थाना प्रभारी सुमन मिंज समेत पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने आवासीय टाना विद्यालय के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक स्कूटी सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा, जिसे सशस्त्र बल की मदद से रोका गया। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में एएसपी वेदांत शंकर, थाना प्रभारी सुमन मिंज, पु.अ.नि. देवेन्द्र हांसदा, हवलदार चितरंजन प्रसाद, आरक्षी रत्न लाल किस्कू, आरक्षी लक्ष्मण उरांव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## शांतिपूर्ण रही दीपावली-काली पूजा, डॉ. टी साहू ने जताया आभार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में दीपावली और काली पूजा का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर टी. साहू ने लोहरदगा जिला प्रशासन, पूजा समिति और स्थानीय नागरिकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिलेभर में दोनों पर्वों के दौरान प्रशासनिक तत्परता और जनता के सहयोग से अमन-चैन का माहौल बना रहा। पुलिस विभाग, नगर परिषद, स्वच्छता कर्मियों और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और लोग निश्चिंत होकर पर्व का आनंद ले सके। डॉक्टर टी साहू ने कहा कि जिस प्रकार दीपावली और काली पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, उसी तरह लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा भी जिले में आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द के वातावरण में संपन्न होगा। उन्होंने जनता से अपील की कि छठ पर्व के दौरान भी स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक सहयोग बनाये रखें, ताकि लोहरदगा की पहचान शांति और सद्भाव का प्रतीक बनी रहे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा की जनता ने इस वर्ष फिर यह साबित किया है कि जब प्रशासन और समाज मिलकर कार्य करते हैं तो हर पर्व एकता और सौहार्द का संदेश देता है।

## जतरा धार्मिक उत्सव, इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिये : निशीथ जायसवाल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गुड़गामा जतरा बगीचा में आयोजित सोहराय जतरा के मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि भारत एक विविधता से भरा देश है। यहां के हर राज्य, हर गांव और हर समुदाय की अपनी विशिष्ट परंपराएं हैं। इन्हीं परंपराओं में से एक है जतरा। जिसमें आदिवासी भाई बहन पारंपरिक वेश भूषा, वाद्ययंत्र, के साथ भाग लेते हैं जतरा एक धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव होता है, जो गांव या क्षेत्र विशेष के देवता या देवी की पूजा के अवसर पर मनाया जाता है हमे इसे संजो कर रखना चाहिए यह हमारी विशेष पहचान है जतरा आमतौर पर फसल कटाई या बरसात के बाद के मौसम में मनायी जाती है। उस समय खेतों में नया अनाज आता है और लोग खुशियां बांटते हैं। गांव में देवी या देवता और पशुधन की पूजा की जाती है। ढोल-नगाड़े बजते हैं, लोग नाचते-गाते हैं। दूर-दूर के रिश्तेदार और मेहमान भी इसमें शामिल होते हैं। मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारी प्रवीण सिंह, प्रमुख सुनीता कच्छप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुरु उपप्रमुख एनुल अंसारी, विनोद भगत, बीरू उरांव, विरेंदर, विरेंदर उरांव आदि उपस्थित थे।

## जिला राजी पड़हा व्यवस्था लोहरदगा की हुई बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला राजी पड़हा व्यवस्था लोहरदगा के पदाधिकारियों की अहम बैठक ब्लॉक परिसर स्थित नगर परिषद सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजी पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों को मजबूत करना, सदस्यों के हक-अधिकार की मांग को राज्यपाल तक पहुंचाना और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय करना था। बैठक में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल से मुलाकात और हक-अधिकार की मांगें, पदाधिकारियों ने विचार किया कि किस प्रकार अपने अधिकारों के लिए प्रभावी ढंग से राज्यपाल से मुलाकात कर आवश्यक मांगें रखी जायें। पड़हा सेमिनार का आयोजन, संगठन के सदस्यों और आम जनता को जागरूक करने हेतु विभिन्न पड़हा सेमिनारों के आयोजन पर चर्चा हुई। संगठन को मजबूत बनाना, सभी क्षेत्रीय पड़हा में नियमित बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने की रणनीति तय की गयी। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और आगामी कार्यक्रमों और रणनीतियों पर सुझाव दिये। इसके साथ ही संगठन ने समाज में एक सकारात्मक संदेश देने और अपने उद्देश्य को साकार करने का संकल्प दोहराया। बैठक में मुख्य रूप से उप दीवान बजरंग उरांव, कोषाध्यक्ष गोसाई भगत, दीवान वीरेंद्र उरांव, उप दीवान बबलू उरांव, मंजन उरांव, जोख बेल अध्यक्ष, अनमोल राजू बाखला, जोख दीवान सुखदेव उरांव और अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

## नाबालिग हत्याकांड के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस : कमलेश यादव

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश कुमार यादव ने शुक्रवार को पचमों गांव पहुंचकर नाबालिग मृतक नीरज कुमार के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। सपा नेता यादव ने कहा कि घटना के 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, जो पुलिस प्रशासन की बड़ी नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गयी तो समाजवादी पार्टी जनहित में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। यादव ने कहा कि निर्दोष नाबालिग की हत्या से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# छठ घाटों की स्वच्छता और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता: अरुणा

**छठ महापर्व की तैयारियों के मद्देनजर पलामू डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन और मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने छठ घाटों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया**


पलामू डीसी, एसपी और प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने छठ घाटों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आसन्न छठ महापर्व की तैयारियों के मद्देनजर पलामू डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन और मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने छठ घाटों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने छठ घाटों की वर्तमान स्थिति, खासकर कोयल नदी में पानी के उच्च स्तर और बालू के अवैध खनन के कारण हुए किनारों के गहरे होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि यह स्थिति छठ व्रतियों और विशेषकर बच्चों के लिए खतरनाक हो सकती है। प्रथम महापौर ने ज़िला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि छठ महापर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कोयल रिवर फ्रंट घाट पर समुचित संख्या में गोताखोरों और प्रशिक्षित तैराकों की तैनाती सुनिश्चित की जाये। इसके अतिरिक्त उन्होंने पर्याप्त लाइटिंग, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की भी मांग की, ताकि छठ व्रती बिना किसी परेशानी के आस्था के इस महापर्व को मना सकें।

प्रशासन ने विश्वास जताया कि ज़िला प्रशासन छठ पर्व की महत्ता को समझते हुए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है और कोयल रिवर फ्रंट, पंपू कल घाट अमानत और काचरवा घाट को छठ के लिए पूरी तरह सुरक्षित और शुभ व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि ना ही छठ करने वाले को कष्ट हो और ना ही अरघ देने वाले को कोई दिक्कत का सामना करना पड़े। इस अवसर पर प्रशासन के साथ निगम के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# मधुपुर क्षेत्र को मिली बिजली आपूर्ति में मजबूती का तोहफा, 10 एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगा

## मंत्री हफीजुल हसन ने ऑनलाइन किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** मधुपुर के गड़िया स्थित विद्युत उपकेंद्र पर एक बड़ा सुधारात्मक कार्य हुआ है, जहां पुराने 5 एमवीए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर एक नया और अधिक शक्तिशाली 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है। झारखंड सरकार के मंत्री और स्थानीय विधायक हफीजुल हसन ने इसका ऑनलाइन उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि छठ पर्व के दौरान बेहतर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने और आसपास के ग्रामीण इलाकों की बिजली समस्या को दूर करने के लिए यह ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है। इस उन्नयन से गड़िया, टाउन, जयंतीग्राम, सापर्त फीडर, पिपरासोल, भेड़वा, चांदमारी, लालगढ़, बेलपारा, कुम्हार टोली, सीता राम डालमिया रोड, नबीबॉक्स रोड, नवपतरो, महुआडॉबर, गुनियासोल, जामा, चरपा, टंडेरी, कुर्मिडीह, रतुबहियार, मिसरना, कल्याणपुर, कोरकट्टा, बदिया तथा गांव कानों उपकेंद्र से जुड़े संघरा, टेकरा, सपहा, खमरबाद, पथरोल, गोराडीह, माधोपुर, पथरा, बहादुरपुर, सपहा बघनाडीह, बारा, चक्रधरपुर, सिरसिया, रूपबाद, पनियरा, मटियारा, लखी बाजार, लखीमपुर, जमुनी, बिल्ली, गोनेया और कमरसाली जैसे क्षेत्रों के निवासियों को अब नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि अकदस अंसारी, देवघर विद्युत अधीक्षण अभियंता केके सिंह, देवघर एमआरटी सहायक अभियंता प्रमिला लकड़ा, मधुपुर सहायक अभियंता दीपक कुमार, झामुमो के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अबु तालिब अंसारी, देवघर झामुमो जिला सचिव दिनेश्वर किस्कू, करौं प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि गुलाम अशरफ उर्फ राजू, नगर अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, नगर उपाध्यक्ष मो ताजुद्दीन, नगर कोषाध्यक्ष अमित कुमार चंद्रवंशी, विद्युत प्रतिनिधि अजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी समीर आलम, कन्हैया लाल कन्नू, जुनैद अंसारी तथा विद्युतकर्मी मुन्मुन, महेंद्र, टिंकू, मिठू, शलेंद्र, रूपेश, बबलू, रमेश आदि मौजूद थे।

# एसपी से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला और जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। इस बावत नेताओं ने एक ज्ञापन भी एसपी को सौंपा, जिसमें कहा गया है कि रोजाना कहीं न कहीं रोज चोरी, डकैती, छिनतई, हत्या, बाइक चोरी जैसी घटना बढ़ गयी है। इसमें 70 प्रतिशत घटनाओं का खुलासा नहीं हो पा रहा है। घटना होना एक अलग विषय है, लेकिन घटना की जड़ तक पुलिस का पहुंचना एक अलग विषय है। अपराध बढ़ने का एक कारण समुचित कार्रवाई नहीं होना है। देवघर और मधुपुर शहरी इलाके में छोटी-बड़ी घटना जैसे एचडीएफसी बैंक डकैती कांड, रिखियास में सीताराम मंडल के घर डकैती, मंदिर और घरों में चोरी आदि कई कांड हैं, जिसका उद्भेदन नहीं हो गया है। जिले में अपराधी बेखौफ हो गये हैं। थाने की पुलिस अपराधियों पर नजर रखने के बजाय बालू गाही को रेकी करती है। रोज गिट्टी, बालू दूसरे राज्य में तस्करी हो रही है, जिसमें थानों की मिलीभगत है। प्रतिबंधित लॉटरी खुले बाजार में बिक रहा है। साइबर के नाम पर कार्रवाई के बदले मोटी उगाही हो रही है। भाजपा की मांग की है कि उक्त घटनाओं पर अंकुश लगे। प्रतिनिधिमंडल में संतोष उपाध्याय, मुकेश पाठक समेत अन्य लोग शामिल थे।

# विधायक प्रतिनिधि से एएसआइ ने की मारपीट, निलंबित हुआ

**अगर रक्षक ही भक्षक बन जाये तो सुरक्षा व्यवस्था कैसे चलेगी : विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना में पदस्थापित एएसआई जितेंद्र कुमार यादव पर विधायक प्रतिनिधि अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव के साथ गाली गलौज और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। जिसको लेकर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नाराजगी जतायी और घोर निंदा की। कहा कि अगर रक्षक ही भक्षक बन जाये तो सुरक्षा व्यवस्था कैसे चलेगी। उन्होंने एएसआई जितेंद्र कुमार यादव को पुलिस प्रशासन से बर्खास्त करने की मांग की। हालांकि पुलिस प्रशासन ने एएसआई जितेंद्र कुमार यादव को निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि कटौंधा के धीरज यादव और ग्राम ढेला के शिवम कुमार के बीच झड़प हुई थी। जिसे लेकर विधायक प्रतिनिधि लाला यादव ने अनिल यादव के बुलाने पर थाना गये थे। एएसआई जितेंद्र कुमार ने एक गुट के साथ गाली गलौज और अभद्र व्यवहार कर रहे थे। लाला यादव ने पूछा, क्यों गाली गलौज कर रहे हैं। इस पर एएसआई आगबबूला हो गये और उनके साथ भी गाली गलौज और मारपीट करने लगे। जिससे लाला यादव के एक हाथ मे गंभीर चोट आयी है।

इधर लाला यादव ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, तरहसी विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ सिंह, पूर्व मुखिया अजय पासवान, रामराज सोनी, गोपाल साव, छोटेलाल सोनी, राजगोविंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# देवघर के नंदन पहाड़ लेक में छठ की तैयारियां जोरों पर, लेकिन नगर निगम की लापरवाही से बढ़ी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शुद्धता, पवित्रता और लोक आस्था के महापर्व छठ की छटा इन दिनों देवघर में हर जगह देखने को मिल रही है। छठ पर्व को लेकर शहर के विभिन्न घाटों की साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में नंदन पहाड़ लेक पर भी छठ घाट समिति और स्थानीय लोग मिलकर सफाई अभियान में जुटे हुए हैं। छठ घाट समिति के सदस्यों ने बताया कि नंदन पहाड़ लेक की सफाई पूरी तरह से स्वयंसेवकों और समिति के प्रयासों से की जा रही है। समिति का आरोप है कि नगर निगम की ओर से अब तक किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है। लेक में पानी काफी गंदा है और जलकुंभी की भरमार ने श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा दी है। छठ घाट समिति के सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि नगर निगम की ओर से कोई पहल नहीं की गई है, जबकि छठ जैसे बड़े पर्व पर साफ-सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन की होनी चाहिए। वहीं समिति सदस्य राहुल ने बताया कि हम सभी अपने खर्चे और श्रम से घाट को स्वच्छ बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा कर सकें। आपको बता दें कि नंदन पहाड़ लेक देवघर के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र में स्थित है। सुनहरी वादियों से घिरा यह स्थान न केवल धार्मिक बल्कि पर्यटन के दृष्टिकोण से भी आकर्षण का केंद्र है। छठ पर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में सफाई और सुरक्षा को लेकर प्रशासन की तत्परता बेहद जरूरी है।

## शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज हुसैनाबाद में शिक्षक नियुक्ति के लिए साक्षात्कार प्रारंभ


साक्षात्कार करते शिक्षक।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को पहले दिन विभिन्न विषयों के लिए साक्षात्कार संपन्न हुआ। इस क्रम में इतिहास, उर्दू, संस्कृत, भौतिकी शास्त्र और गणित विषयों के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार की निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विषयवार बाहरी विशेषज्ञ शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह, प्रधान सहायक अंशुल सिंह, समिति सदस्य संजय कुमार सिंह, अरविंद सिंह, अनिल कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह सहित कई शिक्षक एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि शेष विषयों के साक्षात्कार आगामी तिथियों में संपन्न कराए जायेंगे। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिणाम की घोषणा की जायेगी।

# सूर्य देव के प्राणप्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता


प्राणप्रतिष्ठा के मौके पर मौजूद श्रद्धालु।

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत पंजरी खुर्द स्थित गिरनाली बाबा धाम परिसर में नव-स्थापित सूर्य देव की प्रतिमा का तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान शुक्रवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। अनुष्ठान के पहले दिन गिरनाली बाबा धाम परिसर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी थी। इसके बाद तीन दिनों तक विशेष धार्मिक अनुष्ठान चला, जो आज हवन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान यूपी कानपुर से आये तीन प्रकांड ब्राह्मण विद्वान डॉ अमलेश कुमार तिवारी, आचार्य मनीष कुमार मिश्रा और आचार्य अनूप कुमार मिश्रा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में ट्रस्ट के संरक्षक ज्योति पाठक व विभा पाठक ने स-परिवार पूजा-अर्चना किया। वहीं दूसरे दिन सूर्य देव की प्रतिमा का प्राणप्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ हुआ। प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह भी शामिल हुये। पूर्णाहुति के दिन भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धर्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, प्रखंड समन्वयक रौशन पाठक, नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव, ट्रस्ट अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक एस एन पाठक, अश्विनी पाठक, आनंद पाठक, कौशल पाठक, महेंद्र पाठक, अरुण पाठक, धर्मेंद्र पाठक, चंचला देवी, प्रेरणा पाठक सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# नवयुवक संघ समिति कोल्हुवाड़ा ने की सड़क समतलीकरण और घाट की सफाई


सफाई के बाद छठ घाट पर मौजूद समिति के सदस्यगण।

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत कोल्हुवाड़ा और जगदीशपुर के नवयुवक संघ समिति द्वारा शुक्रवार को छठ पर्व को लेकर समाजसेवा का सराहनीय कार्य किया गया। समिति के सदस्यों ने बतरे नदी स्थित छठ घाट तक लगभग एक किलोमीटर सड़क का समतलीकरण किया तथा घाट परिसर की सफाई कर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की। सदस्यों ने बताया कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है। इसलिए समिति हर वर्ष घाट की सफाई, सड़क मरम्मत और रोशनी की व्यवस्था करती है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। स्थानीय ग्रामीणों ने भी समिति के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मंटू कुमार उर्फ उपेंद्र मेहता, सचिव संतोष कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार मेहता सहित प्रकाश कुमार, बिट्टू कुमार, प्रभात कुमार, छोटू कुमार, अविनाश कुमार, नितेश कुमार, नवल कुमार, गोलू कुमार, सोनू कुमार, धीरज, विकास, सिकेंद्र, सौरभ, अनिल कुमार और शंकर मेहता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## छठ महापर्व को लेकर ऊंटारी रोड़ थाना प्रभारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**ऊंटारी रोड (आजाद सिपाही)।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देशानुसार ऊंटारी रोड़ थाना प्रभारी संतोष गिरी ने थाना क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समितियों से संवाद स्थापित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि छठ महापर्व न सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा पर्व है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। ऐसे में घाटों की स्वच्छता और व्रतधारियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने आगे कहा कि छठ घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए पूजा समिति को विशेष निगरानी रखनी होगी, साथ ही असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस तंत्र को मजबूत बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, प्रमुख और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

## मनातू थाना प्रभारी ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**मनातू (पलामू) (आजाद सिपाही)।** मनातू में छठ महापर्व की पूर्व संध्या पर थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने मनातू, चक, पदमा आदि घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध की समीक्षा की। इस दौरान घाटों को सजाने के कार्य व सुरक्षा प्रबंध की उन्होंने समीक्षा की। थाना प्रभारी ने छठ घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जलस्तर तथा घाटों में बैरिकेडिंग, रास्तों की सफाई और आवागमन व्यवस्था आदि की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने नदी की जल स्तर को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नदी में बैरिकेडिंग में लाल निशान लगाने का निर्देश दिया। बच्चों पर विशेष निगरानी रखने सहित सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया।

# छठ व्रतियों के बीच रेड़मा जायसवाल टिंबर परिसर में कल बंटेगी आम की सूखी लकड़ियां

**रांची रोड रेड़मा दो नंबर टाउन टीवीएस शो रूम के बगल में स्थित है जायसवाल टिंबर, पछले तीन दशक से बंटते आ रहा है जायसवाल टिंबर में आम की सूखी लकड़ियां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा दो नंबर टाउन रोड स्थित जायसवाल टिंबर परिसर में छठव्रतियों के बीच 26 अक्टूबर दिन रविवार को समय 10 बजे से सूखे हुई आम की लकड़ियों का वितरण किया जाना तय किया गया है। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब उनका आरा मशीन(जायसवाल टिंबर) रेलवे की जमीन से हटाकर रांची रोड रेड़मा दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में शिफ्ट कर दिया गया है। पिछले वर्ष भी उसी परिसर से आम की लकड़ियां वितरित किया गया था।

छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल एवं डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सामाजिक दायित्वों के तहत इस वर्ष छठ व्रतियों के बीच 26 अक्टूबर को जायसवाल टिंबर के नये स्थान परिसर से सूखी आम की लकड़ियां वितरण करने का तिथि मुकर्रर की गयी है।

लोक आस्था, शुद्धता और पवित्रता का महान पर्व छठ व्रत पर जायसवाल टिंबर पिछले 30 वर्षों से व्रतियों के बीच सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरित करते आ रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो, इसे ध्यान में रखते हुए वितरण की विशेष तैयारी और व्यवस्था कर ली गयी है। तािक सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिए सूखी हुई आम की लकड़ियां उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने छठ व्रतियों से अनुरोध किया है कि उक्त निर्धारित समय पर पहुंचकर आम की लकड़ी प्राप्त कर उन्हें अनुगृहीत करें।

# मधुपुर में छठ पर्व को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** जिला कप्तान देवघर सौरभ कुमार के निर्देश पर आगामी छठ पर्व को देखते हुए मधुपुर पुलिस सतर्क हो गई है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मधुपुर थाना के सब-इंस्पेक्टर संजय कुमार ने शहरी क्षेत्र के बावन बीघा स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन मठ के निकट वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गयी। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नागेंद्र मंडल ने बताया कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी। वाहन के कागजात भी जांचे गये। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए, पुलिस गश्त बढ़ा दी गयी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके।

# नहाय-खाय के साथ आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू

## छठ सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और प्रकृति के प्रति समर्पण का पर्व है : अवनीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शनिवार से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति अटूट श्रद्धा का यह पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। व्रत, तपस्या और नेम-निष्ठा के इस पर्व को लेकर छठव्रतियों में उत्साह चरम पर है। वहीं घाटों पर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इस महापर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्राम पुरोहित अवनीश कुमार पाठक ने बताया कि छठ विशेष रूप से कार्तिक माह में मनाया जाता है। जब सूर्य देवता की पूजा का विशेष विधान है। कहा कि सूर्य देवता की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना पूरी होती है। छठ पूजा के दौरान अर्घ्य देने का विशेष महत्व है, जो हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना सिखाता है। व्रत और कठोर तपस्या करने से आत्मा शुद्ध होती



छठ घाट का निरीक्षण करते प्रशासनिक अधिकारी।

है और आत्म संयम की प्राप्ति होती है। यह पर्व चार दिनों तक चलता है, जिसकी शुरूआत नहाय-खाय के साथ होगी।

**पहला दिन (नहाय-खाय) :** छठव्रती महिलाएं-पुरुष स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर घर को पूरी तरह साफ करते हैं। इस दिन अरवा चावल, लौकी (कद्दू) और चने की दाल का सात्विक भोजन बनाकर ग्रहण किया जाता है। इसके **दूसरे दिन** खरना के अवसर पर व्रतधारी पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर और संध्या के समय गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर सूर्य देव को अर्पित करते हैं। प्रसाद ग्रहण करने के बाद उनका 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत आरंभ होगा। **तीसरा दिन (संध्या अर्घ्य) :** सोमवार को व्रतधारी नदी, तालाब घाटों पर एकत्रित होकर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे। **चौथा दिन (उषा अर्घ्य) :** मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न होगा जिसके बाद व्रत का पारण किया जाएगा। इस महापर्व को देखते हुए छोटा नागपुरीया तेली उत्थान समाज एवं स्थाई प्रशासन की ओर से छठ घाटों पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। घाटों की सफाई, रोशनी, सुरक्षा और चिकित्सा की विशेष व्यवस्था की जा रही है। वहीं, प्रशासन ने श्रद्धालुओं से स्वच्छता और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। वहीं, छठ घाट की साफ-सफाई की तैयारी का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ यादव बैठा ने जेसीबी चलवा कर छठ घाट के किनारे साफ-सफाई करवाई।

## थाना प्रभारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शंख नदी छठ घाट का शुक्रवार को थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने निरीक्षण किया। साथ ही छठ व्रतियों की सुविधा के लिए जेसीबी लगाकर साफ-सफाई करवायी गयी। इस मौके पर समाजसेवी कमलेश झा, राकेश झा सहित ग्रामीण मौजूद थे।**

# अस्पताल आने वाले मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाये : डीसी

### डीसी ने किया गुमला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित ने शुक्रवार को गुमला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने ओपीडी, आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड), दंत चिकित्सालय, जन औषधि केंद्र, एसएनसीयू एवं वार्ड का भ्रमण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। डीसी ने अस्पताल परिसर में एक साथ अधिक संख्या में मरीजों की उपस्थिति को देखते हुए पंजीकरण एवं परामर्श की प्रक्रिया को




गुमला सदर अस्पताल का निरीक्षण करती डीसी प्रेरणा दीक्षित।

सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। कहा कि डॉक्टरों एवं नर्सों की ड्यूटी रोस्टर सूची को अस्पताल भवन के बाहर प्रदर्शित किया जाए, ताकि आमजन को ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की जानकारी रहे। अस्पताल परिसर में सीपेज की समस्या को दूर करने के लिए तुरंत सुधार कार्य प्रारंभ करने का भी निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने डीएस कार्यालय के समक्ष पार्किंग शेड निर्माण कराने का भी निर्देश दिया, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों एवं आगंतुकों को किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि अस्पताल की स्वच्छता, समयबद्ध सेवा और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने सिविल सर्जन को सभी निर्देशों का अनुपालन शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी, अस्पताल उपाधीक्षक और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## कई बीपीएम का वेतन रोका गया

**गुमला (आजाद सिपाही)। कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कामडारा, डुमरी, पालकोट और चैनपुर प्रखंड के बीपीएम का वेतन रोक दिया गया। यह निर्देश डीसी प्रेरणा दीक्षित ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि वे सभी हेल्थ वर्कर्स की बैठक कर लक्ष्य आधारित कार्य योजना तैयार करें। ग्रामीण एवं दूरवर्ती क्षेत्रों में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले किसी भी कर्मी को बक्शा नहीं जाएगा। कहा कि सभी पदाधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की ड्यूटी पर नजर रखें। इस मौके पर सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।**

# गुमला में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखी। इस दौरान नागरिकों ने भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की। अधिकारियों ने सभी प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध ढंग से समाधान करने का आश्वासन दिया गया। डीसी ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को जनता के निकट लाना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर उन्हें प्राथमिकता से निष्पादित किया जाएगा।

## चाकू का भय दिखाकर 16 साल की लड़की से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से सटे एक गांव में 16 साल की लड़की को उसके घर पर अकेला पाकर खूंटी जिले के रहने वाले उदय कुमार गुप्ता (25) नामक एक युवक द्वारा चाकू का भय दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी उदय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को पीड़िता की मां किसी काम से रांची गई थी। वह घर पर अकेली थी। इसी बीच उदय उसके घर आया और उसे अकेला पाकर चाकू निकाल लिया और भय दिखाते हुई उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच रात को जब पीड़िता की मां रांची से घर लौटी तो युवक को घर में देख लिया। इसके बाद पीड़िता की मां ने आरोपी युवक को एक कमरे में बंद कर घटना को जानकारी पुलिस को दी। साथ ही पीड़िता अपनी मां के साथ थाना पहुंचकर आरोपित के खिलाफ लिखित आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और घटना की छानबीन करने के बाद शुक्रवार की शाम चार बजे आरोपी को जेल भेज दिया। जबकि पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराया है।

## किसानों के बीच हाइब्रिड नेपियर घास कटिंग का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से घाघरा प्रखंड के कुगांव गांव में 'अपना पानी अपना विकास' परियोजना के तहत 60 किसानों के बीच हाईब्रिड नेपियर घास कटिंग का वितरण मुखिया गीता उरांव के नेतृत्व में किया गया। यह पहल बाइफ-झारखंड संस्था की ओर से आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित की जा रही है। वितरण कार्यक्रम में कुगांव और देवाकी ग्राम पंचायतों के कुल 60 किसानों के बीच नेपियर घास की कटिंग वितरित की गई। इस पहल का मुख्य लक्ष्य किसानों के लिए पशुपालन में चारे की उपलब्धता को सुनिश्चित करना और उनकी आजीविका के साधनों को मजबूती प्रदान करना है। यह परियोजना घाघरा प्रखंड के इन दो पंचायतों के कुल 10 गांवों में विभिन्न विकास गतिविधियां संचालित कर रही है। इस मौके पर कुगांव की मुखिया गीता उरांव, बाईफ-झारखंड के प्रोजेक्ट लीडर प्रत्यूष बेहेरा, आकाश पात्र, सुमरारेन बाखला आदि उपस्थित रहे।

## छठ पर्व को लेकर प्रखंड प्रशासन ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ अशोक बड़ाइक एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कुदरा तालाब, सिसई तालाब, परास नदी, नागफेनी कोयल नदी सहित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी घाटों की साफ-सफाई में तेजी लाने के साथ ही घाटो पर प्रकाश व्यवस्था, महिलाओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती एवं गहरे पानी से बचाव के लिए एनडीआरएफ टीमों की तैनाती को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ अशोक बड़ाइक, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# बेटियां समाज की शक्ति हैं : प्रेरणा दीक्षित




### 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत डीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत शुक्रवार को गुमला सदर अस्पताल परिसर से डीसी प्रेरणा दीक्षित ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ गुमला जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और समानता के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं। उनके प्रति भेदभाव समाप्त कर शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग दें। जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को यह जानकारी दी जाएगी कि गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण करना, करवाना या इसके लिए सहयोग देना एवं इसका विज्ञापन करना एक कानूनी अपराध है।

## दिया गया बेबी किट एवं जन्म प्रमाण पत्र

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत सदर अस्पताल में जन्मी नवजात बालिकाओं को बेबी किट एवं जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी तथा सदर अस्पताल उपाधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थें।

## बीएलबीसी की बैठक में बैंकों को दिये महत्वपूर्ण निर्देश



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक शुक्रवार को बीडीओ कक्ष में हुई। जिसकी अध्यक्षता अग्रणी बैंक प्रबंधक पवन कुमार ने की। इसमें बीडीओ यादव बैठा ने बैंकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने बैंकों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने और वित्तीय साक्षरता अभियान को गति देने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में कृषि ऋण के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) आवेदनों पर विशेष रूप से बात की गई। इसके अतिरिक्त लाभुकों की री-केवाईसी करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के साथ ही प्रत्येक पंचायत भवन में री-केवाईसी फॉर्म जमा करने की भी बात कही गई। बच्चों के एनपीसीआई मैपिंग के बारे में भी लाभुकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बीडीओ के निर्देश में बीएलबीसी की भूमिका को मजबूत करते हुए लाभुकों के खाते में शीघ्र राशि हस्तांतरण और फसल क्षति राशि का भुगतान सुनिश्चित करना शामिल था। इस मौके पर चैनपुर बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, सहकारिता बैंक चैनपुर के प्रबंधक सुधाकर शेतु और ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक दिवाकर सिन्हा उपस्थित थे।

## बाइक चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली निवासी सुधीर कुमार महतो की बाइक उसके घर के बाहर से ही चोरी हो गयी। सुबह उठकर जब देखा तो बाइक नहीं थी। इसके बाद उसने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पता चला कि घर के बगल में रहने वाला अजय साहू सुबह में बिना किसी को कुछ बताए बाइक उठा ले गया है। हालांकि उससे पूछने पर उसने बाइक ले जाने की बात से साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद सुधीर ने थाने में बाइक चोरी के संबंध में अजय साहू के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। जिसके आधार प्राथमिकी दर्ज कर अजय साहू को पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले आयी। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि बाइक चोरी कर तोरपा कर्रा रोड स्थित अपने मकान में छिपा कर रखा है। उनकी निशानदेही पर पुसि ने तोरपा स्थित आवास से चोरी की बाइक को बरामद कर लिया। लगे हाथ पुलिस ने आरोपी अजय साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कृषि कार्य से जुड़े किसान बिजली के लिए कनेक्शन जरूर लें: सय्यदा

## बिजली समस्या को लेकर मिशन बदलाव की टीम ने गुमला एसडीओ से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को मिशन बदलाव की जिला सचिव सय्यदा खातून, जिला उपाध्यक्ष सोनमती कुमारी, युवा मोर्चा के सचिव सुधीर लकड़ा और भूषण सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने गुमला एसडीओ से मुलाकात की। इस मौके पर सय्यदा खातून ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से लगातार छापामारी अभियान चलायी जा रही है। किसानों और छोटे-बड़े व्यापारियों को बिजली बिल और बिजली कनेक्शन भरने की हिदायत दी जा रही है। सय्यदा ने कहा कि सभी किसानों को बिजली का उपयोग करने से पूर्व कनेक्शन लेना अति आवश्यक है। मिशन बदलाव की सोनमती कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से सभी गरीब किसानों को मुफ्त में कनेक्शन दिया जाता है, लेकिन इसकी जानकारी विभाग द्वारा



कभी धरातल पर किसानों तक नहीं पहुंचाई गई है। जानकारी के अभाव में किसान बिजली का मुफ्त उपयोग करते रहते हैं। और बिजली विभाग की छापामारी के दौरान उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, सुधीर लकड़ा ने कहा कि जिला प्रशासन और सरकार से अपील है कि किसानों को जो मुफ्त कनेक्शन देने के बाद बिजली बिल भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है उसे पूरी तरीके से निःशुल्क रखा जाए। कहा कि मिशन बदलाव की टीम को बिजली विभाग के सचिव से मिलकर बातों को रखनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं, भूषण सिंह ने कहा कि छोटे व्यापारी, जो गांव में रहते हैं और जिनके घर सड़क किनारे हैं। अगर वह फ्रिज में रखकर भी अपना छोटा-मोटा व्यापार कर रहे हैं तो उनकों भी बिजली विभाग की ओर से छापामारी कर परेशान किया जा रहा है। भूषण सिंह ने कहा कि छापामारी से पहले बिजली विभाग को एक सप्ताह पूर्व सभी लोगों को नोटिस देनी चाहिए। मुलाकात के दौरान लोगों को अपनी दुकान, खेत में पटावन में बिजली खपत आदि के लिए अलग से बिजली कनेक्शन मीटर लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा गया।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा।

सूचना

Employment Linked Incentive (ELI) Scheme

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के द्वारा Employment Linked Incentive Scheme की शुरूआत रोजगार सृजन, रोजगारपरकता बढ़ाने एवं सामाजिक सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

ELI Scheme At a Glance
- Benefits to manufacturing sector for 04 years and 02 years for other sectors
- Targeted Job Creation; 3.5 Crore jobs
- Schemes Implemented through EPFO
- Schemes has two Parts viz. Part A -(First Timers Employees) and Part B-for employers
- Date of Start of Scheme -1st August2025
- Registration Period: 1st August 2025-31st July 2027

ELI Objectives
- Incentivize additional employment in formal sector and sustain it.
- Catalyze employment generation across all sectors
- Additional Focus on job creation in the manufacturing sector.
- Promote employability and formalization of workforce.
- Strength financial literacy

Benefits of the Scheme

Employee
- Financial support from Government for first timers;
- More Youth in formal workforce;
- Social security benefit coverage for first -timers;
- Financial literacy skills;
- On job training making First-Timers employment
- Improved employability through sustained employment

Industry
- Offset cost of additional job creation;
- Enhanced workforce productivity;
- Incentivize coverage of social security net.

चतरा जिला अन्तर्गत सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों/ संस्थानों /कॉरपोरेट/ कम्पनी तथा औद्योगिक संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों /पहली बार रोजगार पाने वाले युवक/ युवतियों से अपील है कि Employment Linked Incentive (ELI) Scheme का अधिक से अधिक लाभ अवश्य उठाए।
नोटः विशेष जानकारी जिला नियोजन कार्यालय, चतरा तथा EPFO के वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं।


निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी, चतरा।

PR 364684 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।
(नोटिस)



नाम– (1) सद्दाम हुसैन उर्फ लडडू खान, उम्र–35 वर्ष, पिता–अयुब अंसारी, सा0–शाहपुर एवं (2) अंकुश कुमार दुबे, उम्र–करीब 22 वर्ष, पिता–अर्जुन दुबे, सा0–किनी खुटार, दोनों थाना–चैनपुर, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड आप दोनों लोगों को सूचित किया जाता है कि आप दोनों लोग धुरकी थाना कांड सं0–11/2024 दिनांक–18.01.2024, धारा–379, 384, 420, 506, 34, भा0द0वि0 के अप्रा0 अभियुक्त हैं। आप दोनों लोग उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आप दोनों लोगों के विरुद्ध माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगर उँटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–14.10.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–16.10.2025 को आप दोनों लोगों के घर पर उपस्थित गवाहों एवं ग्रामिणों के समक्ष ढोल–बाजे के साथ उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप दोनों लोग अपने–अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आप दोनों लोगों को दिनांक–25.11.2025 तक माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगर उँटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आप दोनों लोगों को सूचित किया जाता है कि आप दोनों लोग दिनांक–25.11.2025 तक माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगर उँटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 364664 (Police) 25-26 (D)

## डिगवाडीह में दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया


सांसद ढुलू महतो के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गरीब का बेटा हमेशा तैयार है : सांसद ढुलू महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** धनबाद भाजपा सांसद ढुलू महतो और पत्नी सावित्री देवी के समक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अब्दुल गफ्फार के नेतृत्व में डिगवाडीह की दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया है। भाजपा में शामिल सभी महिलाओं को सावित्री देवी ने माला पहनाकर स्वागत किया वही पार्टी में शामिल सभी महिलाओं ने सांसद ढुलू महतो को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर सांसद श्री महतो ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र की जनता खास कर महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गरीब का बेटा हमेशा तैयार है। वह सुनिश्चित करेंगे कि महिलाओं को शिक्षित कर रोजगार से जोड़कर नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करें। भाजपा में शामिल महिलाओं में- नाजनी परवीन, शकीला खातून, सुमित्रा देवी, प्रभावती देवी, पूजा देवी, मीरा देवी, रेहाना खातून, उमा देवी, सरस्वती देवी आदि।

## भौंरा में हाइवा मालिक और ग्रामीणों के बीच मारपीट, तीन लोगों पर एफआइआर दर्ज

**पुलिस ने अब तक कई लोगों को हिरासत में लिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** भौंरा ओपी क्षेत्र के परसियाबाद मोड़ पर शनिवार को हाइवा मालिक सह पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव और जेएलकेएम नेता कार्तिक महतो के बीच हुई मारपीट के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और शिव कुमार यादव की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### तीन एफआइआर दर्ज

घटना के बाद भौंरा पुलिस ने तीन अलग-अलग एफआइआर दर्ज की हैं। थाना कांड संख्या 133/25 के तहत कार्तिक महतो के बयान पर पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव, ड्राइवर राजू यादव, चुनमुन यादव और अनिकेत सिंह सहित अन्य पर हमला करने का आरोप लगाया गया है।

वहीं, शिव कुमार यादव ने भी पलटवार करते हुए थाना कांड संख्या 134/25 में कार्तिक महतो, अमर महतो, डब्लू महतो और सुनील सिंह के खिलाफ हाइवा के शीशे तोड़ने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई है।

इसके अलावा, पुलिस ने थाना कांड संख्या 135/25 के तहत सड़क जाम कर रहे लोगों पर उपद्रव, तोड़फोड़ और पुलिस पर पथराव करने का मामला दर्ज किया है। इस एफआईआर में कार्तिक महतो, डब्लू महतो, अमरदीप महतो, अमर महतो, भीम कुमार, सुनील सिंह सहित 40 से 50 अन्य अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है।

**पुलिस की कार्रवाई :** पुलिस ने अब तक कई लोगों को हिरासत में लिया है और लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## चोरी के केबल के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** 17 जुलाई 2025 को बीजीएच के समीप वाले टॉवर से केबल चोरी की घटना पर सेक्टर-4 थाना कांड सेक्टर-78/2025 अंकित किया गया था। उक्त घटना के उदभेदन हेतु निरंततर छापेमारी और आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी। शुक्रवार की रात्रि को सूचना प्राप्त हुआ कि सिटी सेंटर स्थित नटखट के पास वाले टॉवर के पास दो चोर केबल चोरी के नियत से आये हुए हैं तथा रेकि कर रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापमारी दल का गठन कर उक्त स्थल पर भेजा गया तथा छापामारी दल के द्वारा दो व्यक्तियों को केबल काटने के औजार (हेक्सा ब्लैड) के साथ पकडा गया। पुछताछ के बाद उन्होंने बीजीएच अस्पताल के पास के टॉवर से काटे गये केबल को सोनु राम के घर सर्कस मैदान झोपडी से करीब 50 मीटर केबल तार और दो हेक्सा ब्लेड को बरामद किया गया।

गिरफ्तार अपराध कर्मी में सोनु राम, उम्र 18 वर्ष, पिता बेसलाल राम, पता- सर्कस मैदान झोपडी, थाना सेक्टर-4 जिला बोकारो, राहुल बांसफोर, उम्र-19 वर्ष, पिता स्व० मदन बांसफोर, पता- सर्कस मैदान झोपडी, थाना सेक्टर-4 को गिरफ्तार करते हुए सामान को भी जब्त किया गया है। छापामारी दल में सअनि सुनिल मनोहर, सेक्टर-4 थाना, सअनि सुरेश उरांव, सेक्टर- 4 थाना आरक्षी- 550 अनिल सिंह, सेक्टर-4 थाना रिजर्व गार्ड, आरक्षी-600 बब्लू गोप, सेक्टर-4 थाना रिजर्व गार्ड, आरक्षी-939 इलियास अंसारी, सेक्टर-4 थाना शामिल थे।

### फरार वारंटी चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



बोकारो (आजाद सिपाही)। न्यायालय एसीजीएम बोकारो के द्वारा सुनील राम, उर्फ सुनिल डोम, पिता रामचंद्र राम पता- सेक्टर-4 झोपडी, थाना सेक्टर-4 जिला बोकारो का वारंट प्राप्त हुआ, जिसके अवलोकन से ज्ञात हुआ कि इनको उक्त न्यायालय के द्वारा सेक्टर-4 थाना कांड संख्या-32/2013, दिनांक-25.03.2013 धारा-457/380 भादवि में सजा सुनाया गया है। उक्त सुनिल राम उर्फ सुनिल डोम के गिरफ्तारी के लिए निरंतर छापामारी की जा रही थी। इनके बाहर रहने से छठ पर्व के अवसर पर खाली पड़े घरो में चोरी की आशंका बनी हुई थी। उक्त सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस दल के द्वारा सजायाप्ता सुनिल राम उर्फ सुनिल डोम को गिरफ्तार किया गया तथा इसका पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है।

## जिला उपायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, दिये आवश्यक निर्देश



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

## चिरकुंडा में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने छठ व्रतियों के बिच बांटे गेंहू और नारियल



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर चिरकुंडा शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह द्वारा शुक्रवार की सुबह से गेंहू एवं नारियल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के सौजन्य से छठवर्तियों के बिच गेहूं एवं नारियल का वितरण किया जा रहा है। ताकि छठवर्तियों को छठ का प्रसाद ठेकुआ बनाने में उनको सहयोग मिल सके। इसके अलावा नारियल, कद्दू, सहित अन्य समाग्री का वितरण निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान काफी संख्या में छठवर्ती एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## पिता की बरसी पर आरटीआइ कार्यकर्ता और उसकी माता ने स्कूली बच्चों को दिया पाठ्य सामाग्री



कतरास (आजाद सिपाही)। अपने पिता की बरसी पर आरटीआई कार्यकर्ता सह पत्रकार अरबिंद सिन्हा व उसकी माता उर्मिला देवी ने स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। आरटीआई कार्यकर्ता व उसकी माता ने अपने नजदीकी विद्यालय (प्राथमिक विद्यालय बंगला बालक) में दर्जनों बच्चों के बीच अंग्रेजी ग्रामर, कलर पेंसिल, कलम व चॉकलेट दिया। बताया गया कि आगामी छठ पूजा के कारण बच्चों की उपस्थिति कम थी। स्कूल के प्रधानाध्यापक युधिष्ठिर रजक ने कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा से न केवल देश की तरक्की होती है बल्कि मनुष्य में भी सकारात्मक विकास होता है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी वे अपने पिता की बरसी पर अपनी मां के साथ स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री व चॉकलेट वितरण किये। मौके पर शिक्षिका चित्रा कुमारी, दिलीप सर अविकल सिन्हा, अविनाश सिंह आदि उपस्थित थे।

## नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट-एसबीआइ ने स्वास्थ्य और जागरूकता शिविर आयोजित किया

धनबाद (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में खरनागाढ़ा आंगनबाड़ी केंद्र धनबाद में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण एवं शहरी सीमांत क्षेत्रों के बच्चों, युवाओं और परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने तथा स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थैरेपी, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट परामर्श तथा स्वास्थ्य मार्गदर्शन जैसी सेवायें नि:शुल्क प्रदान की गईं।

## झारखंड इ-रिक्शा टोटो संघ ने एसएसपी धनबाद को सौंपा ज्ञापन

धनबाद। शुक्रवार को झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धनबाद प्रभात कुमार से शिष्टाचार भेंट कर ई-रिक्शा चालकों के आधार एवं क्यूआर कोड आधारित पंजीकरण और सत्यापन प्रणाली लागू करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। संघ ने एसएसपी को अवगत कराया कि धनबाद शहर में प्रतिदिन हजारों ई-रिक्शा चालक सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें से कई का सत्यापित रिकॉर्ड और पहचान उपलब्ध नहीं है। वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद प्रभात कुमार ने कहा कि यह प्रणाली न केवल शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी एक आदर्श मॉडल बन सकती है।

## नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ धरना

**बीसीसीएल में ठेकेदार के अधीन चालक के रूप में कार्यरत राजेंद्र साहनी की गुरुवार को हुई मौत के मामले में शुक्रवार को भी आंदोलन जारी रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/जोड़ापोखर।** बीसीसीएल में ठेकेदार के अधीन चालक के रूप में कार्यरत राजेंद्र साहनी (50 वर्ष) की गुरुवार को हुई मौत के मामले में शुक्रवार को भी आंदोलन जारी रहा। ठेका वाहन चालक एसोसिएशन के बैनर तले वाहन चालक और मृतक के परिजन बीसीसीएल के लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर शव रखकर धरने पर बैठे हैं। वे मृतक के आश्रित को नियोजन व बीस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर तक प्रबंधन की ओर से वार्ता के लिए किसी तरह की पहल नहीं की गयी है।

नेतृत्व कर रहे एसोसिएशन के नेता सुरेश माली ने कहा कि कोयला चोरों के मरने पर प्रबंधन नियोजन और 20 लाख तक का मुआवजा भुगतान किया है। मृतक राजेंद्र अधिकारियों को लेकर कंपनी के कार्यस्थल तक आना-जाना करते थे। फिर मृतक के आश्रित को मुआवजा व नियोजन देने में पहल क्यों नहीं की जा रही है। प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा।

मालूम हो कि मृतक राजेंद्र आरएस इंटरप्राइजेज नामक कंपनी के संवेदक ललन सिंह के निजी वाहन का चालक था। संवेदक की वाहन बीसीसीएल के अधीन चलती है। गुरुवार को चालक राजेंद्र परियोजना पदाधिकारी एसके सिन्हा को लेकर जाने के क्रम में तबीयत खराब हो गयी। पीओ ने तत्काल राजेंद्र को जियलगोरा अस्पताल ले गये, जहां गंभीर स्थिति को देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। धनबाद ले जाने के क्रम में चालक राजेंद्र की रास्ते में मौत हो गयी। मृतक कुसुम विहार धनबाद में रहता है। घटना के बाद मृतक की पत्नी सरिता देवी, पुत्र संदीप निषाद, अनिल निषाद, पुत्री पूजा साहनी और निशा साहनी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मौके पर बबलू खान, धर्मेंद्र पासवान, संतोष सिंह, प्रदीप वर्मा, आरिफ अंसारी, संजय कुमार आदि थे।

## पिंटू सिंह ने छठ पर ट्रेनों में अप्रत्याशित भीड़ को लेकर डीआरएम से अतिरिक्त कोच लगाने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य सह धनबाद जिला जदयू के जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह शुक्रवार को धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा से मिले। पिंटू कुमार सिंह ने डीआरएम अखिलेश मिश्रा से कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बिहार जाने वाली ट्रेनों में अप्रत्याशित भीड़ हो रही है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिहार जाने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का मांग किया ताकि रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने उक्त मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए कहा कि रेलवे प्राथमिकता के तौर पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करते आ रही है। उन्होंने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्या की समाधान के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पिंटू कुमार सिंह को समस्या समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। उक्त मौके पर जदयू पार्टी के धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे मौजूद थे।

### यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर एआरएम ने किया निरीक्षण



बोकारो (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल द्वारा छठ पर्व के अवसर पर यात्री-सुविधा, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु शुक्रवार को बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर एक विशेष मीडिया टूर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय रेल प्रबंधक (एआरएम) बोकारो, विनीत कुमार ने किया। इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों को स्टेशन पर की गयी विभिन्न व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी गयी। बताया गया कि छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु कुल 36 ट्रेनें आद्रा मंडल क्षेत्र से होकर गुजरेंगी, जिनमें से 16 जोड़ी ट्रेनें मुख्यतः बोकारो स्टील सिटी स्टेशन से होकर गुजरेंगी। इन ट्रेनों के सुचारू संचालन एवं भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किये गये हैं। गौरतलब है कि भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 7,724 थी।

## विधायक राज सिन्हा ने छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के उपलक्ष्य में झारखंड विधानसभा के सचेतक और धनबाद विधायक राज सिंह ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धनबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के विभिन्न क्षेत्रों में मनईटांड़ कुम्हार पट्टी, मटकुरिया दुर्गा मन्दिर प्रांगण में, धोवाटांड , गोधर काली बस्ती, केंदुआडीह राजपूत बस्ती, केंदुआ 5 नंबर चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण मे, करकेंद सुदामडीह कॉलोनी, भागाबांध बस्ती, भूली सी ब्लाक, बेकारबांध दुर्गा मंडप में स्थानीय महिलाओं के बीच बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का वितरण किया। मेगा स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा ने छठ व्रतियों के बीच शुक्रवार को लगभग 5 हजार साड़ियों का वितरण किया।

विधायक श्री सिन्हा ने माता बहनों के बीच साड़ी प्रदान करते हुए कहा कि छठ महापर्व हमारे लोक जीवन, संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व मातृशक्ति, संयम, श्रद्धा और प्रकृति के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। ऐसे अवसर पर व्रतियों की सेवा करना अपने आप में सौभाग्य की बात है।

इस अवसर पर भाजपा भाजपा के जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, निवर्तमान पार्षद अशोक पाल, सूरज पासवान, किशोर मंडल, संजय कुशवाहा, निरज सिन्हा सहित हजारों महिलाएं उपस्थित थी।

## झारखंड राज्य सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में आयोजित 13वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का दूसरा दिन बोकारो के सेक्टर-04 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। राज्य के विभिन्न जिलों से आये युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। बालक वर्ग के मुकाबलों में रांची, हजारीबाग एवं चतरा की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो जीत दर्ज की, जिससे उन्होंने प्रतियोगिता में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन संयम, गति और रणनीति का परिचय देते हुये दर्शकों को रोमांचक पल दिये।

बालिका वर्ग में चतरा, कोडरमा, बोकारो, गढ़वा, साहेबगंज, देवघर एवं रांची की टीमों ने अपने-अपने पहले मुकाबले में जीत हासिल कर प्रतियोगिता में सशक्त शुरूआत की। खिलाड़ियों के दमदार खेल और टीम भावना ने आयोजन स्थल पर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और परस्पर सहयोग का परिचय दिया। आयोजन समिति एवं निर्णायकों ने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साह और समर्पण झारखंड राज्य में खेल प्रतिभा की गहराई को दशार्ता है। इस दौरान सेक्टर-04 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में दर्शकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों की भारी उपस्थिति रही। सभी ने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।


**राँची समाहरणालय, राँची (जिला भू-अर्जन शाखा)**

भू–अर्जन वाद सं0–09/2008–09

ज्ञापांक.............
दिनांक.............

**नोटिस**

1. श्रीमती गीता देवी W/O स्व0 बाल चन्द साहु
2. श्री रवि किरण साहु S/O जयनन्दन साहु

पता–हराटांड पो0–डोरण्डा, थाना–डोरण्डा, जिला–राँची।

बजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची में दायर Cont. Case (civil) No.-752/2025, WP (C) No-1641/2021 Sudha @ Sudha Singh v/s The state of Jharkhand & Ors. में आवेदिका सुधा उर्फ सुधा सिंह को बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना अन्तर्गत मौजा–हेथु, खाता सं0–14, प्लॉट सं0–1200, रकबा–17.5 डी0 भूमि का मुआवजा भुगतान हेतु आदेश पारित है। पारित आदेश के आलोक में कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से स्पष्ट है कि मौजा–हेथु, खाता सं0–14, प्लॉट सं0–1200, कुल अर्जित रकबा–0.42 ए0 भूमि के विरूद्व आपलोगो के द्वारा 0.2479 ए0 भूमि का मुआवजा राशि प्राप्त कर लिया गया है जबकि आपकी प्रभवित भूमि 0.07 एकड़ है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि दिनांक–31.10.2025 तक परियोजना अन्तर्गत मौजा–हेथु, खाता सं0–14, प्लॉट सं0–1200, अतिरिक्त रकबा–0.1779 ए0 भूमि का राशि 15,11,010.00 (पन्द्रह लाख ग्यारह हजार दस) रूपये जिला भू–अर्जन कार्यालय राँची मे जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

PR 364663 Land Reforms (25-26)_D

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**दर (कोटेशन) आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत साफ–सफाई व्यवस्था दुरूस्थ करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर ट्रॉली के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/पंजीकृत संस्था/संवेदक से सीलबंद लिफाफा में दर (सभी कर सहित) आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक कोटेशनदाता निर्धारित तिथि को नगर परिषद, गुमला कार्यालय में अपना कोटेशन दे सकते है।

| Sl No. | Particulars | Date |
|---|---|---|
| 1 | Date of receiving of sealed Quotation | 01.11.2025 at 03.00 PM |
| 2 | Date and time of opening of Quotation | 01.11.2025 at 03.30 PM |
| 3 | Place of receiving and opening of Quotation | Executive Officer, Nagar Parishad, Gumla |

**Trolley Specification :**
(Length : 114", Breadth : 72" and Height : 24" ), (Chasis : 6"), (Sheet : 4mm Tata Sheet ), (Other Sheet : 12 Gauge Tata Sheet), (Jack : 15 TAN Hi Speed)

**TERMS AND CONDITIONS**
1. कोटेशन में भाग लेने वाले व्यक्ति/संस्था/संवेदक को निविदा के साथ निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिर्टन (पिछला तीन वर्ष का), पैन कार्ड संख्या, जी0 एस0 टी0 निबंधन पत्र, अद्यतन जी0एस0टी0 Clearance प्रमाण–पत्र पिछले तीन माह या अंतिम क्वार्टर का प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. अधूरी अथवा विलंब से प्राप्त दरें स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. व्यक्ति/संस्था/संवेदक द्वारा कोट किये जाने वाला दर में सभी प्रकार का खर्च यथा : ईंधन खर्च, वाहन खर्च, मजदूरी, कचड़ा उठाव खर्च इत्यादि सन्निहित होगा।
4. निविदा डालते समय लिफाफा के ऊपर निविदा का शीर्षक तथा पता स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा।
5. आपात स्थिति में जानमाल की सुरक्षा हेतु आवश्यक उपयुक्त मशीनरी/संयत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी कोटेशनदाता की होगा।
6. आपूर्त्ति के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सम्पूर्ण जिम्मेवारी चयनित कोटेशनदाता की होगी। इसके लिये अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।
7. सशर्त्त एवं अस्पष्ट निविदा मान्य नहीं होगा।
8. वैसे संवेदक निविदा में भाग नहीं लेंगे, जिनका राज्य सरकार के किसी भी विभाग के साथ धोखाधड़ी का मामला चल रहा है। भविष्य में यदि उनसे संबंधित किसी प्रकार का मामला प्रकाश में आता है तो सारी जबाबदेही संवेदक ही होगी एवं विभाग कानूनी कार्रवाई हेतु सक्षम होगा एवं संवेदक द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
9. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लिया गया निर्णय ही मान्य होगा।
10. आवंटन उपलब्ध रहने पर आपूर्त्तिकर्त्ता को आपूर्त्ति के विरूद्ध विपत्र का भुगतान किया जायेगा। विलम्ब के लिए अलग से कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। यदि मान्य हो तो ही संवेदक निविदा डालें।
11. किसी भी अवरोध या अदृश्य कारणों से संवेदकों को हुई क्षति का दावा मान्य नहीं होगा।
12. निविदा से संबंधित किसी भी वाद का निबटारा स्थानीय न्यायालय, गुमला में ही होगा।

PR 364703 District(25-26).D

प्रशासक
नगर परिषद, गुमला

# झारखंड का वाइल्ड वादी पार्क जहां खुशियां दोगुनी हो जाती हैं

- सिस्टम की अव्यवस्था के कारण मां को खोया, टूट चुके शैलेंद्र ने तय किया कुछ बड़ा करूंगा
- चुनौतियों से लड़ कर खुद को स्थापित किया, वाइल्ड वादी पार्क के मालिक शैलेंद्र जायसवाल ने
- कहते हैं : पैसों से नहीं, सकारात्मक सोच से मिलती है बिजनेस और जिंदगी में सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगर किसी व्यक्ति के पास मेहनत, लगन और दृढ़ निश्चय हो तो सफलता खुद उसके कदमों को चूमती है। इस कहावत को अपनी जिंदगी में साकार किया है, झारखंड की राजधानी रांची के टुपुदाना स्थित, प्रसिद्ध वाइल्ड वादी वाटर पार्क के ओनर शैलेंद्र जायसवाल ने। उन्होंने **आजाद सिपाही** से विशेष बातचीत में अपने संघर्ष, जीवन दर्शन और बिजनेस के विजन को साझा किया। शैलेंद्र जायसवाल की कहानी केवल एक पार्क बनाने तक ही सिमित नहीं है, बल्कि यह कहानी है एक व्यक्ति के संघर्ष, धैर्य और विश्वास की, जिसने जीवन के सच्चे और बेहतर रास्ते को चुना और कामयाबी की नयी मिसाल स्थापित की।






## वाइल्ड वादी की रचना

जायसवाल बताते हैं कि पैसा कमाने के दो रास्ते होते हैं, एक गलत और एक सही। मैंने सही रास्ता चुना और वाइल्ड वादी का निर्माण किया। आज यह झारखंड का सबसे बड़ा मनोरंजन का केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली या उत्तराखंड में जहां वाटर पार्क और अन्य एडवेंचर पार्कों के टिकट का दाम 1500 रुपये तक है, वहीं उन्होंने झारखंड के लोगों के लिए इसे 250 से 300 रुपये के बीच रखा, ताकि हर वर्ग के लोग आनंद उठा सकें। उन्होंने बताया कि वाइल्ड वादी का यूएसपी यही है कि यह केवल वाटर पार्क नहीं बल्कि मल्टी-थीम पार्क है। ट्रैंपोलिन पार्क, बर्ड पार्क, फ्लावर पार्क, नाइट लाइट पार्क और जिप लाइन सहित कई कॉन्सेप्ट एक ही छत के नीचे मौजूद हैं। इस मॉडल को बनाना इतना आसान नहीं था, पर उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लिया। शुरुआत में स्टाफ को विश्वास नहीं हुआ कि यह साल भर भी चलेगा, लेकिन आज यह पार्क लगातार तीन वर्षों से एक भी दिन बंद नहीं हुआ है। खराब मौसम में भी कम से कम 200 से 300 लोग पहुंचते हैं।

**तय किया कि जीवन में कुछ बड़ा करूंगा :** शैलेंद्र जायसवाल का झारखंड से गहरा जुड़ाव है। उनके पिता समस्तीपुर (बिहार) से थे और टेल्को में इंजीनियर के पद से कार्यरत रहे। उनकी मां छपरा से थीं और शिक्षिका थीं। शैलेंद्र का बचपन रांची में बीता। वह बताते हैं, मैं तीन साल की उम्र में रांची आ गया था। यहीं पला बढ़ा, यह शहर मेरे जीवन का हिस्सा है। लेकिन मां की असमय मृत्यु ने उन्हें भीतर से झकझोर दिया। उनका कहना है कि उनकी माता को 18 सितंबर 1993 को अचानक ब्रेन हैमरेज का अटैक आया, उस दिन करीब दस न्यूरो सर्जन के सामने परिवार वालों ने हाथ पैर जोड़े कि मां को एडमिट कर लिया जाये। डॉक्टर के पास 72 घंटे थे उन्हें बचाने के लिये, लेकिन उस दिन मेडिकल स्ट्राइक होने के कारण किसी भी डॉक्टर ने एडमिट नहीं लिया और मेरी मां इस दुनिया से चली गयी। वह हताश हो चुके थे। उस दिन शैलेंद्र ने समझा कि अगर व्यवस्था सही नहीं हो, तो इंसान के जीवन की कोई कीमत नहीं। मात्र 14 वर्ष की उम्र में उन्होंने जीवन की कठोर वास्तविकताएं महसूस कीं। वह कहते हैं कि पैसा बहुत जरूरी चीज है। उससे 99% समस्याएं हल हो जाती हैं। मेरे पिता ईमानदार थे, लेकिन संसाधन सीमित थे। मैंने तय किया कि जीवन में कुछ बड़ा करूंगा।

**साइंटिफिक एस्ट्रोलॉजी में भी गहरी पकड़ :** शैलेंद्र की आर्थिक यात्रा बेहद रोचक है। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद वह दुबई और फिर यूरोप पहुंचे। वहां उन्होंने बिजनेस में सफलता हासिल की। साथ ही ज्योतिष विज्ञान यानी साइंटिफिक एस्ट्रोलॉजी में भी गहरी पकड़ बनायी। उन्होंने बताया कि हमारे क्लाइंट भारत और विदेश के ब्यूरोक्रेट्स, पॉलिटिशियन और इंडस्ट्रियलिस्ट तक हैं। हम कॉन्ट्रैक्ट बेस काम करते हैं। हमारी फीस 51,000 रुपये से शुरू होती है। हम वैज्ञानिक आधार पर ज्योतिष को देखते हैं, अंधविश्वास से नहीं। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि राजनीति से जुड़े कई बड़े नेता उनसे सलाह लेने आते हैं। हम उन्हें सफलता के सही समय और रणनीति बताते हैं, मगर धोखा या शॉर्टकट कभी नहीं देते।

**जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं जायसवाल :** जब वह विदेश में सफतला की गाड़ी पर सवार थे, तो वाइल्ड वादी जैसा प्रोजेक्ट भारत में, विशेष कर झारखंड में ही क्यों? इस पर वह कहते हैं विदेश में सब कुछ था, लेकिन सुकून नहीं। मैं लिट्टी-चोखा और झारखंड की मिट्टी से जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं। रांची और जमशेदपुर के बीच जब यात्रा करता था, तो दोनों ओर खाली पड़ी जमीन देखकर लगता था कि यहां टूरिज्म इंडस्ट्री विकसित की जा सकती है। झारखंड में मनोरंजन उद्योग का स्कोप बहुत बड़ा है। लोग शाम को होटल या रेस्त्रां जाते हैं, लेकिन सस्ते और पारिवारिक मनोरंजन के लिए जगह नहीं थी। हमने यह कमी पहचानी और वाइल्ड वादी का निर्माण किया। शैलेंद्र कहते हैं की बिजनेस का मतलब सिर्फ पैसा कमाना नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं को समझना है। यदि आपका प्रोडक्ट उनके दिल को छू जाये तो भीड़ अपने आप ही आती है।

## चुनौतियों से निपटा, वाइल्ड वादी पार्क में बसा है संपूर्ण भारत : शैलेंद्र जायसवाल

शैलेंद्र का कहना है कि वाइल्ड वादी को स्थापित करने में कई मुश्किलें आयीं। भूमाफियाओं और रंगदारों से धमकियां मिलीं लेकिन वह पीछे नहीं हटे। उनका कहना है कि लोग रंगदारी मांगते थे, लेकिन हमने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने उसी समय तय कर लिया कि अगर रंगदारी देना पड़ा तो राज्य छोड़ दूंगा, लेकिन जुल्म नहीं सहूंगा। उन्होंने कहा हम टैक्स भी दें, रोजगार भी उत्पन्न करें और रंगदारी भी दें। यह कहां का न्याय है। उन्होंने कहा कि शुरू में हमारे ऊपर झूठे आरोप भी लगे, लेकिन हम कभी घबराये नहीं। वाइल्ड वादी की लोकप्रियता इतनी बढ़ी कि वीकेंड पर 5000 से अधिक लोग आने लगे। इसका प्रबंधन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनके अनुशासन और टीमवर्क ने स्थिति संभाल ली। वह बताते हैं, हमारे पार्क में भारत चलता है। स्टाफ में मराठी, बंगाली, मुस्लिम, क्रिश्चियन, सरना और गुजराती सभी हैं। हम प्रतिभा को जाति या धर्म से नहीं, बल्कि ईमानदारी और लगन से मापते हैं।

## सफाई, सुरक्षा और सेवा का संकल्प

शैलेंद्र बताते हैं कि हमने 500 से अधिक डस्टबिन लगाये हैं, फिर भी सफाई की चुनौती रहती है। लोग अगर थोड़ा सहयोग करें, तो हम इसे और सुंदर बना सकते हैं। हमारा पार्क साफ-सुथरा है, यह हमारी प्राथमिकता है। वह सरकार से बेहतर बिजली व्यवस्था और सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग करते हैं ताकि पर्यटकों और महिलाओं को सुविधा हो। हम सरकार को टैक्स देते हैं, हमें दिन में निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए। झारखंड में टूरिज्म बढ़ेगा तो राजस्व भी बढ़ेगा।

## वाइल्ड वादी का विस्तार और इनोवेशन

वाइल्ड वादी केवल एक पार्क तक सीमित नहीं। अब इसका विस्तार बोकारो, देवघर, जमशेदपुर और हजारीबाग में किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में 100 वाटर पार्क खोलने की योजना है। जायसवाल कहते हैं कि हमारा लक्ष्य अगले 10 वर्षों में 100 से अधिक पार्क खोलने का है। हर पार्क से सालाना 1 करोड़ रुपये की आमदनी होगी। यानी झारखंड में रोजगार के हजारों अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि अब वाइल्ड वादी मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में भी उतर गया है। कंपनी ने रेडीमेड फाइबर स्विमिंग पूल का पहला मॉडल तैयार किया है। पहले ईंट से बनने वाले पूल में 50 लाख रुपये और छह महीने लगते थे। अब हम गड्ढा खोदिए और तैयार पूल डाल दीजिए। हमने यह मॉडल बोकारो में बनाया और देवघर में सफलतापूर्वक इंस्टॉल भी किया है।

## युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन

शैलेंद्र जायसवाल झारखंड के युवाओं को संदेश देते हैं कि धंधा पैसों से नहीं, सोच से होता है। मेरे पास जो भी युवा नया कॉन्सेप्ट लेकर आएगा, वाइल्ड वादी लीजर प्राइवेट लिमिटेड उसमें इन्वेस्ट करेगी। शर्त केवल एक है कि कॉन्सेप्ट नया और झारखंड के विकास से जुड़ा होना चाहिए। वह कहते हैं, झारखंड के युवाओं में मेहनत की कमी नहीं है, कमी है स्मार्टनेस और एक्सपोजर की। लोग नया नहीं सोचते, बस दूसरों की नकल करते हैं। अगर किसी ने होटल खोला तो दूसरा भी होटल खोल लेता है। यह बिजनेस नहीं, कॉपी है। शैलेंद्र कहते हैं कि सरकारी नौकरी के पीछे भागना बंद कीजिए। किसी भी सरकार में लाखों रोजगार नहीं मिल सकते। झारखंड में बिजनेस पॉलिसी स्पष्ट हो, तो यहां का युवा करोड़ों का टर्नओवर बना सकता है।

# भारत बंदूक तान कर डील नहीं करता है : पीयूष गोयल



**बर्लिन।** कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका ट्रेड डील को लेकर शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे और सिर पर बंदूक रखकर डील नहीं करता है। जर्मनी में बर्लिन डायलॉग में उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ और अमेरिका समेत देशों और क्षेत्रों के साथ ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है। गोयल ने कहा कि किसी भी ट्रेड डील को लॉन्ग टर्म नजरिए से देखा जाना चाहिए। भारत कभी भी जल्दबाजी में या किसी आवेश में आकर फैसला नहीं करता है। हाई टैरिफ से निपटने के लिए भारत नए मार्केट की तलाश भी कर रहा है। अपनी शर्तों पर डील करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ट्रेड डील हमेशा लॉन्ग टर्म नजरिए से की जाती है। यह सिर्फ टैरिफ या सामान और सर्विस तक पहुंच के बारे में नहीं है, यह भरोसे और रिश्ते के बारे में भी है। लंबे समय के लिए ट्रेड डील सिर्फ टैरिफ से कहीं ज्यादा होती हैं और हम सिर्फ आज के मुद्दों और टैरिफ पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा- भारत हमेशा राष्ट्रीय हित के आधार पर ही फैसले करता है कि उसके मित्र कौन होंगे? अगर कोई कहे कि आप यूरोपीय संघ के दोस्त नहीं रह सकते या केन्या के साथ काम नहीं कर सकते, तो मैं यह मंजूर नहीं करूंगा।

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Pankaj Kumar Prop.
Festival Offer 20% Off
PERFECT JEANS
All Men's Wear
Piska More, Ranchi,
6203505097/6203392926

UC URBAN CLASSES
URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulations!
95.8% 12th PCM in 3 month
DPS Ranchi
Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH
FOREIGN LANGUAGES
FRENCH
SPANISH
RUSSIAN
GERMAN
KOREAN
JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur
Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

VACCINE HOUSE वैक्सीन हाउस
Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
Newborn
Adult
Pregnant Woman
Senior Citizen
Painless Vaccines
Varicella MMR
Influenza Hepatitis A
Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
100% ओरिजिनल प्रोडक्टस
100% कोल्ड चेन मेंटेंड स्टोरेज
प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

# पाकिस्तान में 600 रुपये किलो टमाटर

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में टमाटर 600 रुपए किलो में बिक रहा है। यह कीमत पाकिस्तानी रुपए में है। कुछ दिन पहले यह 50 से 100 रुपये किलो में बिक रहा था। कीमतें करीब 400% बढ़ गयी है। टमाटर के दाम बढ़ने का कारण अफगानिस्तान के साथ तनाव है। बॉर्डर पर 11 अक्टूबर से चल रहे तनाव की वजह से टोर्कहम और चमन जैसी क्रॉसिंग बंद हैं। इससे व्यापार ठप हो गया है। अफगानिस्तान से आने वाले टमाटर के ट्रक रुके हुए हैं, जिससे कराची, लाहौर और इस्लामाबाद जैसे शहरों में सप्लाई चेन टूट गयी। लगभग 5,000 कंटेनर दोनों तरफ फंसे हैं। इस्लामाबाद में टमाटर बेचने वाले मोहम्मद इमरान ने अरब न्यूज को बताया कि अफगानिस्तान से सप्लाई पूरी तरह रुक चुकी है। अब ये ईरान, सिंध और क्वेटा से आ रहा है। सप्लाई बहुत कम हो गई है। पहले अफगानिस्तान से रोजाना 80 से 120 ट्रक टमाटर आते थे। वहीं इस्लामाबाद के जी-9 सब्जी मार्केट के एक कस्टमर शान मसीह ने कहा- हम समझ ही नहीं पा रहे ये क्या हो गया।

## पाकिस्तान को पानी नहीं देगा अफगानिस्तान

**काबुल।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। अफगान सूचना मंत्रालय ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सूचना मंत्रालय ने बताया कि तालिबान के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने कुनार नदी पर जल्द से जल्द बांध बनाने का आदेश दिया है। मंत्रालय के उपमंत्री मुहाजिर फराही ने गुरुवार को बताया कि पानी और ऊर्जा मंत्रालय को घरेलू कंपनियों को ठेका देकर बांध निर्माण जल्दी शुरू करने को कहा गया है। विदेशी कंपनियों का इंतजार नहीं करना है। अफगानिस्तान ने यह फैसला हाल में हुए संघर्ष के बाद लिया है।

### जमशेदपुर में मनायी गयी श्रीकृष्ण बाबू की जयंती

# विकास पुरुष थे श्रीकृष्ण बाबू : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान में शुक्रवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिन्हा की जयंती मनायी गयी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि चतरा से बीजेपी सांसद कालीचरण सिंह शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व आइजी और वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह मौजूद रहे। इस दौरान श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान की ओर से श्री कृष्ण बाबू को भारत रत्न दिये जाने की मांग उठी। कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने डॉ श्रीकृष्ण सिन्हा की जीवनी एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बिहार में औद्योगिक क्रांति के जनक थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक उद्योगों एवं फैक्ट्रियों की स्थापना की। उन्होंने बताया कि डॉ श्रीकृष्ण सिन्हा एक दूरदर्शी एवं सर्वसमावेशी नेता थे, जिन्होंने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य किया। वह विकास पुरुष थे और विकास पर ही विश्वास करते थे। देवघर में अति पिछड़े वर्ग के लोगों को मंदिर में प्रवेश से रोके जाने की प्रथा का उन्होंने कड़ा विरोध किया था। उन्हें पूजा-अर्चना का अधिकार दिलाने में सफल रहे। किसानों और श्रमिकों के हित में उन्होंने कई ऐतिहासिक कदम उठाये। उनका पूरा जीवन समाजसेवा, समर्पण और विकास के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र के ढेरों विकास कार्य किये।

WIG HOUSE
Before After
OUR PRODUCTS & SERVICES
Non Surgical Hair Replacement
Hair Weaving
Hair Patch Servicing
Clip in hair Extensions
Tape in Hair Extensions
Pre Bonded Hair Extensions
Micro Bead Hair Extensions
Wefted Boundles
Closure
Frontal
360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
Cancer Patient Wigs
Full Lace Wigs
Front Lace Wigs
Mono Silk Topper
2nd Floor, Beside Novelty Shop,
GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**